# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 9 अप्रैल 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 315 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1667 : पेरिस में पहली पब्लिक आर्ट प्रदर्शनी लगाई गई।
1838 : लंदन में नेशनल आर्ट गैलरी खोली गई।
1893 : हिन्दी के प्रमुख साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन का जन्म।
1948 : भारतीय अभिनेत्री जया बच्चन का जन्म।
1965 : भारतीय और पाकिस्तान की सेना के बीच 1965 में कच्छ के रण में लड़ाई छिड़ी।
1972 : सोवियत संघ और इराक ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए।
1988 : अमेरिका ने पनामा पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये।

# 1373 माध्यमिक आचार्यों की होगी नियुक्ति

## हेमंत सोरने की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 14 एजेंडों पर लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 14 प्रस्तावों पर मुहर लगी। झारखंड में 1373 माध्यमिक आचार्यों की नियुक्ति के प्रस्ताव को कैबिनेट से स्वीकृति मिली है। पुनरीक्षित पुनर्वास नीति-2012 को 2027 तक के लिए अवधि विस्तार दिया गया है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की दर में संशोधन किया गया है। इसे चार फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। झारखंड मंत्रालय के मंत्रिपरिषद सभागार में कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई।




**1373 माध्यमिक आचार्यों के पद सृजन की स्वीकृति**

झारखंड के सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संवर्ग तथा सरकारी +2 विद्यालय शिक्षक संवर्ग के क्रमशः रिक्त 9,470 एवं 797 पद में से क्रमशः 8,650 एवं 250 पद, कुल 8,900 पदों का प्रत्यर्पण एवं 510 सरकारी +2 विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य संवर्ग के आवश्यकता आधारित 1373 माध्यमिक आचार्यों के पद सृजन की स्वीकृति दी गयी है।

**ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को स्वीकृति**

झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना की स्वीकृति दी गयी। झारखंड अवर शिक्षा सेवा संवर्ग (प्राथमिक शाखा) के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग -2 (निरीक्षी शाखा) के पद पर प्रोन्नति की स्वीकृति दी गयी है।

**औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए स्पेन एवं स्वीडन यात्रा और उसके खर्च की स्वीकृति**

झारखंड कैबिनेट ने सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिकतम क्लेम की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को इंडियन पब्लिक हेल्थ के मानक के अनुरूप करने के लिए अस्पताल प्रबंधन के लिए मार्ग-निर्देश जारी करने की स्वीकृति दी। झारखंड में औद्योगिक निवेश को आकर्षित/प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के स्पेन एवं स्वीडन यात्रा तथा इससे संबंधित व्यय की स्वीकृति दी गयी।

**अंशकालीन शिक्षकों से कार्य लिए जाने के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य के लिए तात्कालिक व्यवस्था के तहत अंशकालीन शिक्षकों से कार्य लिए जाने के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी है। दूरसंचार विभाग (भारत सरकार) के दूरसंचार अधिनियम-2023 के आलोक में अधिसूचना संख्या-534 दिनांक 17।09।2024 द्वारा अधिसूचित दूरसंचार (मार्ग के अधिकार) नियम-2024 को लागू करने की स्वीकृति दी गयी।

# बदलेगा झामुमो का संविधान

## पार्टी पदाधिकारियों को सशक्त बनाने पर हो रहा विचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन इस दफा खास होगा। 14-15 अप्रैल को होने वाले महाधिवेशन में कई नये आयाम जुड़ेंगे। पार्टी के संविधान में भी संशोधन होगा। सोमवार को पार्टी द्वारा गठित संविधान संशोधन कमेटी की बैठक हुई। संविधान संशोधन कमेटी की बैठक में मंत्री सुदिव्य कुमार, योगेंद्र प्रसाद, विनोद पांडेय, अभिषेक प्रसाद, सांसद विजय हांसदा और फागू बेसरा शामिल हुए। संशोधन कमेटी ने पार्टी के कई प्रावधान पर मंथन किया। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए संवैधानिक पहलुओं पर चर्चा हुई।

**पार्टी पदाधिकारियों को सशक्त बनाने पर हो रहा विचार**

पंचायत से जिला कमेटी की सांगठनिक क्षमता को बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन को प्रस्ताव सदस्यों द्वारा लाये गये। जानकारी के मुताबिक कमिटी पार्टी के संविधान में करीब एक दर्जन संशोधन का प्रस्ताव लेकर आयेगी। पंचायत और जिला कमिटी के अधिकार को लेकर संविधान संशोधन कमिटी ने मंथन किया। इसके साथ ही पार्टी के पदाधिकारी को सशक्त बनाने पर विचार हो रहा है।




**संविधान में बदलाव पर पूरी पार्टी की ली जायेगी सहमति**

पार्टी महासचिव ने कहा कि पूरे झारखंड में झामुमो बड़ी राजनीतिक ताकत बना है। हमें जनता का लगातार प्यार मिल रहा है। पार्टी पर आदिवासी-मूलवासी का विश्वास बढ़ा है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्ग दर्शन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमारा विस्तार हो रहा है। ऐसे में एक-एक कार्यकर्ता की जवाबदेही बढ़ी है। हमारी कोशिश है कि पार्टी के पदाधिकारी व नेता जनता के प्रति ज्यादा से ज्यादा उत्तरदायी बने। पार्टी के विधायक और सांसद भी सांगठनिक काम में अपनी भूमिका को और तेज करेंगे। इन सारी चीजों को संविधान संशोधन के माध्यम से समाहित किया जायेगा।

**संविधान संशोधन को ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने में जुटी कमेटी**

इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि कमेटी संविधान संशोधन को लेकर ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने में लगी है। संविधान संशोधन का प्रस्ताव महाधिवेशन में पेश किया जा येगा। संविधान संशोधन के एक-एक बिंदुओं पर चर्चा होगी। महाधिवेशन में पारित होने के बाद ही यह पार्टी के अंदर कानून माना जायेगा। हमारी कोशिश है कि संगठन को सशक्त करने की दिशा में काम हो। बदली परिस्थिति में पार्टी को व्यापक बनाने के लिए संविधान में बदलाव जरूरी है। लेकिन इसमें पूरी पार्टी की सहमति ली जायेगी। कमेटी संभावित सुझाव ही दे सकती है।

# भारत बना आईफोन निर्यात का हब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्मार्टफोन का निर्यात किया है। 2023-24 की तुलना में यह 54 फीसदी अधिक है। इसमें अकेले एपल का हिस्सा 1.50 लाख करोड़ रुपये है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर कहा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कारण यह संभव हुआ है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा, निर्यात में वृद्धि से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। भारत के छोटे एवं मझोले उद्योग यानी एमएसएमई वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क का हिस्सा बन रहे हैं। इससे स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण परिवेश तेजी से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के सिर्फ 11 महीनों (अप्रैल से फरवरी) में भारत का स्मार्टफोन निर्यात 1.75 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था। वैष्णव ने कहा, मौजूदा समय में देश का न केवल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ रहा है, बल्कि देश में उपयोग होने वाले 99 प्रतिशत फोन भारत में ही बन रहे हैं। भारत के निर्यात बढ़ोतरी में सबसे बड़ा योगदान एपल का है। आईफोन की कुल निर्यात में हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है। अकेले तमिलनाडु में फॉक्सकॉन प्लांट ने निर्यात में 50 प्रतिशत का योगदान दिया है।दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एपल भारत से अमेरिका को अधिक आईफोन निर्यात करने की योजना बना रही है। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से जवाबी टैरिफ को माना जा रहा है।

# रामनवमी की झांकी में लगी भीषण आग

## घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** रामनवमी के मौके पर हजारीबाग में एक झांकी में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। झांकी हजारीबाग जिले के बभनबय क्लब द्वारा तैयार की गई थी, जो शहर की ओर रवाना हुई थी लेकिन शहर पहुंचने से पहले ही इसमें आग लग गई। देखते ही देखते झांकी जलकर पूरी तरह राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोग और क्लब के सदस्य आग बुझाने के प्रयास करने लगे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया गया, लेकिन तब तक झांकी पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।



**शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आंशका**

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग में विभिन्न क्लबों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जाती हैं। इस घटना के बाद आयोजकों और श्रद्धालुओं में मायूसी देखी जा रही है।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के हाउस गार्ड ने की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के सरकारी आवास पर तैनात हाउस गार्ड ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। पटना के सचिवालय थाना क्षेत्र में स्थित एमएलसी आवास संख्या-21 में गार्ड आशुतोष मिश्रा ने लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में गोली मारी है। वह सीआरपीएफ का जवान था और गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। बताया जाता है कि घटना के समय दिलीप जायसवाल आवास पर मौजूद नहीं थे। गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सचिवालय थाना प्रभारी संजीव कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह आत्महत्या का मामला है। प्राथमिक जांच में यही सामने आया है कि गार्ड ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारी है। वहीं, घटना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम दिलीप जायसवाल के आवास पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस आशुतोष के परिवार, सहकर्मियों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# बिहार में ग्रामीण सड़क निर्माण को मिलेगी नई रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ग्रामीण सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए 367.94 करोड़ की नई योजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं के अंतर्गत राज्य में पांच नई सड़कों के साथ 103 पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत और टिकाऊ सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा सकेगा। इस पहल से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सूबे की सड़कों को चाक-चौबंद करने के संकल्प को और मजबूती मिलेगी।

**निविदा प्रक्रिया शुरू, इच्छुक एजेंसियों से मांगे गये प्रस्ताव**

इन परियोजनाओं के तहत कुल 33.65 किलोमीटर लंबी सड़कों और 3891.17 मीटर लंबे पुलों का निर्माण किया जाएगा। स्वीकृत राशि में से 214 करोड़ रुपये केंद्र सरकार की ओर से और 153.94 करोड़ रुपये राज्य सरकार की ओर से वहन किए जाएंगे। इन योजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो गई है और इच्छुक एजेंसियों से 5 मई तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। इसके अतिरिक्त बिहार सरकार को वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए केंद्र सरकार की ओर से 138 करोड़ की प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त हुई है। इस राशि के साथ राज्य सरकार 92 करोड़ का अंशदान देगी, जिससे कुल 230 करोड़ की राशि सड़कों के आवधिक अनुरक्षण (पीरियोडिक मेंटेनेंस) पर खर्च की जाएगी। ये रख-रखाव कार्य उन सड़कों पर किए जाएंगे, जिनकी पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि पूरी हो चुकी है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर

## 12 एवं 13 अप्रैल को रामगढ़ और रांची में मिलेंगे वालेंटियर एवं बीएलओ से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त रामगढ़ एवं रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार निर्वाचन सदन में मुख्य चुनाव आयुक्त के झारखंड भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। के. रवि कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को रामगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले वालेंटियर से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह वालेंटियर का निर्वाचन के दौरान हुए अनुभवों को जानेंगे। वहीं 13 अप्रैल को रांची के दशम फॉल में बीएलओ से मुलाकात करेंगे एवं दुर्गम क्षेत्रों में उनके प्रयासों को जानेंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त बीएलओ द्वारा निर्वाचन के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे, बीएलओ ऐप, मतदान का समय प्रबंधन इत्यादि के विषय में उनके अनुभवों को जानेंगे। के. रवि कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे से सम्बन्धित कार्यों को आवंटित करते हुए उसके बेहतर अनुपालन के निर्देश दिए। उन्होंने रामगढ़ एवं रांची के कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का निरीक्षण करते हुए उसे ससमय पूर्ण कर लेने को कहा। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, रांची एसएसपी चंदन कुमार मौजूद थे। वहीं वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रामगढ़ जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त चंदन कुमार सहित निर्वाचन के पदाधिकारी बैठक से जुड़े थे।




# नीतीश सरकार ने खोला नौकरियों का पिटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीतीश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में 27 हजार से अधिक नये पदों पर बहाली करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। सरकार ने कृषि, नगर विकास एवं आवास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग में हजारों नए पद सृजित किए हैं। नौकरी की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए यह बड़ी खुशखबरी है। अकेले स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार से अधिक नए पद सृजित किए गए हैं, जिन पर नियुक्ति होनी है। वहीं, कृषि विभाग में लिपिक संवर्ग के 2590 पदों के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई है। मद्य निषेध विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कार्यालय परिचारी, निम्न वर्गीय लिपिक, प्रयोगशाला सहायक समेत कुल 48 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार कर्मचारी चयन आयोग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के कुल 29 एवं कार्यालय परिचारी के छह पद, कुल 35 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। स्वास्थ्य विभाग में एकीकृत आयुष अस्पताल पटना के संचालन के लिए कल 36 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। वहीं, कैबिनेट सचिवालय के तहत विभिन्न कार्यालय में सहायक उर्दू अनुवादक के कुल 3306 पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है। शिक्षा विभाग के रिटायर्ड सचिव बैद्यनाथ यादव और तत्कालीन निदेशक प्राथमिक शिक्षा पंकज कुमार को एक मार्च 2025 के प्रभाव से एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर परामर्शी नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही कैबिनेट में राजस्व और भूमि सुधार विभाग से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बता दें कि, राज्य में जमीन सर्वे का काम तेजी से जारी है। ऐसे में जमीन सर्वे के काम में आसानी लाने के लिए सरकार के द्वारा कई फैसले लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज कैबिनेट बैठक में राज्यस्व विभाग से जुड़ी दो अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी है। पहला निर्णय नवादा जिले के पकरीबरावां अंचल के कचना मौजा में 6.27 एकड़ गैर-मजरूआ सरकारी भूमि के हस्तांतरण को लेकर लिया गया। यह भूमि खाता संख्या 606 के तहत आती है और इसका उपयोग 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र के निर्माण के लिए किया जाएगा। इस जमीन को बिहार स्टेट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को 5 करोड़ 64 लाख 30 हजार रुपये की राशि पर सशुल्क आधार पर हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है। दूसरे बड़े फैसले के तहत राज्य के अंतर्गत संचालित सभी 827 राजस्व न्यायालयों के आधुनिकीकरण की योजना को मंजूरी मिली है। इसके तहत इन न्यायालयों में वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा लागू की जाएगी। इस परियोजना के लिए कुल 38 करोड़ 12 लाख 10 हजार 210 रुपये की स्वीकृति दी





FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

## डेढ़ माह बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ ट्रक चोरी का केस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बोचहां थाना क्षेत्र में दरभंगा फोरलेन पर सत्संग द्वार के पास से मुर्गी दाना लोड ट्रक चोरी के मामले में कोर्ट के आदेश पर घटना के डेढ़ माह बाद एफआईआर दर्ज की गई है। जब शुरुआत में ट्रक चालक वैशाली के भगवानपुर थाना के प्रतापटांड निवासी शैलेश कुमार चंदन ने बोचहां थाना में आवेदन दिया था तो केस लेने से इंकार कर दिया गया था। इसके बाद चालक ने कोर्ट में परिवाद दायर कराया था। परिवाद पर सुनवाई के बाद बोचहां थानेदार को कोर्ट ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन करने का निर्देश दिया। चालक ने परिवाद में कहा है कि वह बीते 23 फरवरी की रात मुजफ्फरपुर से दस चक्के के ट्रक पर मुर्गी दाना लोडकर दरभंगा जा रहा था। इसी दौरान खलासी के पेट में तेज दर्द हुआ और वह छटपटाने लगा। तब गाड़ी को फोरलेन पर लगाकर लॉक कर दिया और खलासी को बोचहां पीएचसी में ले गया। अस्पताल से भोर चार बजे में छुट्टी मिली तब खलासी के साथ वापस आया तो ट्रक गायब था। काफी खोजबीन पर सुराग नहीं मिला तब बोचहां थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया। लेकिन, थानेदार ने केस लेने से इंकार कर दिया। अब इसी घटना की कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई एफआईआर में थानेदार ने प्रफल्ल कुमार प्रभाकर को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

## ट्रंप टैरिफ से बिहार के किसान टेंशन में, मखाना और लीची का निर्यात गिरने का खतरा



**पटना, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (टैरिफ) का असर बिहार के किसानों पर भी पड़ सकता है। व्यापारी कह रहे हैं कि मखाना, लीची, आम और हल्दी जैसे मसालों के निर्यात पर नए टैरिफ का असर होगा। बिहार से बड़े पैमाने पर अमेरिका और दूसरे देशों में मखाना, हल्दी, लीची, आम जैसे कृषि उत्पादों का निर्यात होता है। ट्रंप के टैरिफ से इन चीजों की कीमतों में वहां इजाफा होगा। आशंका है कि इसका असर अमेरिका में इनके बाजार पर पड़ सकता है। मखाना निर्यातक और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स से जुड़े सत्यजीत सिंह के मुताबिक भारत से हर साल लगभग 600 टन मखाना अमेरिका निर्यात होता है। टैरिफ में बढ़ोतरी के बाद मखाना की कीमतों में उछाल आएगा। दाम बढ़ने के कारण वहां के बादाम और अखरोट से प्रतिस्पर्धा में यह पीछे रह सकता है और लोकप्रिय रहने के बावजूद अमेरिकी बाजार में मखाना अपनी पकड़ को खो सकता है। मांग घटी तो फिर निर्यात भी घटेगा। भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को लागत में कटौती या वैकल्पिक बाजारों की तलाश करनी पड़ सकती है। बिहार राज्य व्यावसायिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय गुप्ता बताते हैं कि राज्य से बड़े पैमाने पर जर्दालु और मालदा आम तथा मुजफ्फरपुर की लीची का निर्यात अमेरिका होता है।

## कहा-काम करने वाले को पार्टी में दी जाएगी जिम्मेदारी

# बिहार में महागठबंधन बना रहेगा: राहुल गांधी ने सदाकत आश्रम में कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स



**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सदाकत आश्रम में पार्टी नेताओं और जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। इस बैठक में राहुल गांधी ने साफ कर दिया कि बिहार में महागठबंधन बना रहेगा। पार्टी नेताओं को निर्देश देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 20 अप्रैल तक पंचायत और बूथ लेवल तक कमेटी बनाना सुनिश्चित करें। इसमें सभी जातियों और धर्मों के लोगों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, जो नेता काम करेंगे, उन्हें ही पार्टी में जगह और जिम्मेदारी दी जाएगी। गांव-गांव तक पहुंचे और आम लोगों तक कांग्रेस के विचारों को पहुंचाए। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार दौरे पर थे। पहले बेगूसराय में कन्हैया कुमार के साथ पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में शामिल हुए। फिर पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल हुए। इसके बाद सदाकत आश्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। यूथ कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन अमित कुमार सिंह ने कहा कि- राहुल गांधी ने बूथ लेवल पर एक्टिव होकर काम करने को कहा है। साथ ही बूथ कमेटी में महिलाओं, दलितों, पिछड़ों का पार्टिसिपेशन बढ़ाने पर जोर दिया। अमित कुमार सिंह ने बताया कि, राहुल गांधी ने बूथ लेवल पर मीटिंग करके कांग्रेस के मेनिफेस्टो को जनता के बीच ले जाने की बात कही है। इसके अलावा, 20 अप्रैल तक बूथ कमेटी बना लेने का निर्देश दिया है।

**काम करने वाले लोग ही पार्टी में रहेंगे :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार पासवान ने बताया कि, बैठक में राहुल गांधी ने साफ कहा है कि जो लोग काम नहीं करेंगे, पार्टी में उनके लिए कोई जगह नहीं है। जो भी लोग परिक्रमा करने में लगे रहते थे, अब वह परिक्रमा गिरी नहीं चलेगी। जनता से जुड़ना होगा और जनता के बीच रहना होगा। हर घर झंडा के साथ कांग्रेस के विचारों को आम लोगों तक पहुंचाना होगा। सभी को अपने-अपने क्षेत्र में काम करना होगा। हर जिला में कोऑर्डिनेटर बनाकर काम को जल्द शुरू करना होगा। कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल पर एक्टिव होकर काम करना है।

**आपस में भिड़े कार्यकर्ता, हुई हाथापाई :** बिहार प्रदेश कार्यालय में सोमवार को कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गई। इससे नाराज पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह बैठक के बीच से बाहर निकल गए थे। उनके पीछे उनका समर्थक रवि रंजन जा रहा था, तभी यूथ कांग्रेस से जुड़ा असद और पूर्व विधायक टुन्ना चोर-चोर के नारे लगाने लगे। रवि रंजन ने जब विरोध किया तो उसको दौड़ा दिया। टुन्ना ने उसे पटक दिया और लात-घूंसे से पीटने लगे। बीच में अखिलेश सिंह ने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया। बाहर हंगामा होता देख राहुल गांधी ने अपनी बैठक को 20 मिनट में ही खत्म कर एयरपोर्ट के लिए निकल गए थे। मारपीट के बाद कार्यकर्ता रवि रंजन ने आरोप लगाया, मैं भूमिहार हूं और वो राजपूत है, इसलिए मुझे मारा गया। पार्टी में साजिश की जा रही है।

**मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर किया हमला :** संविधान सुरक्षा सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंटस् विथ ट्रुथ लिखा था। मोदी जी शायद माय एक्सपेरिमेंटस् विथ लाइज लिखेंगे। शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा, अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ी दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है। आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा, देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है। आज इस देश में आदिवासी, दलित सेकंड सिटिजन है।

**पार्टी में हमने दलितों-पिछड़ों को हक दिया :** राहुल गांधी ने कहा, पहले हमारे जिलाध्यक्षों की लिस्ट में 2 तिहाई अपर कास्ट के लोग थे, लेकिन अब हमने दो तिहाई दलित-गरीबों को शामिल किया है। पार्टी में हमने सबको हक देने का फैसला किया है। बिहार के नेताओं से हमने साफ कहा है कि आपका काम यहां के गरीब लोगों को प्रतिनिधित्व देना है। उनके बीच रहकर काम करें। दलितों को राजनीति में लाकर बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं।

### मजदूरी करने वाले 90 फीसदी दलित-आदिवासी

राहुल ने कहा था, अगर आप मजदूरों की लिस्ट निकालो, घर में काम करने वालों की लिस्ट निकालो तो 90 फीसदी दलित, आदिवासी, गरीब हैं। तेलंगाना का पूरा का पूरा डेटा हमारे हाथ में है, जो मोदी जी आपको नहीं देना चाहते हैं। मैंने मोदी जी को संसद में सामने से बोला कि ये जो 50 फीसदी आरक्षण की फेक दीवार बना रखी है, जो आप नहीं तोड़ेंगे तो हम तोड़ कर रहेंगे। 10-15 लोग हैं, जिन्होंने पूरे कॉरपोरेट सेक्टर को पकड़ के रखा है। अंबानी-अडाणी ने कब्जा कर रखा है। जीएसटी आप देते हो, और कर्जा माफ उनका होता है। पूरे सिस्टम ने आपको घेर के रखा हुआ है। इसलिए आप सांस नहीं ले पाते हो। दलितों, पिछड़ों को बैंक लोन नहीं देती है। जहां उनको ट्रेनिंग देने की जरूरत है, वहां सवर्ण बैठे हैं।

### बेगूसराय में 1 किलोमीटर की पदयात्रा की

राहुल गांधी बेगूसराय में कन्हैया कुमार की यात्रा में बेगूसराय पहुंचे थे। बेगूसराय में पदयात्रा महज 24 मिनट में खत्म हो गई। वे कन्हैया कुमार की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में 1 किमी पैदल चले। राहुल बेगूसराय में नुक्कड़ सभा को भी संबोधित करने वाले थे, लेकिन ऐन वक्त पर सभा कैंसिल कर दी गई। राहुल की पदयात्रा के दौरान करीब 10 हजार लोग मौजूद थे।

# तालाब में गिरी स्कॉर्पियो, पति-पत्नी, दो बेटों की मौत

### गाड़ी की बोनट पर चढ़कर ड्राइवर मदद के लिए चिल्लाया ; दम घुटने से परिवार की गई जान



**गया, एजेंसी।** गया में सोमवार देर रात सड़क हादसे में पूरे परिवार की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और दो बेटे शामिल हैं। परिवार स्कॉर्पियो से श्राद्ध कर्म से घर लौट रहा था। इसी दौरान खिजरसराय में दखिनगांव के पास पुल से बेकाबू होकर सड़क किनारे तालाब में जा गिरी। हादसे में ड्राइवर बच गया, लेकिन दंपती और उनके दोनों बेटों की जान चली गई। मृतकों की पहचान सहवाजपुर गांव के रहने वाले पेशे से किसान शशिकांत शर्मा (43), उनकी पत्नी रिंकी देवी (40), बड़ा बेटा सुमित आनंद (17) और बालकृष्ण (5) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, शशिकांत शर्मा अपने दोस्त की मां के श्राद्ध में बिहारशरीफ गए थे। यहां से लौटने के दौरान वजीरगंज थाना क्षेत्र में हादसा हुआ। हादसे के बाद गाड़ी ड्राइव कर रहा युवक सिंटू किसी तरह बाहर निकला और मदद के लिए शोर मचाने लगा। सिंटू घायल है और इलाज के लिए उसे मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी वजीरगंज थाना की पुलिस को दी गई है।

### होटल संचालक ने ड्राइवर की सुनी आवाज

हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। दखिनगांव के रहने वाले कलेंद्र कुमार ने बताया, रात को करीब 12 बजे दखिनगांव के एक होटल संचालक होटल बंद कर घर लौट रहे थे। तालाब के पास पहुंचने पर उन्हें ड्राइवर की आवाज सुनाई दी। वो कोई बचाओ-बचाओ चिल्ला रहा था और मदद मांग रहा था। इसके बाद उन्होंने तालाब की तरफ देखा तो एक व्यक्ति स्कॉर्पियो के ऊपर खड़ा होकर बचाने की गुहार लगा रहा था। ये देखते ही होटल संचालक गांव की ओर भागे। गांव के लोगों को जगाकर तालाब के पास मदद के लिए बुलाया और घटना की सूचना वजीरगंज पुलिस को दी गई।

### चारों की दम घुटने से गई जान

पुलिस सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची। स्कॉर्पियो को जेसीबी मशीन से तालाब से बाहर निकाला गया। हालांकि, जब तक स्कॉर्पियो को बाहर निकाला गया, पीछे की सीट पर बैठे शशिकांत, उनकी पत्नी रिंकी और दोनों बेटे सुमित और बालकृष्ण की मौत हो चुकी थी।

**गांव के लोग बोले- जब परिवार में कोई नहीं बचा तो पोस्टमॉर्टम का क्या करना :** पुलिस ने ड्राइवर सिंटू से घटना की पूरी जानकारी ली। फिर मृतक के गांव वालों को घटना की सूचना दी गई। घटना की सूचना एसडीएम को भी दी गई।

एसडीएम ने तत्काल मौके पर एम्बुलेंस भिजवाया। वहीं, जब पुलिस पोस्टमॉर्टम के लिए जब शव भेजे जाने लगी तो गांववालों ने एंबुलेंस को वजीरगंज थाना क्षेत्र में रोक लिया। सुबह चार बजे वजीरगंज थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने एम्बुलेंस रोककर कहा कि जब शशिकांत के परिवार में अब कोई नहीं बचा, तो पोस्टमॉर्टम किसके लिए? फिलहाल पोस्टमॉर्टम नहीं कराए जाने से संबंधित कार्रवाई की जा रही है।

**हादसे की जानकारी मिलते ही मां की तबीयत बिगड़ी :** बताया जा रहा है कि शशिकांत शर्मा राम विनय शर्मा के बेटे थे। पिछले 15 दिनों से शशिकांत शर्मा की मां की तबीयत खराब है। बेटे, बहू और दो पोते की मौत के बाद राम विनय शर्मा कुछ बोलने की स्थिति में नहीं थे। शशिकांत गांव के सबसे संपन्न किसानों में गिने जाते थे। उनका बड़ा बेटा सुमित आनंद भाजपा से जुड़ा था। बीते साल डिप्टी सीएम विजय सिन्हा उनके घर आए थे। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के बाद गांव का माहौल गमगीन है।




# आंखों में स्प्रे कर बैंक सीएसपी संचालक से दिनदहाड़े लूट

### गाड़ी से गिराकर 2 लाख, लैपटॉप-मोबाइल छिना, हथियारबंद बदमाश फरार

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के झाझा थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक बड़ी लूट की घटना सामने आई है। बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सीएसपी संचालक दीनबंधु कुमार यादव से हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े 2 लाख रुपये, लैपटॉप और मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

### बैंक से कैश निकालकर लौट रहे थे सीएसपी संचालक

घटना झाझा प्रखंड के पैरगाह-सलगा मुख्य मार्ग पर जाखराज स्थान के पास हुई। बैजला गांव के रहने वाले दीनबंधु कुमार यादव पिछले 7 वर्षों से सीएसपी सेंटर चला रहे हैं। वे बोड़वा शाखा से कैश निकालकर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी दो बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया।

### आंखों में स्प्रे कर की लूटपाट

बदमाशों ने पहले दीनबंधु की आंखों में स्प्रे किया, जिससे वे कुछ देख नहीं पाए। इसके बाद उन्हें बाइक से गिराकर पिट्ठू बैग छीन लिया। बैग में करीब 2 लाख रुपए नकद, लैपटॉप और मोबाइल था। बदमाश बाइक की चाबी भी निकालकर ले गए।

### आधे घंटे तक आंखों में जलन, राहगीर से ली मदद

दीनबंधु ने बताया कि स्प्रे के कारण करीब आधे घंटे तक आंखों में जलन होती रही। इसी दौरान एक राहगीर के फोन से उन्होंने परिजनों को सूचना दी। परिजन पहुंचे और उन्हें झाझा थाना लेकर गए, जहां मामले की एफआईआर दर्ज की गई। इस दिनदहाड़े हुई लूट से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

### पुलिस कर रही जांच, जल्द गिरफ्तारी का दावा

झाझा थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बदमाशों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।



## गया में कुख्यात अपराधी फोटु यादव गिरफ्तार: 50 हजार रुपए का था इनामी, गुप्त सूचना पर पुलिस ने घेरकर दबोचा

**गया, एजेंसी।** गया जिले के चंदौती थाना इलाके में हुई फायरिंग और हत्या के आरोपी, 50 हजार के इनामी अपराधी फोटु कुमार उर्फ फोटु यादव को पुलिस ने दबोच लिया है। फोटु की गिरफ्तारी को लेकर स्स्क्के निर्देश पर बनाई गई विशेष टीम ने उसे शेरघाटी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड से पकड़ा है। इकी पुष्टि स्स्क्र अनवर जावेद अंसारी ने की है। एएसपी ने बताया कि फोटु यादव कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वो शेरघाटी बस स्टैंड के आसपास मौजूद है। सूचना मिलते ही विशेष टीम ने इलाके की घेराबंदी की। इस बात की भनक लगते ही पुलिस को देखकर फोटु मौके से भागने लगा, लेकिन सशस्त्र बलों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम फोटु कुमार उर्फ फोटु यादव, निवासी जगनडी, थाना प्रतापपुर, जिला चतरा बताया।

### आपराधिक इतिहास खंगाल रही है पुलिस

बताते चलें कि 29 अक्टूबर 2024 को इंग्लिश गांव के पास फायरिंग में एक युवक को गोली मारी गई थी, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में चंदौती थाने में स्रद्धक्रदर्ज हुई थी और फोटु की संलिप्तता सामने आई थी। इसी मामले में पहले तीन अन्य आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। फोटू यादव की तलाश तेजी से की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि फोटु के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। अन्य फरार अपराधियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

## मांझी ब्लॉक में दहा नदी पर बनेगा पुल: महाराजगंज निवासियों को सौगात




**एकमा (सारण), एजेंसी।** महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात मिली है। मांझी प्रखंड के रेवल गांव में दहा नदी पर पुल का निर्माण जल्द शुरू होगा। राज्य कैबिनेट से इस प्रोजेक्ट को 26 मार्च 2025 को मंजूरी मिली है। यह जानकारी महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने दी।

**10.26 करोड़ की लागत से बनेगा पुल :** इस प्रोजेक्ट पर 10 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत आएगी। पुल के बनने से रेवल, ताजपुर, मुबारकपुर, चैफुल, भट्ठा, मटियार, खजूहटी और मोहम्मदपुर जैसे गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा सिवान से आने-जाने वालों को भी आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

**मुख्यमंत्री को सांसद ने दिया धन्यवाद :** सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने इस मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे पिछले 5 वर्षों से इस पुल के लिए प्रयासरत थे। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान उन्होंने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई हुई।

### यातायात और स्थानीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

पुल बनने से जहां लोगों को आवागमन में सुविधा होगी, वहीं कृषि उत्पादों की आवाजाही भी आसान होगी। इससे स्थानीय व्यापार, कृषि और परिवहन को गति मिलेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस विकास कार्य को लेकर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। स्थानीय जनता ने सांसद सिग्रीवाल को धन्यवाद और शुभकामनाएं दी हैं।

# राजगीर से वैष्णो देवी-ऋषिकेश के लिए नई ट्रेन सेवा

### कटरा के लिए स्पेशल साप्ताहिक गाड़ी 14 अप्रैल से चलेगी, 12 स्लीपर क्लास के कोच रहेंगे



**नालंदा, एजेंसी।** राजगीर से अब श्री माता वैष्णो देवी कटरा और योग नगरी ऋषिकेश तक सीधी ट्रेन सेवा का लाभ यात्रियों को मिलेगा। अप्रैल में दो नई विशेष ट्रेनों का परिचालन शुरू होने जा रहा है, जिससे तीर्थयात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार, राजगीर से वैष्णो देवी कटरा और राजगीर से ऋषिकेश के लिए 2 नई विशेष ट्रेनों का संचालन इसी महीने से प्रारंभ किया जा रहा है। इन दोनों ट्रेनों के संचालन से तीर्थयात्रियों को अपनी यात्रा में काफी सुविधा होगी। श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए 03221 राजगीर-वैष्णो देवी स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन 14 अप्रैल से शुरू होगा, जो 30 जून तक चलेगी। इस अवधि में यह ट्रेन कुल 12 फेरे लगाएगी। इसका संचालन सप्ताह में एक दिन, केवल सोमवार को होगा। यह ट्रेन राजगीर से दोपहर 2:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 1:30 बजे कटरा स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में, यह कटरा रेलवे स्टेशन से बुधवार को शाम 4:30 बजे प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन में कुल 24 डिब्बे होंगे, जिनमें चार जनरल कोच, 12 स्लीपर क्लास कोच, चार थर्ड एसी और दो सेकंड एसी कोच के साथ-साथ दो गार्ड और पावर बोगी भी शामिल हैं।

**राजगीर-ऋषिकेश स्पेशल ट्रेन :** योग नगरी ऋषिकेश के लिए 03223 विशेष ट्रेन का परिचालन 11 अप्रैल से शुरू होगा। यह ट्रेन राजगीर स्टेशन से सुबह 6:05 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 8:30 बजे ऋषिकेश पहुंचेगी। वापसी में, यह उसी दिन शाम 6:00 बजे राजगीर के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन में भी कुल 24 डिब्बे होंगे, जिनमें चार जनरल बोगी, 12 स्लीपर क्लास बोगी, दो सेकंड एसी कोच, चार थ्री एसी कोच के साथ-साथ गार्डन तथा पावर ब्रेक शामिल हैं। इन दोनों नई ट्रेनों का परिचालन सप्ताह में एक-एक दिन होगा, जिससे तीर्थयात्रियों को अपनी यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी। राजगीर-दानापुर पैसेंजर, राजगीर-फतूहा पैसेंजर, राजगीर-पटना फास्ट पैसेंजर स्पेशल, राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन, राजगीर-बख्तियारपुर मेमो, गया भाया राजगीर-बख्तियारपुर मेमो, राजगीर-पटना स्पेशल ट्रेन, राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 08-04-2025 22:06 Page 1



# पुलिस टीम पर महिलाओं ने बरसाए पत्थर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में एक बार फिर पुलिस टीम को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय असामाजिक तत्वों की हिंसा का सामना करना पड़ा। बोचहा थाना क्षेत्र के मझौली बाजितपुर गांव में विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि एक सैप जवान को सिर में गंभीर चोट आई है।

जानकारी के अनुसार, गांव की रहने वाली अधिवक्ता सोनी कुमारी का अपने पड़ोसियों से विवाद चल रहा था, जो हाथापाई तक जा पहुंचा। विवाद में एक पक्ष के घायल होने के बाद उसने बोचहा थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर थाने के एएसआई रंजय कुमार अपनी पेट्रोलिंग टीम के साथ मौके पर जांच

## चार जवान हुए चोटिल

के लिए पहुंचे। लेकिन जैसे ही टीम गांव में पहुंची, भीड़ ने अचानक हमला कर दिया, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। छतों से पत्थर बरसाए गए और पुलिस को तीन किलोमीटर तक रिवर्स गाड़ी चलाकर भागना पड़ा।

हमले में सैप जवान को सिर पर गहरी चोट लगी है, जबकि अन्य तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। सभी का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। घटना के बाद इलाके में भारी अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने के बाद थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा गया, जिसने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को यह सूचना मिली थी कि गांव में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा है। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची, छतों से महिलाओं ने पत्थर फेंकने शुरू कर दिए, जिससे जवान घायल हुए। उन्होंने कहा कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश में छापामारी जारी है।

घटना के दौरान असामाजिक तत्वों ने पुलिस वैन का पीछा भी किया और उसे गांव से लगभग तीन किलोमीटर तक खदेड़ा। हमले के दौरान पुलिस वाहन को घुमाने की जगह नहीं मिली, जिससे टीम को वैन को रिवर्स गियर में भगाकर जान बचानी पड़ी। स्थानीय लोगों के अनुसार, उस समय गांव में भारी भीड़ थी, जिसमें महिलाएं भी शामिल रहीं।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के हाउसगार्ड ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के हाउसगार्ड आशुतोष मिश्रा ने खुद को गोली मार दी। मंगलवार सुबह एमएलसी आवास पर सीआरपीएफ जवान आशुतोष मिश्रा ने अपने लाइसेंसी हथियार से खुद को गोली मारकर जीवन समाप्त कर लिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मामले में सचिवालय थाना प्रभारी संजीव कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह आत्महत्या का मामला है। प्राथमिक जांच में यही सामने आया है कि गार्ड ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना भेज दी गई है। मामले में सचिवालय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ अनु ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 10:30 बजे सचिवालय थानांतर्गत आवास में एक हाउस गार्ड को सिर में गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुँची। जहां उक्त व्यक्ति को मृत अवस्था में पाया गया, जिसके सिर में गोली लगी हुई थी। शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेजा गया है। प्रथम द्रष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। एफएसएल की सहायता से घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया गया है। जांच की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## लाश बरामद

**पटना।** पटना सिटी क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गंगा नदी के किनारे खाजेकला घाट पर एक युवक का शव बरामद किया गया। जैसे ही स्थानीय लोगों ने घाट किनारे एक अज्ञात युवक की लाश देखी, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को एनएमसीएच भेज दिया।

# भीषण सड़क हादसे में दुल्हन सहित चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में दो अलग अलग सड़क हादसों से हड़कंप मच गया है। पहली घटना जंदाहा-समस्तीपुर हाइवे पर हुई। इस भीषण हादसे में नई दुल्हन समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इधर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

बताया जा रहा है कि मंगलवार अहले सुबह सभी लोग शादी समारोह से अपने घर कार से लौट रहे थे। महिसौर थाना क्षेत्र के पनसला चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। मरने वालों की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के पानापुर कुशियारी निवासी क्रांति कुमार की पत्नी बबीता देवी, 8 वर्षीय पुत्री सोनाक्षी कुमारी, गणेश राय की पत्नी आंगनबाड़ी सहायिका मोना देवी के रूप में हुई है। जबकि नवविवाहिता की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

वहीं दूसरी घटना वैशाली गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी सेतु पर पाया नंबर पांच के पास हुई। यहां पर टेंपो और बोलेरो के बीच टक्कर हो गई। इसमें टेंपो पर सवार 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर सभी को हाजीपुर सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया और आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

## आवारा कुत्तों ने एक ही परिवार की दो बच्चियों को नोचा

**मुजफ्फरपुर।** शहर में कुत्तों को पकड़ने या उसकी संख्या को नियंत्रित करने की योजना बैठक से लेकर कागज तक ही सिमटी हुई है।

दूसरी ओर आवारा कुत्ते रोज कहीं ना कहीं लोगों को शिकार बना रहे। इसमें मासूम बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। रविवार को वार्ड 40 के पटवा टोला मोहल्ला में एक कुत्ता ने घर के बाहर खेल रही दो बच्चियों को काटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। दोनों को कुत्ते ने कई जगह काटा।

लोगों ने किसी तरह दोनों की जान बचाई। जानकारी मिलने ही मौके पर पहुंच वार्ड चालीस के पार्षद इकबाल हुसैन दोनों बच्चियों को सदर अस्पताल ले गए एवं इलाज करवाया।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो तालाब में गिरी, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

## बिहारशरीफ से श्राद्ध कर्म से लौट रहा था परिवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार के गया जिले में वजीरगंज प्रखंड के दखिन गांव के फोर लेन बायपास पर दर्दनाक घटना सामने आई है। एक ही झटके में पूरा परिवार उजड़ गया। भीषण सड़क हादसे में दंपती और उनके दो बेटे की मौत हो गई। यह घटना सोमवार मध्य रात वजीरगंज थाना क्षेत्र के दखिन गांव के पास हुई। हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है। मृतकों की पहचान सहवाजपुर गांव के रहने वाले 43 वर्षीय शशिकांत शर्मा, उनकी 40 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी, 17 वर्षीय बेटा सुमित आनंद और 5 वर्षीय बेटा बालकृष्ण के रूप में हुई है। पूरा परिवार स्कॉर्पियो से बिहारशरीफ में श्राद्ध कर्म से लौट रहा था। वजीरगंज के दखिनगांव के पास पुल से गुजरते समय स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर पुल से टकरा गई और नीचे तालाब में जा गिरी।

गाड़ी चला रहा युवक सिंटू किसी तरह बाहर निकल आया और बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगा। वाहन चालक की आवाज सुनकर पास के होटल संचालक ने गांव वालों को बुलाया।

लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने जेसीबी से स्कॉर्पियो को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक गाड़ी में बैठे चारों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिवार के चार लोगों की मौत की खबर सुनकर लोग अवाक रह गए। शशिकांत शर्मा किसान एक थे। उनका बड़ा बेटा सुमित राजनीतिक गतिविधियों से भी जुड़ा था। भाजपा



से संबंधित था।

गांव में एक ही परिवार के चार लोगों की एक साथ मौत से मातम पसर गया। पोस्टमॉर्टम के लिए जब शवों को भेजा जा रहा था, तो ग्रामीणों ने एंबुलेंस रोक दी और कहा कि जब परिवार में कोई बचा ही नहीं, तो पोस्टमॉर्टम किसके लिए करवाएं। इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलने के बाद शशिकांत की वृद्ध मां की तबीयत और बिगड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और जांच जारी है। गांव में शोक का माहौल है।

# मेला देखने निकले किशोर की बल्ली से लटकी मिली लाश

- चाचा पर हत्या करने का आरोप
- मामले की छानबीन कर रही पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला में जमीन विवाद में अपराधिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बछवाड़ा थाना में एक किशोर की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि चाचा ने अपनी नाबालिग भतीजे की फांसी लगाकर हत्या कर दिया। इतना ही नहीं उसके शव को घर की बल्ली से रस्सी से लटका दिया। ताकि लोगों को यह लग सके कि उसने आत्महत्या की है। घटना बछवारा थाना क्षेत्र के दादूपुर पंचायत के वार्ड नंबर चार में हुई। मृतक की पहचान सेठो महतो का पुत्र सुनील कुमार (15) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, वह सोमवार की शाम अपने घर से चैती दुर्गा मेला देखने के लिए निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौट सका। देर शाम होने के बाद भी जब सुनील वापस नहीं लौटा तो परिजन खोज बीन शुरू की लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल पाया। परिजन खोजबीन करते हुए रात करीब 11 बजे घर से एक किलोमीटर दूर अपनी डेरा पर गया तो डेरा पर घर के बल्ली से रस्सी के सहारे सुनील का लटका हुआ था। घटना की सूचना पाकर पहुंची बछवाड़ा थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

घटना के संबंध में मृतक के पिता सेठो महतो ने बताया कि उसका छोटे भाई के साथ घर और जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। होली के समय ही उसने धमकी दी थी। आरोप लगाया है कि उसके छोटे भाई ने ही उसके बेटे की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। घटना के बाद से आरोपी चाचा घर छोड़कर फरार है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## राज्य के 261 में से 51 उप मुख्य पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**पटना।** राज्य के 261 नगर निकायों में से 51 उप मुख्य पार्षदों ने नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार से मुलाकात के बाद सामूहिक रूप से अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इन जनप्रतिनिधियों का कहना है कि राज्य सरकार ने उप मुख्य पार्षदों को कोई अधिकार नहीं दिया है। इसके कारण वह खुद को जनता के प्रति जवाबदेह नहीं मान पा रहे हैं।

संघ के अध्यक्ष पिंटू रजक, कार्यकारी अध्यक्ष अजय प्रमोद यादव और प्रधान महासचिव राजीव प्रसाद सिंह सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि ढाई वर्ष पहले सरकार ने नगर निकायों का सीधा चुनाव कराया था। इसमें जनता ने मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद को प्रत्यक्ष रूप से चुना। चुनाव के बाद मुख्य पार्षदों को तो अधिकार दे दिए गए, पर उन्हें अब तक कोई अधिकार नहीं सौंपे गए हैं। उपमुख पार्षद संघ ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो अन्य भी इस्तीफा देंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे बिहार में एनडीए समर्थित प्रत्याशियों का विरोध किया जाएगा।

मौके पर मनेर के शंकर यादव, मोकामा के कन्हैया सिंह, देव औरंगाबाद के गोलू गुप्ता, पुपरी के जयप्रकाश, अरवल की जमीला खातून, अस्थावा के अजीत कुमार पासवान, चंडी के प्रवीण कुमार सुमन, परवलपुर के अक्षय कुमार, बिहटा के रिंकू कुमार आदि शामिल थे।

# जिले के सैकड़ों शिक्षकों की हाजिरी में झोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** बढ़ते तापमान तथा तेज गर्मी के चलते शिक्षा विभाग ने सोमवार यानि सात अप्रैल से सरकारी विद्यालयों की समय सारणी में परिवर्तन किया है।

सोमवार से विद्यालयों का संचालन सुबह 6:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जा रहा है। सोमवार से समय सारणी में हुए परिवर्तन के बाद शिक्षक तथा छात्र उपस्थिति पर विभाग की ओर से विशेष नजर रखी जा रही है।

समय सारणी परिवर्तन के पहले दिन सोमवार को जिले के 770 शिक्षकों ने या तो ई शिक्षा कोष ऐप पर अपनी हाजिरी नहीं लगाई या फिर उन्होंने समय सीमा के बाद अपनी हाजिरी लगाई। बड़ी संख्या में ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाने पर विभाग ने उन्हें अनुपस्थित मानते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने तो अनुपस्थित शिक्षकों से जवाब तलब किया है।

जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ई-शिक्षा कोष पर दर्ज आननलाइन हाजिरी के अनुसार सबसे अधिक शिक्षक कुचायकोट में अनुपस्थित पाए गए। जबकि सबसे कम शिक्षक फुलवरिया प्रखंड में अनुपस्थित रहे।

आंकड़ों के अनुसार, बैकुंठपुर प्रखंड में कुल 1381 शिक्षकों में 66 छुट्टी पर रहे, जबकि 63 ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की।

इसी प्रकार बरौली प्रखंड के कुल 1445 शिक्षकों में 68 छुट्टी पर रहे, और 112 शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की। भोरे प्रखंड के 1092 शिक्षकों में 58 छुट्टी पर रहे और 76 ने ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं की।

गोपालगंज प्रखंड के 914 शिक्षकों में से 45 छुट्टी पर रहे, और 53 अनुपस्थित रहे। हथुआ प्रखंड की 1282 शिक्षकों में 53 छुट्टी पर रहे, जबकि 83 ने ऑनलाइन हाजिरी नहीं बनाई।

वहीं, कटेया प्रखंड के 777 शिक्षकों में 42 छुट्टी पर रहे, जबकि 83 ने आनलाइन हाजिरी नहीं बनाई।कुचायकोट प्रखंड के 1951 शिक्षकों में 89 छुट्टी पर रहे, जबकि 114 ने अपनी हाजिरी ई-शिक्षा कोष पर दर्ज नहीं की।

मांझा प्रखंड के 1243 शिक्षकों में 64 छुट्टी पर रहे, और 52 शिक्षकों ने ई-शिक्षा कोष पर हाजिरी दर्ज नहीं किया। पंचदेवरी प्रखंड के 686 शिक्षकों में 38 छुट्टी पर रहे, जबकि 46 ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की।

फुलवरिया प्रखंड के 879 शिक्षकों में 58 छुट्टी पर रहे, जबकि 11 ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की। सिधवलिया प्रखंड के 942 शिक्षकों में 66 छुट्टी पर रहे, जबकि 57 अनुपस्थित रहे।

# तनिष्क लूट कांड में पुलिस के हाथ लगा सोना और हथियार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के शीश महल चौक स्थित तनिष्क आभूषण शोरूम से लगभग साढ़े दस करोड़ रुपये के जेवरात लूटे जाने के मामले में फिर पुलिस के हाथ सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने इस कांड में गिरफ्तार एवं रिमांड पर लिए गए लुटेरों से गहन पूछताछ एवं निशानदेही के आधार पर फिर लूटे गए जेवरातों में से लगभग 128 ग्राम जेवरात एवं तीन देसी पिस्टल बरामद किया है।

गहनों एवं अवैध हथियारों की बरामदगी बड़हरा के नेकनाम टोला गंगा घाट दियारा क्षेत्र से हो सकी है। इसका राजफाश मंगलवार को भोजपुर एसपी राज ने प्रेस वार्ता में किया।

उन्होंने बताया कि बरामद सोने की कीमत लगभग 11 लाख रुपये के आसपास है। चेन समेत कुल छोटे-बड़े अठारह प्रकार के आभूषण मिले हैं।

तीसरे थैले एवं सातवें लुटेरे समेत संरक्षण देने वाले अपराधियों की तलाश जारी है। अभी तक पुलिस लूट के आभूषण से भरे दो बैग एवं कुछ आभूषण अलग से बरामद कर चुकी है।

इस कांड में अभी तक पांच लुटेरों समेत 16 की गिरफ्तारी हो चुकी है। लूट में संलिप्त अररिया का चुनमुझन झा मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

जेल में बंद मास्टर माइंड वैशाली के चंदन कुमार एवं बक्सर जिले के शेरू सिंह से रिमांड पर पूछताछ जारी है। इन दोनों के अलावा लूट में संलिप्त छह और बदमाशों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

इनमें वैशाली के सुमित उर्फ प्रिंस राजपुत, हिमांशु, नितिन पांडेय एवं गौतम कुमार समेत भोजपुर के लाइनर विशाल सिंह एवं लुटेरों को आश्रय देने वाले सूरज सिंह शामिल हैं। एसपी राज ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 10 मार्च को जब सात अपराधियों ने तनिष्क शोरूम लूटा था तो सभी अलग-अलग रूट से भागे थे।

# बिक रही मठ-मंदिरों की जमीन, विधि विभाग अनजान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विभागीय रिपोर्ट के अनुसार मुजफ्फरपुर, भागलपुर, जहानाबाद, कैमूर, नालंदा, लखीसराय, शिवहर, भोजपुर, पश्चिमी चंपारण, शेखपुरा, पूर्वी चंपारण, पटना, मुंगेर, खगड़िया, रोहतास, मधुबनी, दरभंगा और अरवल जिले ने न्यास की संपत्तियों का ब्योरा नहीं दिया है।

राज्य के 18 जिलों ने धार्मिक न्यास की परिसंपत्तियों का पूरा ब्योरा नहीं दिया है। यह स्थिति तब है, जब धार्मिक न्यास की परिसंपत्तियों का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करने के लिए विभाग जिलों को कई बार निर्देशित कर चुका है। जिलास्तर पर इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा।

कर्मी और पदाधिकारियों की मिलीभगत से भूमि माफिया मठ-मंदिर की जमीन बेच रहे हैं। विधि विभाग ने एक बार फिर सभी डीएम को तीन सप्ताह के अंदर पूरा ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करने को कहा है। साथ ही मठ-मंदिरों की भूमि की बिक्री पर अविलंब रोक लगाने की बात कही है।

इस प्रकार का मामला संज्ञान में आने पर दोषी कर्मी और पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रिपोर्ट विभाग को भेजने को कहा गया है। इसके आलोक में वरीय उपसमाहर्ता, जिला विधि प्रशाखा ने अपर समाहर्ता, राजस्व को इसकी जानकारी दी है।

मुख्य सचिव ने इसे लेकर पिछले दिनों समीक्षा की थी। इसमें मुजफ्फरपुर समेत राज्य के 18 जिलों में ब्योरा अपलोड नहीं करने की बात सामने आई।

विधि विभाग के उपसचिव ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त और डीएम को कहा है कि विधानसभा और विधान परिषद में सदस्यों की ओर से लगातार मठ-मंदिरों की भूमि को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। इसका ब्योरा सार्वजनिक करने और अपलोड करने की मांग की जा रही है।

मुजफ्फरपुर में 89 जगहों पर मठ-मंदिर की भूमि चिह्नित की गई है, लेकिन न तो ब्योरा अपलोड किया गया है और न ही विभाग को भेजा गया है।

दरअसल, इन संपत्तियों को बचाने के लिए चहारदीवारी का निर्माण किया जाना है, लेकिन हजारों एकड़ भूमि पर अतिक्रमण और फर्जी तरीके से बिक्री होने के कारण सीमांकन व मापी में परेशानी हो रही है।

पिछले दिनों सिवाईपट्टी में धार्मिक न्यास पर्षद की भूमि पर पंचायत भवन बनाने के लिए अंचल स्तर से स्वीकृति दे दी गई थी। वहां निर्माण कार्य शुरू भी कर दिया गया। इसके बाद मंदिर के सेवइत ने पर्षद से लेकर सभी पदाधिकारियों को इससे अवगत कराया और अविलंब रोक लगाने की मांग की।

# प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर सास की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** बिहार के अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र में सोहरिया मोड़ के पास 60 वर्षीय एक वृद्ध महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला के सिर में गोली लगी थी।

उसकी पहचान अरवल सदर थाना क्षेत्र के फतेहपुर संडा टोला लक्ष्मी बिगहा गांव निवासी अवधेश यादव की पत्नी रेशमा देवी के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

घटना के पीछे सास-बहू का विवाद बताया जाता है। बहू के प्रेम प्रसंग में सास बाधक बन रही थी। पति अवधेश यादव का आरोप है कि बहू राखी कुमारी ने अपने प्रेमी संग मिलकर पूर्व नियोजित साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया है। अवधेश यादव ने बहू के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत की है। घटना के बाद बहू फरार है।

अवधेश यादव के अनुसार पुत्र विनोद यादव ने आठ वर्ष पूर्व गया जिले के अलीपुर थाना अंतर्गत मालदा गांव की राखी कुमारी से प्रेम विवाह किया था।

कुर्था में मैट्रिक परीक्षा देने के समय दोनों में प्यार हुआ था। शादी के बाद बहू हमेशा मायके में ही रहती थी। इस बीच उसने दो बच्चों को जन्म दिया। छानबीन में पता चला कि उसका किसी युवक से अवैध संबंध चल रहा है।

इस वियोग में पुत्र भी मानसिक रूप से कमजोर हो गया। रेशमा देवी बहू की इस हरकत का हमेशा विरोध करती थी।

इसी रंजिश में शुक्रवार को बहू पूर्व नियोजित साजिश के तहत मायके से ससुराल पहुंची और बीमार सास को इलाज कराने के बहाने अरवल सदर अस्पताल ले गई।

वहां से बेहतर इलाज के बहाने किंजर ले गई, जहां प्रेमी व उसके दोस्तों संग मिलकर रात्रि में उसकी हत्या कर दी और ससुराल लौट आई।

# भीषण अगलगी में कपड़े की दुकान व गोदाम राख

## पांच दमकलों ने मिलकर पाया आग पर काबू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर संजय सिनेमा रोड पर सोमवार की देर रात एक भीषण अग्निकांड में एक कपड़े की दुकान, गोदाम और एक घर जलकर खाक हो गया। आग इतनी भयावह थी कि इसकी लपटों ने आस-पास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बना दिया। लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

आग लगने की शुरूआत एक पूजन सामग्री की दुकान से बताई जा रही है, जहां से उठी चिंगारी ने कपड़े की दुकान और गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। साथ ही पास स्थित उसलाल साह का एसबेस्टस का घर भी इस भीषण अग्निकांड की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धूप-दीया से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल मोर्चा संभाला और बगल के घरों में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तीन बड़ी और दो छोटी दमकल गाड़ियों ने मिलकर ढाई घंटे में आग पर नियंत्रण पाया।

फायर विभाग के जिला कमांडेंट त्रिलोकीनाथ झा ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस घटना में सबसे अधिक नुकसान कपड़े की दुकान और गोदाम को हुआ है। दुकान में रखे कपड़े और अन्य सामग्रियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं। वहीं, बगल के घर में बच्ची की शादी के लिए रखे गए 40 हजार रुपये नकद और दो लाख से अधिक के सामान भी जल गए। कपड़े की दुकान दामोदरपुर निवासी सुरेंद्र सर्राफ की बताई जा रही है, जो दिनेश साह के मकान में संचालित थी। घटना के समय दुकानदार दुकान बंद कर घर जा चुके थे।

स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना तुरंत दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फिलहाल प्रशासन और अग्निशमन विभाग आग लगने के कारण और क्षति का विवरण तैयार करने में जुटे हैं।

## ठेकेदार को मिला टास्क

**भागलपुर।** दो माह में 17 किलोमीटर एनएच 80 बनाने का ठेकेदार को टास्क मिला है। हरहाल में लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है। एनएच-80 निर्माण धीमी गति से चल रहा है। तेजी लाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। इसके तहत दो माह की समय सीमा तय की गई है।

इस दो माह में 17 किलोमीटर सड़क बनाने का काम को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित की गई है। एनएच कार्यालय ने जिलाधिकारी को तैयार कार्य योजन की रूपरेखा सौंप दी गई है। जिसमें घोघा गोल सड़क से जीरोमाइल चौक तक के लिए वन-वे मांगा गया है। लगातार ट्रैफिक के चलने से सड़क निर्माण में खलल पड़ रही है।

एनएच-80 का निर्माण दो हिस्सों में हो रहा है। जिसमें पैकेज-दो जीरोमाइल से मिजाचौकी तक काम धीमा है। अधिकारियों की आपत्ति के बाद काम में तेजी लाने के लिए वर्कप्लान बना है। जिसके तहत 17 किलोमीटर में काम दो माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ये दो माह ट्रैफिक वनवे की अनुमति मिलते ही शुरू हो जाएगा।

# सड़क हादसे में तीन की मौत, चार अन्य गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** पटना-बक्सर एनएच 922 पर दलसागर टोल प्लाजा के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। चार लोगों को गंभीर स्थिति में वाराणसी रेफर कर दिया गया है।

हादसे में सभी मृतक रोहतास के विक्रमगंज थाना अंतर्गत शिवपुर हाल्ट के निवासी थे। मृतकों की पहचान प्रमोद कुमार सिंह उम्र करीब 45 वर्ष पिता मुंद्रिका सिंह, पप्पू सिंह उम्र करीब 30 बर्ष पिता स्वर्गीय मदन सिंह और रितेश सिंह उम्र करीब 16 बर्ष पिता राजेश सिंह के रूप में हुई है। औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़री मोड़ के पास हुए हादसे में ब्रेजा कार पर सवार सभी अपनी मां का दाह संस्कार करने रोहतास जिले के बिक्रमगंज से बक्सर मुक्तिधाम जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर ट्रक में पीछे से घुस गई।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह भीषण हादसा शनिवार देर रात ढाई बजे के करीब हुआ है। रोहतास के बिक्रमगंज से कुछ लोग एक महिला की मौत के बाद अंतिम संस्कार करने बक्सर मुक्तिधाम जा रहे थे।

सबसे आगे पिकअप पर शव के साथ कुछ लोग थे, जबकि पिकअप के पीछे हरियाणा में कोई रोजगार करने वाले महिला के पुत्र अपनी नई ब्रेजा कार से कुछ रिश्तेदारों के साथ जा रहे थे।

तेज रफ्तार कार दलसागर टोल प्लाजा से थोड़ा आगे पड़री मोड़ के पास जैसे ही पहुंची कि तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर में जा टकराई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी वजह से आगे बैठे तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर औद्योगिक थानाध्यक्ष संजय कुमार ने सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार करते हुए चिकित्सक ने सभी को तत्काल वाराणसी रेफर कर दिया।

# धमाके से कांपी धरती... आसमान से खेत में गिरी भारी भरकम चीज

## बरेली में हुई ऐसी घटना, अचंभित रह गए लोग



**बरेली , एजेंसी।** बरेली के बिशारतगंज थाना क्षेत्र में आंवला-अलीगंज रोड पर जिंदल ग्रुप के नवनिर्मित एथनॉल प्लांट का बॉयलर सोमवार सुबह जोरदार धमाके के साथ फट गया। इससे आसपास का इलाका दहल गया। प्लांट में आग लग गई। बॉयलर की भारी भरकम कैप हवा में उड़कर करीब चार सौ मीटर दूर खेत में जाकर गिरी। खेतों में काम कर रहे किसान भाग खड़े हुए। एक किसान घायल हो गया। धमाका इतनी तेज था कि पास के गांव इस्माइलपुर में घरों की दीवार तक हिल गईं। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या। बाद में पता चला कि एथनॉल प्लांट में आग लगी है। घटना के दौरान प्रबंधन के लोग वहां से खिसक गए थे। फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में प्लांट में काम कर रहे दो मजदूर झुलसे हैं। इनका उपचार बरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

बिशारतगंज क्षेत्र में आंवला-अलीगंज रोड किनारे जिंदल ग्रुप ने एसएनजे बायो प्रोडक्टस नाम से एथनॉल प्लांट बनाया है। सोमवार को सुबह 11 बजे ओवरहीट होने से प्लांट में आग लग गई और तेज धमाके के साथ बॉयलर फट गया। बॉयलर की कैप करीब चार सौ मीटर दूर गेहूं के खेत में जा गिरी। वहीं इसके टुकड़े इधर-उधर बिखर गए। हादसे के वक्त खेत पर काम कर रहे इस्माइलपुर निवासी किसान कुंभकरण भागते वक्त गिरकर घायल हो गए। बॉयलर के पास काम कर रहे अलीगंज के पांडी गांव निवासी मजदूर आदेश व चंद्रेश झुलस गए।

प्लांट में धमाके की सूचना पर आंवला व बरेली से दमकल की सात गाड़ियां, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें पहुंच गईं। इफको व रेलवे स्टेशन रोड स्थित तेल डिपो की फायर यूनिट ने मौके पर पहुंचकर घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना के बाद अधिकारियों ने मौके से करीब 100 मीटर दूर बने एथनॉल भंडारण टैंकों को काफी देर तक पानी डालकर ठंडा कराया। डर था कि आग की गर्माहट से उन टैंकों में भाप बनकर धमाका न हो जाए।

पुलिस, प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारियों की काफी देर बाद प्लांट के प्रबंधक अमन तिवारी से बात हुई। उन्होंने बताया कि प्लांट का अभी ट्रायल चल रहा है। हमारी टीम ब्लोइंग टेस्ट कर रही थी, तभी यह हादसा हो गया। कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि, कुछ मजदूरों ने दबी जुबान बताया कि प्लांट में टेस्टिंग के दौरान कोई एक्सपर्ट मौजूद नहीं था। अगर एक्सपर्ट की मौजूदगी में टेस्टिंग की जाती तो शायद हादसा टल सकता था। एनओसी के बारे में पूछने पर अग्निशमन विभाग के अधिकारी का कहना है कि प्रबंधन से रिकॉर्ड मांगा गया है। जांच के बाद ही एनओसी व वजह के बारे में बता सकते हैं।

वहां मौजूद ठेकेदार ने बताया कि इस प्लांट में मक्के व चावल से एथनॉल तैयार किया जाता है। एथनॉल अब पेट्रोल के साथ भी मिश्रित करके बेचा जाता है। इस प्लांट की क्षमता चार लाख लीटर की है। प्लांट कर्मियों ने बताया कि अनाज का मिश्रण स्टीम के माध्यम से रस के रूप में फरमेंटर टैंक में जाता है। तकनीक का उपयोग कर टैंक में एथनॉल बनता है। इसी टैंक में धमाका हो गया।

किसान कुंभकरण ने बताया कि वह खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक तेज धमाका हुआ। धरती कांपी। उनकी नजर ऊपर गई तो विशालकाय चीज नीचे गिर रही थी। उससे बचने के लिए वह खेत से भाग खड़े हुए। भागते समय वह गिरकर घायल हो गए। बताया कि प्लांट के चारों ओर सैकड़ों बीघा जमीन पर गेहूं की फसल पकी खड़ी है। गनीमत रही कि बॉयलर की कैप खेतों में गिरने के बाद फसलों में आग नहीं लगी, वरना हादसा बड़ा हो सकता था।

## 11 अप्रैल को सपा मुखिया अखिलेश यादव अलीगढ़ में, वर-वधू को देंगे आशीर्वाद



**अलीगढ़ , एजेंसी।** सपा मुखिया व सांसद अखिलेश यादव 11 अप्रैल को अलीगढ़ में रहेंगे। वह कासगंज की पूर्व विधायक नजीबा खान जीनत की बेटी की शादी में शामिल होंगे। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष वर-वधू को आशीर्वाद देंगे।

वक्फ बिल का विरोध और आरएसएस प्रमुख के आगमन को लेकर पहले ही राजनीतिक गलियारों में हलचल है। वहीं 11 अप्रैल के समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगमन को लेकर सरगर्मी बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है। वैसे तो वह एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे है। 11 अप्रैल को वह सुबह करीब साढ़े 10 बजे धनीपुर हवाई पट्टी पर पहुंचेंगे। वहां से 11.15 मिनट पर रामघाट रोड तालानगरी स्थित गोल्डन स्टोन रिसार्ट में पहुंचेंगे।

यहां पर वह वर-वधु नाशी खान व मो. समीर इस्लाम को आशीर्वाद देंगे। कासगंज की पूर्व विधायक की बेटी और सहावर नगर पंचायत की अध्यक्ष व लखनऊ हाईकोर्ट अधिवक्ता नाशी खान की शादी आईएएस अधिकारी मो. समीर से हो रही है। वर्तमान में मो. समीर रक्षा मंत्रालय में तैनात है। जिला महासचिव मनोज यादव ने बताया कि 11 अप्रैल को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अलीगढ़ शादी में शामिल होने आ रहे हैं। जिसका कार्यक्रम जारी हो चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्केस्ट्रा संचालक से मनबढ़ों ने की मांग, इंकार करना पड़ा भारी; पति-पत्नी को पीटा

**गोरखपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के साथीपार में किराए के मकान में रह रहे आर्केस्ट्रा संचालक ने मनबढ़ युवक को नर्तकी देने से इंकार कर दिया। इससे गुस्साए मनबढ़ ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर संचालक व उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं।

बिहार प्रांत के सीपोर जिले नदी थाना क्षेत्र के बेलही गांव निवासी पंकज कुमार मंडल वर्तमान में गीडा थाना क्षेत्र के साथीपार में किराए के मकान में रहते हैं। वह आर्केस्ट्रा का संचालन करता था। शनिवार की रात 8.30 बजे को एक मनबढ़ युवक उनसे मिला और एक नर्तकी को भेजने के लिए दबाव बनाया। संचालक ने नर्तकी देने से इनकार कर दिया। मनबढ़ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए चला गया।

रविवार की सुबह मनबढ़ अपने तीन साथियों के साथ उसके घर पर पहुंचा। इसके बाद उसे व उसकी पत्नी को ईंट से मारकर जख्मी कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने देईपार निवासी अंबेडकर व उसके तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आगरा-ग्वालियर नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा, टक्कर लगते ही जलने लगा डंपर

**आगरा , एजेंसी।** आगरा-ग्वालियर हाईवे पर सैयां बिजलीघर के पास मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार डंपर ने आगे चल रहे कैंटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कैंटर में आग लग गई। चालक का पैर सीट में फंस गया। जब तक वो बाहर निकलता, तब तक आग ने पूरी तरह घेर लिया। चालक की डंपर के अंदर जिंदा जलकर मौत हो गई।

मृतक का नाम निशांत है, जो राजस्थान के मनिया जिला का रहने वाला था। डंपर चालक लोकेंद्र ने बताया कि निशांत को गाड़ी कम चलाना आथी थी। सिखाने के उद्देश्य से उसने ड्राइविंग सीट पर उसे बिठा दिया था। सैयां बिजलीघर के पास आगे चल रहे कैंटर ने अचानक ब्रेक मार दिए। निशांत डंपर को संभाल नहीं पाया और कैंटर से टकरा गया।

टक्कर लगते ही डंपर में आग लग गई। वो तो बच निकला, लेकिन निशांत का पैर फंस गया। वो चाहते हुए भी उसे नहीं बचा सका। तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक निशांत की जिंदा जलकर मौत हो गई।

### दोस्त बन लूट ली इज्जत: पहचान छिपाकर जिम में की दोस्ती, बुलाया होटल, फिर किया दुष्कर्म

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ महानगर के देहली गेट इलाके की युवती से दूसरे समुदाय के जिम संचालक ने नाम-धर्म छिपाकर दोस्ती कर ली। फिर होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। जब इसकी पहचान उजागर हुई तो युवक ने युवती के बनाए अश्लील वीडियो फोटो दिखाकर धमकाना शुरू कर दिया। मामले में सोमवार शाम भाजपाइयों ने पहले सीओ के पास फिर थाने पहुंचकर कार्रवाई के लिए शिकायत की। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। साथ में जांच भी शुरू कर दी है। इस संबंध में दी गई तहरीर में कहा गया है कि युवती दो वर्ष पहले हड्डी गोदाम चौराहा की द फोर्स नामक जिम में जाती थी। वहां जिम संचालक ने खुद का नाम राजा बताकर अपनी पहचान छिपाकर उससे दोस्ती का प्रस्ताव रखा। पहले युवती ने इंकार कर दिया। मगर युवक ने उसका पीछाकर, बातों में फंसाकर दोस्ती कर ली।

बाद में झांसे में लेकर खेरेश्वर के पास एक होटल में बुलाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। अश्लील फोटो व वीडियो भी बना लीं। फिर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। जब युवती को उसकी असली पहचान पता चली तो उसने विरोध किया। इस पर युवक ने युवती पर धर्म बदलने, निकाह करने व नमाज पढ़वाने का दबाव बनाया। अन्यथा वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इससे दहशत में आई युवती ने परिवार को वाकया बताया।

## आईआईटी के छात्रों का ड्रोन सर्वे, सफेद रंग और सोलर पैनल ने 22 डिग्री गिराया छत का पारा

**वाराणसी , एजेंसी।** भीषण गर्मी से घर की छत, एयर कंडीशनर लैब और सर्वर रूम भी प्रभावित होने लगे हैं। आईआईटी बीएचयू के युवा वैज्ञानिकों ने बढ़ते तापमान के प्रभाव पर दो रिसर्च किए हैं। लैब के ठंडे वातावरण में मशीनों के तापमान में होने वाले न्यूनतम 0.5 डिग्री सेल्सियस के अंतर को डिटेक्ट करने वाला सेंसर बनाया गया है। वहीं, दूसरे शोध के अनुसार छतों की सतह के तापमान को 22 डिग्री तक कम किया जा सकता है।

ड्रोन से क्रंकीट के छतों का हीट सर्वे किया है। छतों की सतह को लेकर आईआईटी बीएचयू के पीएमआरएफ रिसर्चर रणवीर कुमार, जियो इन्फॉर्मेटिक्स के राजर्षि भट्टाचार्य और सिविल इंजीनियरिंग के जनार्दन काचरी ने रिसर्च किया है।

अलग-अलग बिल्डिंग की छत की सतह के तापमान में अंतर पाया गया। ड्रोन से थर्मल सर्वे कराने के बाद पता चला कि सिर्फ कंक्रीट की एक छत का तापमान बढ़कर 67.1 डिग्री तक चला गया था। जिस छत को सफेद रंग से पेंट किया गया था, उसकी सतह कंक्रीट के मुकाबले कम गर्म रही। जिस छत पर सफेद पेंटिंग और सोलर पैनल लगा था, उस छत का तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था।

### ऊर्जा सोखने की मांग में आई कमी

दोपहर की धूप छंटने के दौरान इन छतों के सतह का तापमान लिया गया था। वैज्ञानिकों ने देखा कि पेंट और सोलर पैनल से छतों में उष्मा को सोखने की मांग में कमी आई है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग से छतों के ऊर्जा की मांग घटेगी और काशी के अर्बन हीट की मात्रा कम होगी। वैज्ञानिकों ने तापमान घटने का ये सिलसिला मैप पर भी दिखाया।

### छात्रों ने बनाया टेंप्रेचर मॉनिटरिंग अलर्ट सिस्टम

छात्रों ने एक टेंप्रेचर मॉनिटरिंग अलर्ट सिस्टम तैयार किया है। इस डिवाइस में तापमान रीडर और दूसरा एलईडी अलर्ट होगा। लैब, सर्वर रूम या किसी औद्योगिक प्रक्रिया में कहीं हल्का सा भी तापमान बढ़ा या घटा तो ये सेंसर उसको भी डिटेक्ट कर अलर्ट देगा।

## केजीएमयू को मिला बच्चों की सर्जरी के उपकरण का पेटेंट



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी की राजधानी लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) को बच्चों की सर्जरी में सहयोग करने वाली डिवाइस विकसित करने के लिए पेटेंट मिला है। यह डिवाइस बच्चों में मलद्वार बनाने की सर्जरी के दौरान मल नियंत्रण करने वाली मांसपेशी की पहचान करने में मदद करेगी।

यह पेटेंट पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉ. आनंद पांडेय, एसआईबी शाइन कार्यक्रम के तकनीकी अफसर इंजीनियर सुमित कुमार वैश्य, पीडियाट्रिक सर्जरी के विभागाध्यक्ष प्रो. जेडी रावत और पूर्व फेलो मोहम्मद जाहिद खान की कोशिशों से संभव हो सका है।

### इस समस्या का निकलेगा हल

डॉ. आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि हर पांच हजार बच्चों में से एक को जन्मजात बीमारी इम्पेर्फोरेटे ऐनस की समस्या होती है। इसका मतलब है कि बच्चे में मलद्वार नहीं बना होता है। इस दशा में सर्जरी करके मलद्वार बनाया जाता है। सर्जरी के दौरान बच्चे की स्फिंक्टर मसल तलाशनी जरूरी होती है। यह मांसपेशी ही मल को नियंत्रित करने में मददगार साबित होती है। इसकी वजह से ही व्यक्ति मल को नियंत्रित कर पाता है। मांसपेशी न मिलने पर बच्चे का मल पर नियंत्रण नहीं रहता है। यह समस्या आजीवन बनी रह सकती है। इसी वजह से सर्जरी के दौरान यह मांसपेशी तलाशी जाती है। सर्जरी के दौरान यह मांसपेशी तलाशना मुश्किल काम होता है, जिसे यह डिवाइस आसान बनाएगी। वह मांसपेशी को कुछ क्षण में ही पहचान लेगी। इससे सर्जरी में कम समय लगेगा। संस्था के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय मेडिकल इनोवेशन को लेकर सक्रिय है और हर संभव सहायता के लिए तैयार है। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी है।

### ऐसे काम करती है डिवाइस

यह डिवाइस बैट्री चालित है। इसे बच्चे के मल द्वार के पास रखा जाता है। इसके माध्यम से निकले करंट का प्रभाव मल नियंत्रण वाली मांसपेशी पर पड़ता है, डॉक्टर उसकी पहचान कर लेते हैं। इसे ध्यान में रखकर उसके नीचे मलद्वार बनाया जाता है। इस डिवाइस का इस्तेमाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ भी कर सकते हैं। प्रसव के दौरान कई बार मल नियंत्रण मांसपेशी पहचानने की जरूरत पड़ती है।

## सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान लक्ष्य से कोसों दूर

### बैंकों की मनमानी से सिर्फ 25 फीसदी को ही मिला कर्ज

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए जोर शोर से शुरू हुई सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अभी भी अपने लक्ष्य से कोसों दूर है। बैंकों की मनमानी व ढीलाशाही रवैये की वजह से उद्योग विभाग ने 2000 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। लेकिन, कर्ज सिर्फ 482 प्रोजेक्ट यानि करीब 25 फीसदी को ही मिल सका है। उधर, बैंक ने भी जिन 904 प्रोजेक्ट को कर्ज की मंजूरी दी उसमें से भी सिर्फ 482 को ही कर्ज दिया। ऐसे में खत्म होते वित्तीय वर्ष में शेष 422 आवेदकों की सब्सिडी लटक सकती है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से जनपद लखनऊ को इसके लिए 3500 प्रोजेक्ट का लक्ष्य दिया गया। इसमें 3500 आवेदकों को 5-5 लाख रुपये तक का कर्ज वितरण करना था। लेकिन, खत्म होते वित्तीय वर्ष में उद्योग विभाग सिर्फ 2000 प्रोजेक्ट यानी करीब 60 फीसदी को ही मंजूरी दे सका। उसमें भी कर्ज के लिए मंजूर हुए 904 प्रोजेक्ट में से सिर्फ 482 को ही कर्ज मिल सका है। ऐसे में शेष अगर 31 मार्च तक शेष 422 आवेदकों को कर्ज नहीं मिला तो खत्म होते वित्तीय वर्ष में इनकी 10 प्रतिशत तक की सब्सिडी लटक सकती है। पांच लाख के कर्ज के हिसाब से यह 50 हजार रुपये प्रति प्रोजेक्ट बनती है।

### अगले वित्तीय वर्ष में ट्रेनिंग के बाद मिलेगी सब्सिडी

वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक सभी को बिना किसी ट्रेनिंग के 5 लाख तक का कर्ज दिया गया। इसमें जिन 482 आवेदकों को कर्ज मिला है उनको तो 50 हजार रूपये की सब्सिडी आसानी से मिल जाएगी। लेकिन, जिन 422 प्रोजेक्ट के आवेदकों को कर्ज की मंजूरी तो हुई लेकिन कर्ज नहीं मिला, उनको अगले वित्तीय वर्ष में सब्सिडी हासिल करने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ेगी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक सब्सिडी पाने के लिए प्रोजेक्ट के खर्चे के बिल भी उसी वित्तीय वर्ष के होने चाहिए जिस वित्तीय वर्ष में कर्ज स्वीकृत हुआ है। अगले वित्तीय वर्ष से सब्सिडी दिलाने से पहले सबकी ट्रेनिंग भी जरूरी होगी। इस साल यह तय था कि पहले कर्ज दे दें, इसके बाद सभी की एक साथ ट्रेनिंग कराई जाएगी।

### एलडीएम बोले, नहीं कोई लापरवाही

कुछ दिन पहले बैंकों की ढीलाशाही पर डीएम विशाख जी ने कड़ा रुख अख्तियार किया था और निजी बैंकों को लापरवाही पर उनके सरकारी खाते बंद करने की चेतावनी भी दी थी। लेकिन, लीड बैंक मैनेजर मनीष पाठक का कहना है कि सभी को कर्ज दिया जा रहा है। जिस प्रोजेक्ट रिपोर्ट में कागज पूरे नहीं हुए होंगे, सिर्फ उनके ही कर्ज वितरण में देरी होगी।

## आरटीई के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश न देने पर निजी स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश न देने पर निजी स्कूलों के खिलाफ अब कार्रवाई शुरू होगी। दूसरी ओर स्कूल प्रबंधक अभिभावकों से पात्रता का प्रमाणपत्र मांग रहे हैं।



नियम के मुताबिक, निजी स्कूल इस तरह का कोई प्रमाणपत्र नहीं मांग सकता है। इसकी कई शिकायतें बीएसए दफ्तर भी पहुंची हैं।

**स्कूल नहीं ले सकते हैं किसी भी प्रकार का शुल्क**- आरटीई के तहत चयनित बच्चे के अभिभावक से निजी स्कूल कोई भी शुल्क नहीं ले सकते हैं। अगर प्रवेश शुल्क निजी प्रबंधक मांगते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। अभिभावक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि ये नियम आरटीई एक्ट में स्पष्ट है।

# साहब, स्कूल महंगी किताबों का डाल रहा दबाव, डीएम ने दिया तत्काल नोटिस

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में सरसैया घाट सभागार में जनपदीय शुल्क नियामक समिति में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के सामने एक अभिभावक ने जैसे ही शिकायत किया कि उनकी बेटी पर स्कूल ज्यादा कीमत की किताब खरीदने का दबाव बना रहा है, उन्होंने स्कूल को नोटिस भिजवा दिया।

गुजैनी निवासी एक अभिभावक रजनीश उर्फ नीरज लोहिया ने शिकायत किया कि उनकी बेटी के स्कूल में एक दुकान से ही किताब खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने पूछा कि किस स्कूल का मामला है। नीरज ने बताया कि एक्मे पब्लिक स्कूल का मामला है।

स्कूल की ओर से गोविंदनगर स्थित फेयरडील बुक सेलर एंड स्टेशनरी की दुकान से ही कॉपी और किताबें अधिक मूल्य में खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। इस डीएम ने तत्काल स्कूल को नोटिस जारी करने का आदेश डीआईओएस को दिया। बैठक के दौरान कई स्कूलों की शिकायतें आई। इन सभी के खिलाफ जिलाधिकारी की ओर से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



### इन विद्यालयों पर कसी नकेल

डीएम की ओर से एक्मे पब्लिक स्कूल गुजैनी, एनएलके इंटर कॉलेज अशोकनगर, एनएलके पब्लिक स्कूल जवाहरनगर, एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज नौबस्ता, वेंडी एकेडमी हाईस्कूल साकेतनगर और चिंटल्स स्कूल रतनलालनगर को दोबारा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। पहले जब स्कूलों को नोटिस दिया गया था, जिसके जवाब में विद्यालय प्रबंधन ने सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया था।

### डीएम ने कहा- यह जवाब संतोषजनक नहीं है

छात्रों से न तो गलत फीस वसूली जा रही है और न ही उन्हें किताब अथवा कॉपी किसी चुनिंदा दुकान से खरीदने की को बाध्य किया जाता है। जब डीआईओएस ने यह जवाब बताए इस पर डीएम नाराज हो गए। डीएम ने कहा कि यह जवाब संतोषजनक नहीं है। दोबारा नौ अप्रैल को समिति के सामने दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। वहीं, किताबों की लिस्ट छात्रों को न देने पर विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

### यह है कानून

उप्र स्ववित्तपोषित स्वतंत्र (शुल्क निर्धारण) अध्यादेश-2018 की बिंदु संख्या 10 में उल्लेखित है कि किसी छात्र को पुस्तकें, जूते, मोजे व यूनिफार्म आदि किसी विशेष दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य करना नियमों का उल्लंघन है। अर्थदंड के साथ-साथ अन्य आवश्यक कार्रवाई करना समिति के अधिकार क्षेत्र में आता है।

# पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने 'हिंद सेना' पार्टी बनाई

## हमारे खून के हर कतरे में 'हिन्द' है, इसलिए पार्टी का नाम 'हिंद सेना' रखा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार के सिंघम के नाम से मशहूर पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप वामनराव लांडे ने सियासत में कदम रखते हुए मंगलवार को 'हिंद सेना' नाम से अपनी पार्टी का ऐलान कर दिया। दरअसल, शिवदीप लांडे की सियासी पारी की काफी दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं। उन्होंने काफी पहले ही सियासत में उतरने का ऐलान किया था, लेकिन यह नहीं बताया था कि वह अपनी नई पार्टी बनाएंगे या किसी दल से जुड़ेंगे। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि शिवदीप लांडे, प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को ज्वाइन करेंगे। वहीं मंगलवार को लांडे ने प्रेस कांफ्रेंस करके अपनी राजनीतिक पारी की घोषणा की और इसी दौरान अपने राजनीतिक दल का ऐलान कर दिया। प्रेस वार्ता के दौरान शिवदीप लांडे ने कहा कि हमारे खून के हर कतरे में 'हिन्द' है, इसलिए पार्टी का नाम 'हिंद सेना' रखा गया है। उन्होंने कहा कि मैं जब आईपीएस अधिकारी था, तब मेरी हर शुरुआत 'जय हिंद' से होती थी। इसलिए अपनी पार्टी के नाम में 'हिंद' शब्द को शामिल किया। अब यह 'हिंद सेना' बिहार के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मेरी 'हिंद सेना पार्टी' का उद्देश्य जात-पात, धर्म और वोट बैंक की राजनीति से हटकर एक साफ-सुथरी व्यवस्था देने की है। उन्होंने कहा कि अब बिहार को एक नया नेतृत्व चाहिए, जो ईमानदारी, ऊर्जा और विकास की बात करे, न कि जनता को पुराने नारों से बहकाए। लांडे का मानना है कि बिहार को अब पुराने नारों और खोखली राजनीति से बाहर निकलकर एक नए नेतृत्व की जरूरत है, जो मानवता, न्याय और सेवा को प्राथमिकता दे, न कि केवल भावनात्मक मुद्दों के सहारे जनता को भ्रमित करे। शिवदीप लांडे ने पुलिसिया अंदाज में बताया कि उन्होंने राजनीति के मैदान में कदम क्यों रखा और उनका उद्देश्य क्या है? उन्होंने कहा कि युवाओं की दशा और दिशा बदलने के लिए राजनीतिक पार्टी उन्होंने बनाया है। युवाओं के लिए ही वे राजनीति में आए और युवाओं के साथ मिलकर वे आगे बढ़ेंगे। पेपर लीक मामले में शिक्षा माफियाओं को धमकी देते हुए लांडे ने कहा कि अगर हमारी पार्टी आई तो फिर कोई पेपर लीक करके दिखा दे। सब ठीक कर दिया जाएगा। 360 डिग्री कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि बिहार के हर जिले में बुनियादी सुविधाओं की कमी है। आजादी के 75 साल बाद भी बिहार विकास से अछूता रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ मिलकर बिहार के हालात को बदलेंगे। शिवदीप लांडे ने कहा कि पिछले एक महीने से वो युवाओं से मिले। उन्होंने समस्याओं की लंबी सूची दी है। बताया कि युवाओं के लिए ही उन्होंने राजनीति में आने की सोची। शिवदीप लांडे ने कहा कि पुलिस की नौकरी से इस्तीफा देने के बाद उन्हें कई जगह से ऑफर आए। शिवदीप लांडे को राज्यसभा और मंत्री बनाने का ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री चेहरा तक बनाने का ऑफर दिया गया। लेकिन किसी ऑफर में इसलिए दिलचस्पी नहीं और युवाओं की दशा और दिशा बदलने के लिए राजनीतिक पार्टी बनाया। वहीं उन्होंने खुद के चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि उनकी पार्टी 243 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। 243 सीट पर उम्मीदवार कोई भी हो चुनाव शिव दीप लांडे ही लड़ेंगे।

# ससुराल में दामाद की हत्या मामले में पत्नी, सास समेत चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मसौढ़ी।** बीते सोमवार को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भदौरा गांव में अपनी पत्नी के मौसी घर आए हुए एक युवक की गला दबाकर हत्या कर देने के मामले में मसौढ़ी पुलिस ने मंगलवार को उसकी पत्नी मुस्कान कुमारी समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें सरयूग पासवान पिता स्व रामचंद्र पासवान, नंदिनी देवी पति बबलू कुमार(मौसी) मुस्कान कुमारी पिता स्वर्गीय जयप्रकाश कुमार (पत्नी)अनीता देवी पति धर्मेंद्र पासवान नियामतपुर (सास) आदि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल बताया जाता है कि 2 साल पहले नियामतपुर की रहने वाली मुस्कान कुमारी पिता धर्मेंद्र पासवान पालीगंज के मसौढ़ा के रहने वाले जयप्रकाश कुमार पिता अमन राम से अंतरजातीय विवाह किया था, स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक शादी के बाद लगातार इन दोनों परिवारों में खटास चल रही थी। ऐसे में शादी के 2 साल बाद भी यह खटास मिटी नहीं और इसे रास्ते से हटाने का पूरा प्लानिंग कर हत्या कर दिया है। इसी बीच रामनवमी के मौके पर भदौरा गांव में मुस्कान कुमारी अपने मौसी के घर पूजा का आयोजन के मौके पर इसे बुलाया गया जहां जयप्रकाश बाइक से पहुंचा जहां पर रात भर खस्सी का मीट और शराब की पार्टी हुई और उसी में इसे गला दबाकर उसकी हत्या कर हांसाडीह गांव के दक्षिण चिमनी भट्ठा के पास शव को फेंक दिया। मृतक जयप्रकाश के पिता अमन राम ने भदौरा के रहने वाले सभी ससुराल पक्षों पर हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फिलहाल चार लोगों को गिरफ्तार किया है और पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# रिश्वतखोरी मामले में सीडीपीओ सविता कुमारी दोषी, विशेष निगरानी अदालत ने सुनाई सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/फुलवारीशरीफ।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विशेष निगरानी न्यायालय, पटना ने गया जिले की पूर्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) सविता कुमारी को रिश्वत लेने के मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश मो. रुस्तम की अदालत ने पीसी एक्ट की धारा 7 और 13(2) के तहत सविता कुमारी को 3 वर्ष एवं 4 वर्ष सश्रम कारावास के साथ प्रत्येक धारा के लिए 10-10 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। विशेष लोक अभियोजक विजय भानू उर्फ पुट्टू बाबू ने बताया कि 22 अप्रैल 2017 को सविता कुमारी को गया जिले के कोंच स्थित कार्यालय में 10,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। मामले में महिला पर्यवेक्षिका गजाला साहिन मुख्य गवाह बनीं जिनसे 30,000 रुपये की बरामदगी भी की गई थी। अभियोजन पक्ष ने इस प्रकरण में कुल 10 गवाहों की गवाही प्रस्तुत की जिनके बयानों के आधार पर अदालत ने सविता कुमारी को दोषी ठहराया।

# श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी के लिए विभाग की सार्थक पहल

## मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया श्रम संवाद पत्रिका के प्रथम अंक का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार की ओर से प्रकाशित त्रैमासिक 'श्रम संवाद पत्रिका' के प्रथम अंक का विमोचन आज श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया। इस विशेष अवसर पर विभाग के सचिव दीपक आनन्द समेत विशेष सचिव राजीव रंजन, विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रम आयुक्त राजेश भारती के साथ अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह पत्रिका राज्य के श्रमिकों के हितों, कल्याणकारी योजनाओं, श्रम सुधारों और कौशल विकास की दिशा में सरकार के प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है। पत्रिका के संपादक स्वयं मंत्री संतोष कुमार सिंह हैं जो इसे एक दृष्टिकोण आधारित और नीति संवाद का मंच बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। 'श्रम संवाद' में राज्य में श्रम कानूनों में किए गए बदलावों के साथ-साथ सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन, असंगठित कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, कैरियर मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण में कौशल विकास की भूमिका जैसी कई विषयों पर जानकारी दी गई है। पत्रिका में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, गिरमिटिया से गूगल तक अंतरराष्ट्रीय प्रवासन की प्रवृत्ति, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 तथा श्रम अधिनियमों का इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लेख प्रकाशित किए गए हैं। साथ ही राज्य के नियोजनालयों और करियर सेंटर की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। यह पत्रिका न केवल सूचना का स्रोत होगी बल्कि नीति निर्माताओं, उद्योगों और आम श्रमिकों के बीच सेतु का कार्य करेगी। मंत्री ने आशा जताई कि यह पहल श्रमिक कल्याण और रोजगार सृजन के प्रयासों को और गति देगी।

# दिवगंत चितरंजन शर्मा के शोकाकुल परिवार से मिले मंत्री प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भाजपा कोटे से मंत्री डॉ प्रेम कुमार धनरूआ के नीमा गांव स्थित दिवगंत चितरंजन शर्मा के शोकाकुल कुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें यथासंभव मदद करने का भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि चितरंजन शर्मा भाजपा के न केवल विधायक थे बल्कि राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी रहे हैं। इनका असमय चले जाना पार्टी के लिए बहुत ही अपूरणीय क्षति है। इनका क्रियाकलाप बहुत ही बेहतर रहा है पार्टी स्तर पर उनके परिवार वालों को जो भी मदद होगा उनके लिए हमेशा तत्पर हैं।

# दक्षिण पूर्व रेलवे के 12 कर्मचारी उत्कृष्ट सुरक्षा कार्य के लिए सम्मानित

## दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने की फ्रंटलाइन स्टाफ की सजगता और समर्पण की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने मंगलवार को मुख्यालय गार्डनरीच (कोलकाता) में आयोजित एक सम्मान समारोह में रेलवे के 12 कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, सुरक्षा के प्रति सजगता और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा के लिए सम्मानित किया। ये सभी कर्मचारी रेलवे के फ्रंटलाइन स्टाफ से हैं जिन्होंने दुर्घटनाओं को टालने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मानित कर्मचारियों में शामिल हैं-कमलेश राय (वरिष्ठ मोटरमैन/खड़गपुर), जोसेफ गरी (तकनीशियन-III/सी एंड डब्ल्यू/बामरा), कृष्ण चंद्र नायक (वरिष्ठ तकनीशियन/सी एंड डब्ल्यू/झारसुगुड़ा), कु. मिली सरकार (प्वाइंट्समैन-ए/बांकड़ा नयाबाज), पुष्पा सिंह (ट्रैक मेंटेनर-I/श्यामचक), अनिल पांडेय, विशाल बिस्वास (ट्रैक मेंटेनर-IV/जलेश्वर), मोहम्मद सैफ अली खान (ट्रैक मेंटेनर-IV/कोटशिला), अमन कुमार (ट्रैक मेंटेनर-IV/हरूबेरा), उपेन्द्र राम (ट्रैक मेंटेनर-IV/झालदा), रंजीत कुमार महतो (ट्रैक मेंटेनर-II/तोरांग) और कमल महतो (हेड कांस्टेबल/ रेलवे सुरक्षा बल/रांची)। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों की निष्ठा और सतर्कता की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने में ऐसे समर्पित कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दक्षिण पूर्व रेलवे में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हमारी यह प्रतिबद्धता इन कर्मचारियों के प्रयासों से और भी मजबूत होती है। उन्होंने आगे कहा कि फ्रंटलाइन स्टाफ का सजग और समय पर लिया गया निर्णय कई बार संभावित दुर्घटनाओं को टाल देता है जिससे न केवल रेलवे संपत्ति की सुरक्षा होती है, बल्कि यात्रियों का जीवन भी सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तेजस्वी ने खुद को बताया महागठबंधन का सीएम चेहरा

## मुख्यमंत्री बनते ही मुसहर-भुइयां समाज को बसाने का काम करुंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद की ओर से दलित वोट बैंक को साधने के लिए मंगलवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में 'मुसहर-भुइयां महारैली सह संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया था। इसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने खुद को महागठबंधन का सीएम चेहरा बताया। उन्होंने कहा कि जिस दिन मैं मुख्यमंत्री बनूंगा, उसी दिन से मुसहर समाज को बसाने का काम करेंगे जिन गरीब परिवार को जमीन नहीं होगा, उनको जमीन देकर बसायेंगे। आपको रोजगार देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछड़े समाज को आगे बढ़ाने का काम सिर्फ लालू जी ने किया। भाजपा और आरएसएस के लोग कभी भी आप लोगों को आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते हैं। यही कारण है कि बिहार में अधिक आबादी होने के बावजूद सरकारी नौकरी में आपकी भागीदारी बेहद कम है। इस दौरान बड़ी संख्या में मुसहर समाज से जुड़े लोग तेजस्वी को सुनने के लिए पहुंचे थे। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा आरक्षण चोर और आरक्षणखोर पार्टी है जो आपके अधिकारों की चोरी कर रही है। इसलिए अपने बच्चों को पढ़ाइए लिखाइए। दूसरी जाति, जिनकी आबादी सिर्फ 10 फीसदी है। नौकरी में उनकी अधिक भागीदारी है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री बनूंगा तो रैन बसेरे, नाले और झुग्गी झोपड़ी में रहनेवाले सभी लोगों को पक्का मकान बनवा कर दूंगा। इसलिए आप लोग मेरा साथ दीजिए। उन्होंने कहा कि मौका देकर देखिए, तेजस्वी उम्र में भले ही कच्चा है, लेकिन जुबान का कच्चा नहीं है जो कहा है उसे पूरा करके दिखाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में 40 लाख आबादी मुसहरों की है, लेकिन सिर्फ 20 डॉक्टर मुसहर समाज से हैं। क्योंकि भाजपा के लोग आपको आगे बढ़ना नहीं देना चाहते हैं। वह नहीं चाहते कि पिछड़े समाज के लोगों को उनका हक मिले। वह आपलोगों को हमेशा गरीब रखना चाहती है। ताकि वह आपका शोषण कर सके। इसी तरह सिर्फ 76 इंजीनियर हैं। डोम लोगों में 2.60 लाख की आबादी में 19 डॉक्टर और 63 इंजीनियर हैं। उन्होंने कहा कि क्या मांझी परिवार के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और राजनेता नहीं बनेंगे। तेजस्वी यादव ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ का समर्थन करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों को स्कूल भेजे। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने बच्चों को नहीं पढ़ाएंगे तो समाज में कैसे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। आप लोग अपने समाज के लोगों को पढ़ाइए-लिखाइए।

# आज होगा पूरे विश्व में णमोकार महामंत्र का जाप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** 9 अप्रैल को पूरे विश्व में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जेआईटीओ) द्वारा विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर, गुरारा जैन मंदिर सहित अन्य जैन मंदिरों में भी बुधवार 9 अप्रैल को प्रातः 8 बजकर एक मिनट से लेकर 9:35 बजे प्रातः तक णमोकार महामंत्र का पाठ किया जाएगा। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि णमोकार मन्त्र जैन धर्म का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मन्त्र है। इसे 'नवकार मन्त्र', 'नमस्कार मन्त्र' या 'पंच परमेष्ठि नमस्कार' भी कहा जाता है। इस मंत्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुंचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है। 'णमोकार महामंत्र' एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परमपवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं अपितु संपूर्ण रूप से विकसित और विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। अरिहंत रूप परमात्मा के साथ-साथ लोक के सर्व साधुओं का नमन इस मन्त्र को सर्वव्यापी बनाता है। इस महामंत्र को जैन धर्म में सबसे प्रभावशाली मंत्र माना जाता है। ये पांच परमेष्ठी हैं। इन पवित्र आत्माओं को शुद्ध भावपूर्वक किया गया यह पंच नमस्कार सब पापों का नाश करने वाला है।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान रेलवे ट्रैक के रख-रखाव को प्राथमिकता देने तथा एसेट्स फेल्योर में कमी लाने पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने सभी मंडलों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाने, विशेष संरक्षा ड्राइव चलाने तथा रेलवे ट्रैक पर कैटल रन ओवर/मैन रन ओवर को रोकने हेतु जनजागरुकता अभियान चलाने हेतु सभी मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देशित किया।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में जैव सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में पशु फार्म की जैव सुरक्षा विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. मूल चंद पाल ने जैव सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल पशुओं को मानवजनित रोगों से बचाने में सहायक है, बल्कि फार्म पर कार्यरत लोगों की सेहत की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। जैव सुरक्षा के माध्यम से ही स्वच्छ दुग्ध उत्पादन संभव हो सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने इसे आधुनिक पशुपालन की पहली सीढ़ी बताते हुए कहा कि भविष्य में इसकी आवश्यकता और भी बढ़ेगी। बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जे. के. प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जैव सुरक्षा बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का सफल संचालन समन्वयक डॉ. दुष्यन्त यादव ने किया। इस अवसर पर वेटेरिनरी के अंतिम वर्ष के छात्र, डॉ. एस.पी.साहू, डॉ. रविकांत निराला, डॉ. दीप नारायण, डॉ. अमरेन्द्र किशोर, डॉ. मनमोहन समेत अन्य उपस्थित थे।

# 25 हजार लोगों के साथ होगा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदू सेवा समिति, बिहार के तत्वावधान में राजधानी पटना के कंकड़बाग टेम्पू स्टैंड चौराहा पर चतुर्थ हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन 12 अप्रैल 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर लगभग 25 हजार श्रद्धालु सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस वर्ष 1501 किलो लड्डू का भोग बजरंगबली को अर्पित किया जाएगा। आयोजन की भव्यता को और भी विशेष बनाने हेतु लखनऊ और कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा हनुमान जी के विभिन्न रूपों की झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। साथ ही देश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा सुरमयी भजन संध्या का आयोजन भी होगा। भजन संध्या में देश के लोकप्रिय कलाकार प्रिया मलिक, यामिनी सिंह, राकेश मिश्रा, निशा उपाध्याय, आर्यन बाबू, खुशबू तिवारी, श्वेता तिवारी, आलोक पांडे, धीरज सिंह, मेनका सिंह और संजीव प्रियदर्शी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति की संभावना है। हनुमान जन्मोत्सव की सफलता के लिए राजधानी पटना के विभिन्न मोहल्लों में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में समिति के महामंत्री दीपक बिहारी, सुजीत यादव, मनोज गुड्डू, कामख्या नारायण, विनय पाठक, अभिषेक सर्राफ, मनीष बनेटिया, सुधीर सिन्हा, कन्हैया अग्रवाल, नीरज पटेल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। एम.पी. जैन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा पटना के सभी प्रमुख मंदिरों और उनके व्यवस्थापकों से संपर्क किया जा रहा है।

# लल्लू मुखिया के विरुद्ध कुर्की के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## जांच अधिकारी को सशरीर कोर्ट में पेश होने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ पुलिस द्वारा की गई कथित मनमानी को लेकर लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा स्थानीय गुलाबबाग निवासी कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया को 2 वर्ष पुराने हत्याकांड के मामले में सह अभियुक्त बनाकर घर पर इश्तहार लगाने के मामले में हाईकोर्ट ने विवेचना पदाधिकारी को केस डायरी के साथ कोर्ट में 10 अप्रैल को हाजिर होने का आदेश दिया है। इस दिन आरोपों को लेकर कोर्ट द्वारा पूरी सुनवाई की जाएगी। वही फिलहाल लल्लू मुखिया की गिरफ्तारी और कुर्की-जब्ती की कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने पुलिस की इस कार्रवाई पर आश्चर्य व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार राजनीतिक प्रभाव को कम करने के लिए बाढ़ पुलिस ने लल्लू मुखिया के खिलाफ कई केस दर्ज किए हैं जिनकी जांच चल रही है। वहीं 2 वर्ष पूर्व हत्याकांड के मामले में पुलिस ने सोची- समझी साजिश के तहत लल्लू मुखिया को अभियुक्त बनाकर कोर्ट में आधार पेश किया और गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने लल्लू मुखिया के घर पर इश्तिहार भी लगाया और कुर्की जब्ती को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। बाद में पीड़ित के द्वारा हाई कोर्ट में मामला दायर किया गया। पीड़ित के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 2 वर्ष पूर्व बाढ़ थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड में पुलिस ने दो बार चार्ज शीट दायर की जिसमें कहीं भी आवेदक का नाम नहीं आया था। अचानक फरवरी महीने में लल्लू मुखिया का नाम पुलिस ने केस में डालते हुए गिरफ्तारी को लेकर तेजी से प्रक्रिया शुरू कर दी। हाई कोर्ट में इस मामले में पुलिस लल्लू मुखिया के आवेदन पर सुनवाई की। इसमें पुलिस जांच अधिकारी को अद्यतन केस डायरी के साथ उपस्थित होने का हूक्म दिया गया है। पूरी कार्रवाई को लेकर पटना के सीनियर एसपी को अनुपालन के लिए कापी भेजी गई है। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई है।

# जमीन विवाद में दो गुटों में जमकर चले लाठी डंडे, दो जख्मी

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव में पूर्व के जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर लाठी डंडे चले जहां पर दो को गंभीर चोटें आई है जिसका इलाज स्थानीय निजी अस्पताल में चल रहा है। इस पूरे मामले में दोनों पक्ष की ओर से तीन-तीन नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक पक्ष की ओर से सोनू कुमार ने तीन नामजद समेत 6 अज्ञात पर मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष से साहब कुमार की ओर से भी तीन नामजद समेत अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पूर्व से चली आ रही जमीन विवाद को लेकर दोनों गुटों में जमकर मारपीट हुई है। कई लोग जख्मी हुए है जांच चल रही है।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का 'दस्तक' अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली की 'दस्तक योजना' के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में यादव कॉलोनी/दीघा, पटना में रहने वाली गरीब महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सैनेटरी पैड का वितरण किया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं। ज्ञातव्य हो कि केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उदेश्य से 'दस्तक योजना' बनायी गयी है जो काफी लोकप्रिय है।

CMYK

## संपादकीय

# कांचा जंगल पर हक की जंग

जंगलों की कटाई को लेकर अक्सर सवाल उठते, आंदोलन उभरते रहते हैं, पर हकीकत यही है कि जंगल कटने बंद नहीं होते। हसदेव का जंगल कटना शुरू हुआ, तो देश भर के पर्यावरण प्रेमी चिंतित नजर आए, लंबे समय तक आंदोलन चला, मगर उसका कटना नहीं रुक पाया। अब वैसा ही आंदोलन हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास कांचा गाचीबोवली वन क्षेत्र के चार सौ हेक्टेयर भूखंड पर अधिग्रहण और पेड़ों की कटाई को लेकर शुरू हो गया है।विश्वविद्यालय के छात्र और पर्यावरणकर्मी इस क्षेत्र को संरक्षित वन क्षेत्र घोषित करने की मांग कर रहे हैं। जब आंदोलन उग्र रुख अख्तियार करता दिखा, तो सर्वोच्च न्यायालय ने अगले आदेश तक किसी भी गतिविधि पर रोक लगा दी। दरअसल, हैदराबाद विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस भूखंड पर मालिकाना हक उसका है, जबकि राज्य सरकार उसे अपना बता रही है। सरकार उस क्षेत्र को साफ करके वहां औद्योगिक क्षेत्र बनाना चाहती है। मगर आंदोलनकारियों का कहना है कि यह क्षेत्र संवेदनशील है और इसमें चाढ़े चार सौ से अधिक वन्य प्रजातियों का बसेरा है। इसे संरक्षित क्षेत्र घोषित करना चाहिए।हालांकि यह विवाद नया नहीं है। करीब ढाई वर्ष पहले वहां के उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि विश्वविद्यालय के पास इस जमीन के मालकियत का कोई उचित दस्तावेज नहीं है। उस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई, तो उसने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि जमीन पर मालिकाना हक राज्य सरकार का है। उसी आधार पर राज्य सरकार ने उस क्षेत्र का व्यावसायिक उपयोग करने का निर्णय किया था। मगर यह सवाल अपनी जगह है कि सरकार ने उस क्षेत्र के वन्य प्राणियों के पुनर्वास की क्या योजना बनाई है। यह सवाल सर्वोच्च न्यायालय ने भी पूछा है।अदालत ने जानना चाहा है कि क्या इसके लिए सरकार ने पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रमाणपत्र लिया है ! ये तथ्य तो अदालती सुनवाई के दौरान पता चल सकेंगे, पर असल मुद्दा है कि आज जब जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव सब ओर नजर आने लगा है, सरकारों को वन क्षेत्र की सुरक्षा का सवाल गंभीर क्यों नहीं जान पड़ता। सरकार का किसी भूखंड पर स्वामित्व होने का यह अर्थ कतई नहीं होता कि उसे पर्यावरण और वन्यजीव अधिनियम की फिक्र करने की कोई जरूरत नहीं। आखिर उद्योगीकरण की भूख इतनी विकराल क्यों हो गई है कि पारिस्थितिकी का सवाल वहां कोई मायने ही नहीं रखता।इसी हफ्ते संसद में एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने बताया कि पच्चीस राज्यों से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक करीब तेरह हजार वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र पर अतिक्रमण हो चुका है। यह क्षेत्र कुछ छोटे राज्यों के आकार के बराबर है। वैसे ही बिगड़ते पारिस्थितिकी संतुलन और तेजी से शुष्क हो रही हवाओं के कारण जंगलों के जीवन पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है, उसमें अगर सरकारें खुद विकास के नाम पर जंगल उजाड़ने पर तुली हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। प्राकृतिक रूप से बने जंगलों पर आखिर किसका अधिकार होना चाहिए, यह परिभाषित करना रह गया है, इसलिए सड़कों, भवनों, औद्योगिक इकाइयों आदि के लिए पर्यावरण प्रभाव का माकूल मूल्यांकन करने के बजाय सरकारों की इच्छा सर्वोपरि मान ली जाती है।

**विभिन्न देशों से अमेरिका में आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत की दर से न्यूनतम टैरिफ लगाया गया है। साथ ही, कुछ अन्य देशों यथा चीन से आयातित उत्पादों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है। इसी प्रकार, वियतनाम से आयातित उत्पादों पर 46 प्रतिशत, ताईवान पर 32 प्रतिशत, थाईलैंड पर 36 प्रतिशत, भारत पर 26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, स्विट्ज़रलैंड पर 31 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कम्बोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और इसी प्रकार अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर भी अलग अलग दरों से टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है।**

# टैरिफ युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं होगा अधिक प्रभाव

**(प्रह्लाद सबनानी)**

विभिन्न देशों से अमेरिका में आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत की दर से न्यूनतम टैरिफ लगाया गया है। साथ ही, कुछ अन्य देशों यथा चीन से आयातित उत्पादों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है।

दिनांक 2 अप्रैल 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा, विभिन्न देशों से अमेरिका में होने वाले आयातित उत्पादों पर की गई टैरिफ सम्बंधी घोषणा के साथ ही अंततः अमेरिका द्वारा पूरे विश्व में टैरिफ के माध्यम से व्यापार युद्ध छेड़ दिया गया है। अभी, अमेरिका ने विभिन्न देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर विभिन्न दरों पर टैरिफ लगाया है। अब इनमें से कई देश अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर रहे हैं, जैसे चीन ने अमेरिका से चीन में आयात होने वाले उत्पादों पर दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 34 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाने की घोषणा की है। टैरिफ के माध्यम से छेड़े गए व्यापार युद्ध का भारत पर कोई बहुत अधिक विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना कम ही है। दरअसल, अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर अलग अलग दर से टैरिफ लगाने की घोषणा की है और साथ ही कुछ उत्पादों के आयात पर फिलहाल टैरिफ की नई दरें लागू नहीं की गई हैं। टैरिफ की यह दरें 9 अप्रैल 2025 से लागू होंगी।



विभिन्न देशों से अमेरिका में आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत की दर से न्यूनतम टैरिफ लगाया गया है। साथ ही, कुछ अन्य देशों यथा चीन से आयातित उत्पादों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है। इसी प्रकार, वियतनाम से आयातित उत्पादों पर 46 प्रतिशत, ताईवान पर 32 प्रतिशत, थाईलैंड पर 36 प्रतिशत, भारत पर 26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कम्बोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और इसी प्रकार अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर भी अलग अलग दरों से टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है। कुछ उत्पादों जैसे, स्टील, एल्यूमिनियम, ऑटो, ताम्बा, फार्मा उत्पाद, सेमीकंडक्टर, एनर्जी, बुलीयन एवं अन्य महत्वपूर्ण मिनरल्स को अमेरिका में आयात पर टैरिफ के दायरे से बाहर रखा गया है।

अमेरिका का मानना है कि वैश्विक स्तर पर अन्य देश अमेरिका में उत्पादित वस्तुओं के आयात पर भारी मात्रा में टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका में इन देशों से आयात किए जाने वाले उत्पादों पर अमेरिका द्वारा बहुत कम दर पर टैरिफ लगाया जाता है अथवा बिलकुल नहीं लगाया जाता है। जिससे, अमेरिका से इन देशों को निर्यात कम हो रहे हैं एवं इन देशों से अमेरिका में आयात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रकार, अमेरिका का व्यापार घाटा असहनीय स्तर पर पहुंच गया है। इसके साथ साथ, अमेरिका में विनिर्माण इकाईयां बंद होकर अन्य देशों में स्थापित हो गई हैं और इससे अमेरिका में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे हैं। अब ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका को पुनः विनिर्माण इकाईयों का हब बनाने के उद्देश्य से अमेरिका को पुनः महान बनाने का आह्वान किया है और इसी संदर्भ में विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर भारी मात्रा में टैरिफ लगाने का निर्णय लिया गया है ताकि अमेरिका में आयातित उत्पाद महंगे हों और अमेरिकी नागरिक अमेरिका में ही निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने की ओर प्रेरित हों।

वर्तमान में बढ़े हुए टैरिफ का बोझ अमेरिकी नागरिकों को उठाना पड़ेगा और उन्हें अमेरिका में महंगे उत्पाद खरीदने होंगे, क्योंकि नई विनिर्माण इकाईयों की स्थापना में तो वक्त लग सकता है, विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन तुरंत तो बढ़ाया नहीं जा सकता अतः जब तक नई विनिर्माण इकाईयों की अमेरिका में स्थापना हो एवं इन विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन शुरू हो तब तक अमेरिकी नागरिकों को महंगे उत्पाद खरीदने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। इससे अमेरिका में एक बार पुनः मुद्रा स्फीति की समस्या उत्पन्न हो सकती है एवं ब्याज दरों के कम होने के चक्र में भी देरी होगी, बहुत सम्भव है कि मुद्रा स्फीति को कम करने की दृष्टि से एक बार पुनः कहीं ब्याज दरों के बढ़ने का चक्र प्रारम्भ न हो जाए। लम्बे समय में जब अमेरिका में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हो जाएगी एवं इन इकाईयों में उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा तब जाकर कहीं मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाया जा सकेगा। विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर टैरिफ सम्बंधी घोषणा के साथ ही, डॉलर पर दबाव पड़ना शुरू भी हो चुका है एवं अमेरिकी डॉलर इंडेक्स घटकर 102 के स्तर पर नीचे आ गया है जो कुछ समय पूर्व तक लगभग 106 के स्तर पर आ गया था। इसी प्रकार अमेरिका में सरकारी प्रतिभूतियों की 10 वर्ष की बांड यील्ड पर भी दबाव दिखाई दे रही है और यह घटकर 4.08 के स्तर पर नीचे आ गई है, यह कुछ समय पूर्व तक 4.70 के स्तर से भी ऊपर निकल गई थी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़नी प्रारम्भ हो गई है एवं यह पिछले चार माह के उच्चतम स्तर, लगभग 85 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर, पर आ गई है। ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी लिए गए निर्णयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर लम्बी अवधि में तो हो सकता है परंतु छोटी अवधि में तो निश्चित ही यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को विपरीत रूप से प्रभावित करते हुए दिखाई दे रहा है। अमेरिकी पूंजी बाजार (शेयर बाजार) केवल दो दिनों में ही लगभग 10 प्रतिशत तक नीचे गिर गया है और अमेरिकी निवेशकों को लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। इतनी भारी गिरावट तो वर्ष 2020 में कोविड महामारी के दौरान ही देखने को मिली थी। यदि यही स्थिति बनी रही तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था कहीं मंदी की चपेट में न आ जाय। यदि ऐसा होता है तो पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। अतः ट्रम्प प्रशासन का टैरिफ सम्बंधी उक्त निर्णय अति जोखिम भरा ही कहा जाएगा।

जब पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी तो भारत की अर्थव्यवस्था पर भी कुछ तो विपरीत असर होगा ही। इस संदर्भ में किए गए विश्लेषण से यह तथ्य उभरकर सामने आ रहा है कि बहुत सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से आयातित वस्तुओं पर लगाए गए 26 प्रतिशत के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत अधिक विपरीत प्रभाव नहीं हो। क्योंकि, एक तो भारत से अमेरिका को निर्यात बहुत अधिक नहीं है। यह भारतीय सकल घरेलू उत्पाद का मात्र लगभग 3-4 प्रतिशत ही है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात पर निर्भर नहीं है एवं यह विभिन्न उत्पादों की आंतिरक मांग पर अधिक निर्भर है। भारत से सकल घरेलू उत्पाद का केवल लगभग 16 प्रतिशत (वस्तुएं एवं सेवा क्षेत्र मिलाकर) ही निर्यात किया जाता है। दूसरे, भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने कुछ उत्पादों को उक्त टैरिफ व्यवस्था से फिलहाल मुक्त रखा गया है, जैसे फार्मा उत्पाद, सेमीकंडक्टर, स्टील, अल्यूमिनियम, ऑटो, ताम्बा, बुलीयन, एनर्जी आदि। संभवत- इन उत्पादों के भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर कुछ भी असर नहीं होने जा रहा है। तीसरे, भारतीय कम्पनियों (26 प्रतिशत टैरिफ) को रेडीमेड गर्मेंट्स के अमेरिका को निर्यात में पड़ौसी देशों, यथा, बांग्लादेश (37 प्रतिशत टैरिफ), पाकिस्तान (29 प्रतिशत टैरिफ), श्रीलंका (44 प्रतिशत टैरिफ), वियतनाम (46 प्रतिशत टैरिफ), चीन (34 प्रतिशत टैरिफ), इंडोनेशिया (32 प्रतिशत टैरिफ), आदि के साथ अत्यधिक स्पर्धा का सामना करना पड़ता है। परंतु, उक्त समस्त देशों से अमेरिका को होने वाले रेडीमेड गार्मेंट्स के निर्यात पर भारत की तुलना में अधिक टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की गई है। अत- इन देशों से रेडीमेड गार्मेंट्स के अमेरिका को निर्यात भारत की तुलना में महंगे हो जाएंगे, इससे रेडीमेड गार्मेंट्स के क्षेत्र में भारत के लिए लाभ की स्थिति निर्मित होती हुई दिखाई दे रही है। इसी प्रकार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कृषि उत्पादों के निर्यात भी भारत से अमेरिका को बढ़ सकते हैं। यदि किन्ही क्षेत्रों में भारत को नुक्सान होता हुआ दिखाई भी देता है तो भारत के विश्व के अन्य देशों के साथ बहुत अच्छे राजनैतिक संबंधो के चलते भारत को अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वैसे भी, अमेरिका सहित भारत के यूरोपीयन देशों, ब्रिटेन एवं खाड़ी के देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को सम्पन्न करने हेतु वार्ताएं लगभग अंतिम दौर में पहुंच गईं हैं, इसका लाभ भी भारत को होने जा रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शीघ्र ही मोनेटरी पॉलिसी के माध्यम से रेपो दरों में परिवर्तन की घोषणा की जाने वाली है। भारत में चूंकि मुद्रा स्फीति की दर लगातार गिरती हुई दिखाई दे रही है अतः भारत में रेपो दर में 75 से 100 आधार बिंदुओं की कमी की घोषणा की जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत में कुछ कमी सम्भव होगी, जिसके चलते भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। हालांकि, केवल ब्याज दरों के कमी करके पूंजी की लागत को कम करने से काम चलने वाला नहीं है।

# ट्रंप के टैरिफ से टेंशन में दुनिया के कई देश लेकिन भारत क्यों नहीं परेशान?

**(अमित शुक्ला)**

सोमवार को शेयर मार्केट में ब्लेक मंडे रहा। अमेरिका टैरिफ में एशियाई बाजार ढह गए। अमेरिका ने लगभग 60 देशों पर जवाबी टैरिफ लगाए हैं। इसके चलते इस वित्तीय वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.30 से 0.60 फीसदी तक घट सकती है। जिस तरह से दुनिया हिली हुई है, उस लिहाज से यह गिरावट बहुत ज्यादा नहीं है। यही कारण है कि इससे भारत बहुत परेशान नहीं है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ेगा। यहां तक वैश्विक आर्थिक मंदी भी आ सकती है। निर्यात पर सबसे ज्यादा असर होने की आशंका है। लेकिन, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ग्लोबल सप्लाई चेन में बदलाव और भारत के अपेक्षाकृत कम शुल्क कुछ क्षेत्रों में अवसर पैदा कर सकते हैं।

सच तो यह है कि अन्य एशियाई देशों की तुलना में निर्यात पर भारत की कम निर्भरता भी उसे ऊंचे शुल्क के प्रभावों से बचाने में मदद कर सकती है। चीन (34 प्रतिशत), ताइवान (32प्रतिशत), बांग्लादेश (37प्रतिशत), वियतनाम (46प्रतिशत) और थाईलैंड (37प्रतिशत) की तुलना में भारत पर 27प्रतिशत का कम शुल्क लगाया गया है।

**सप्लाई चेन में बदलाव का भारत को सबसे ज्यादा फायदा:** नामुरा का कहना है कि सप्लाई चेन में बदलाव का सबसे ज्यादा फायदा भारत को होगा। ऐसा अमेरिका के साथ उसके रणनीतिक गठबंधन और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धियों पर अपेक्षाकृत अधिक टैरिफ के कारण होगा। सप्लाई चेन में बदलाव के अलावा, भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ता से आने वाले महीनों में टैरिफ में कमी आने की उम्मीद है।

गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि बातचीत के जरिए लगभग 20प्रतिशत प्रभावी जवाबी शुल्क को कम किया जा सकता है। यह व्हाइट हाउस की बातचीत में शामिल होने की इच्छा को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 तक अमेरिका का भारत के कुल निर्यात में 18प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2.2प्रतिशत का योगदान था। कुछ प्रमुख निर्यात फार्मास्यूटिकल्स, स्मार्टफोन, रत्न और आभूषण और पेट्रोलियम उत्पाद हैं। हालांकि, अभी भी अनिश्चितताएं बनी हुई हैं।

इकनॉमिक टाइम्स ने एचडीएफसी बैंक की प्रमुख अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता के हवाले से बताया, नुकसान और मूल्य प्रतिस्पर्धा के आधार पर निर्यात पर लगभग 30-40 बेसिस पॉइंट्स का असर पड़ने का अनुमान है। अन्य देशों पर लगाए गए शुल्क के चलते वैश्विक मंदी से विकास पर और असर पड़ सकता है। ये अनुमान भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता पर निर्भर करते हैं।

**आईएमएफ ने दी चेतावनी:** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा खतरा होने की चेतावनी दी है। 4 अप्रैल को शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई थी। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि अमेरिका और उसके व्यापारिक भागीदारों को ट्रंप के व्यापार युद्ध को बढ़ने से रोकना चाहिए। चीन ने भी अमेरिका पर 'बदमाशी' का आरोप लगाते हुए जवाबी कार्रवाई की है। ट्रंप के टैरिफ के कारण दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों के मूल्य में खरबों डॉलर की गिरावट आई है। साथ ही अमेरिका में मंदी का डर बढ़ गया है। जॉर्जीवा ने अमेरिका और उसके व्यापारिक भागीदारों से व्यापार तनाव को रचनात्मक रूप से हल करने और अनिश्चितता को कम करने की अपील की है।

**जिस तरह से दुनिया हिली हुई है, उस लिहाज से यह गिरावट बहुत ज्यादा नहीं है। यही कारण है कि इससे भारत बहुत परेशान नहीं है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ेगा। यहां तक वैश्विक आर्थिक मंदी भी आ सकती है। निर्यात पर सबसे ज्यादा असर होने की आशंका है।**

अमेरिका के शुल्क लगाने से भारत के लिए अवसर भी पैदा हो सकते हैं। दूसरे देशों पर ज्यादा शुल्क लगने से भारत को टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टरों में अपना बाजार बढ़ाने का मौका मिल सकता है। सप्लाई चेन में बदलाव के साथ कुछ देशों को निर्यात बढ़ सकता है।

एक ईटी पोल के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 6.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस साल इनकम टैक्स में छूट और कम महंगाई से घरेलू मांग बढ़ेगी।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, जीडीपी पर ज्यादा असर नहीं होगा। कारण है कि भारत की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से घरेलू मांग से चलती है। चीन समेत पूर्वी एशियाई देशों में विकास का एक बड़ा हिस्सा निर्यात पर निर्भर करता है। इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था पर बाहरी कारकों का उतना असर नहीं होगा, जितना कि दूसरे देशों पर।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा 37.8 अरब डॉलर था। इसका मतलब है कि अमेरिका भारत से जितना सामान खरीदता है, उससे ज्यादा बेचता है।

# पीएमएमवाई: समावेशी उद्यमिता के एक दशक का उत्सव



**मनोज मित्तल**

प्रधानमंत्री द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को लॉन्च की गयी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), भारत में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण पहुँच को सुविधाजनक बनाने में एक परिवर्तनकारी पहल रही है। पीएमएमवाई ने अपने अस्तित्व के पिछले एक दशक में सूक्ष्म ऋण को औपचारिक रूप देकर रोजगार और समग्र आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दिया है। 2023-24 में, पीएमएमवाई के तहत संवितरण 5.32 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुँच गया, जो इसके बढ़ते पैमाने और प्रभाव को प्रतिबिंबित करता है। यह कार्यक्रम सरकार की वित्तीय समावेश रणनीति के अनुरूप है, जिसमें बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधा देना, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित करना और वित्तपोषण से वंचित लोगों को वित्तपोषित करना शामिल है। पीएमएमवाई ने पूरे भारत में उद्यमिता और नवाचार की भावना का बीजारोपण किया है।

### प्रमुख विशेषताएं - पीएमएमवाई ऋण-

पीएमएमवाई योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले ऋणों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है (i) शिशु- 50,000 रुपये तक (ii) किशोर- 50,000 रुपये से अधिक से लेकर 5 लाख रुपये तक (iii) तरुण- 5 लाख रुपये से अधिक से लेकर 10 लाख रुपये तक और (i1) तरुण प्लस- 10 लाख रुपये से अधिक से लेकर 20 लाख रुपये तक।

पीएमएमवाई की कुछ विशेषताएं, जिन्होंने इसे लोकप्रिय बनाया है, इस प्रकार हैं (i) सावधि ऋण के अलावा रुपे डेबिट कार्ड के माध्यम से ओवरड्राफ्ट सुविधा (ii) व्यावसायिक नकदी प्रवाह के अनुरूप लचीली पुनर्भुगतान शर्तें (iii) ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उच्च डिजिटल पहुंच के साथ लगभग सभी विनियमित बैंक और गैर-बैंक ऋणदाताओं की भागीदारी तथा (i1) एनसीजीटीसी द्वारा प्रबंधित सीजीएफएमयू से गारंटी कवरेज।




**पीएमएमवाई डैशबोर्ड-** शुरुआत से लेकर 14 मार्च, 2025 तक पीएमएमवाई के तहत स्वीकृत और वितरित कुल राशि क्रमशः 33.54 लाख करोड़ रुपये और 32.76 लाख करोड़ रुपये रही, जबकि कुल ऋण खातों की संख्या 52.24 करोड़ है। चालू वर्ष में अब तक कुल स्वीकृत और वितरित राशि क्रमशः 4.65 लाख करोड़ रुपये और 4.54 लाख करोड़ रुपये है। पीएमएमवाई की सुविधाएँ देश के अधिकांश हिस्सों में मौजूद हैं, जिसमें तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और बिहार संचयी संवितरण के मामले में शीर्ष पांच राज्य हैं, जिनकी हिस्सेदारी 46.4त्न है। हालांकि, पूर्वोत्तर राज्यों की हिस्सेदारी 2.9त्न के निम्न स्तर पर है, जिससे उस क्षेत्र में अधिक कवरेज की आवश्यकता उजागर होती है।

वित्त वर्ष 2025 में 14 मार्च, 2025 तक के संवितरण में 'शिशु', 'किशोर' और 'तरुण' श्रेणियों की हिस्सेदारी क्रमशः 18.6त्न, 50.3त्न और 30.5त्न रही। परिचालन के पहले वर्ष से ऋणों की औसत धनराशि दोगुनी हो गयी है, जो वित्त वर्ष 2016 के 39,405 रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 81,018 रुपये हो गयी है और चालू वर्ष में यह 14 मार्च, 2025 तक 1.03 लाख रुपये तक पहुँच गयी है।

**पीएमएमवाई का परिवर्तनकारी प्रभाव-** पीएमएमवाई सरकार के सर्वाधिक समावेशी कार्यक्रमों में से एक रहा है और इसने लाखों सूक्ष्म उद्यमियों को पहली बार औपचारिक ऋण तक आसान पहुँच की सुविधा प्राप्त करने में मदद की है। 14 मार्च, 2025 तक, 10.71 करोड़ नए उद्यमी खातों को 10.28 लाख करोड़ रुपये के पीएमएमवाई ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी संचयी स्वीकृतियों में हिस्सेदारी 30.7त्न है। महिला उद्यमियों के लिए संचयी स्वीकृतियाँ 14.68 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल स्वीकृतियों का 43.8त्न है। इसके अलावा, एससी/एसटी/ओबीसी श्रेणियों को कुल स्वीकृतियाँ 11.55 लाख करोड़ रुपये रही, जो ओबीसी की संचयी स्वीकृतियों का 34.4त्न है।

बिना गिरवी के ऋण की पेशकश करके, पीएमएमवाई विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है। योजना ने, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, नई नौकरियों के सृजन में और बेरोजगारी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

**पीएमएमवाई की वास्तविक कहानियाँ-** वास्तविक जीवन के कई उदाहरण पीएमएमवाई ऋणों की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करते हैं। झारखंड की मालती देवी, जो पहले एक संघर्षशील कृषि मजदूर थीं, ने पशुपालन व्यवसाय शुरू करने के लिए 1 लाख रुपये का ऋण लिया, जिससे उनके परिवार की आजीविका में सुधार हुआ और उनके बच्चे शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हुए। मेघालय में, सिमा रानी मालाकार ने सिलाई मशीन खरीदने के लिए 40,000 रुपये का ऋण लिया, जिससे उन्होंने अपने घर पर सिलाई व्यवसाय शुरू किया। आज, वे स्वतंत्र हैं और अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हैं। इसी तरह, जयपुर के सुरेश जाट ने कार्गो परिवहन व्यवसाय शुरू करने के लिए 7.95 लाख रुपये का ऋण लिया, व्यवसाय लगातार बढ़ता गया, जिससे वे अपने परिवार के लिए घर बनाने में सक्षम हुए।

**मुद्रा की भूमिका-** सिडबी की सहायक कंपनी के रूप में स्थापित, सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्तपोषण एजेंसी लिमिटेड (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड, मुद्रा) बैंकों, एनबीएफसी और एमएफआई जैसे विभिन्न ऋणदाताओं द्वारा दिए गए पीएमएमवाई ऋणों को पुनर्वित्त करके पीएमएमवाई के माध्यम से ऋण के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 28 फरवरी, 2025 तक, मुद्रा लिमिटेड ने पीएमएमवाई ऋणों के पुनर्वित्त के माध्यम से 95,350 करोड़ रुपये की संचयी राशि मंजूर की है और 90,842 करोड़ रुपये का संवितरण किया है।

**निष्कर्ष-** पीएमएमवाई ने उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करके भारत के लघु व्यवसाय परिदृश्य पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है, जो अपने और अपने आसपास के लोगों के लिए आजीविका के अवसरों का सृजन करना चाहते हैं। सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के जरिये, यह योजना स्वरोजगार, वित्तीय समावेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। पीएमएमवाई वित्तीय समावेशन में एक दशक के नवाचार का प्रतीक है और आगे चलकर यह ÷विकसित भारत÷ के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

**(लेखक भारतीय लघु उद्योग विकास बैंकके अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक हैं)**

## संक्षिप्त समाचार

### शराब कांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के आदेशानुसार व पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के निर्देश पर एकमा थाना पुलिस ने पूर्व के शराब कांड संख्या 101/25 में फरार चल रहे अभियुक्त किशोर सिंह को परसागढ़ से गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि अभियुक्त किशोर सिंह हरपुर गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह के पुत्र हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### नवादा गांव के चंवर में डेटोनेटर विस्फोट

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव के चंवर में सोमवार को हुए तेज विस्फोट की आवाज से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ मढ़ौरा-2 अमरनाथ, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। विस्फोट के कारण उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के रामबाबू नामक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मढ़ौरा रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां से उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार अल्फाग्यो प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद द्वारा क्रूड ऑयल और गैस खोज के लिए सर्वे कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान लगभग 11:30 बजे डेटोनेटर में अचानक विस्फोट हो गया। बताया गया कि कंपनी को केंद्र एवं राज्य सरकार से सर्वे की अनुमति प्राप्त है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी है और आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना चुनौतीपूर्ण हो गया है। इस मौके पर डॉ एस के विद्यार्थी, डॉ ललिता कुमारी समेत कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अस्पताल परिसर में लड्डू वितरण किया गया और स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।

### छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में सोमवार को छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 100 से अधिक विद्यार्थियों को मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को विद्यार्थी बनाए हुए हैं। समारोह में मैट्रिक और इंटर के टॉपर्स के साथ-साथ खेलकूद, इको क्लब व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक संजय कुमार सिंह ने किया।

### निजी जमीन से मिट्टी की चोरी, शिकायत दर्ज

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के बंगरा पंचायत अंतर्गत चैनपुर गांव में निजी जमीन से मिट्टी काटे जाने का मामला सामने आया है। चैनपुर निवासी कुंदन सिंह ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा के पीछे स्थित उनकी जमीन से मिट्टी चोरी की जा रही थी। विरोध करने पर मंटू कुमार नामक युवक द्वारा मारपीट की कोशिश की गई। कुंदन सिंह ने इसकी शिकायत थाना पुलिस व अंचलाधिकारी से की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पटना रैली में रवाना होंगे जन सुराज के सैकड़ों कार्यकर्ता : उदय शंकर सिंह

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज के नेता उदयशंकर सिंह ने जानकारी दी कि 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में आयोजित बदलाव रैली में मांझी प्रखंड से सैकड़ों कार्यकर्ता 50 छोटे-बड़े वाहनों से रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। सिंह ने कहा कि बिहार में बदलाव की आवश्यकता है और इसका नेतृत्व प्रशांत किशोर कर रहे हैं। उन्होंने जनता से रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

### मारपीट में आधा दर्जन घायल, तीन गिरफ्तार

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मटियार पंचायत की वर्तमान मुखिया सुनैना देवी और पड़ोसियों के बीच सोमवार को हुए विवाद में मारपीट की घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### तालाब से मिला युवक का शव

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चेंफुल गांव के पास स्थित तालाब से मंगलवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान चेंफुल निवासी शम्भू नाथ सिंह (35) के रूप में हुई है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजा, लेकिन देर शाम तक कोई परिजन सामने नहीं आया। शव फिलहाल सदर अस्पताल में लावारिस पड़ा है।

### सम्मान समारोह में छात्रों को किया गया सम्मानित

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदनसाठ उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में बीडीओ रंजीत कुमार सिंह ने शिक्षकों को समाज में महत्वपूर्ण बताया। समारोह में मैट्रिक और इंटर के छात्रों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे। मंच संचालन शिक्षक अरविंद कुमार सिंह ने किया।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना की पुलिस ने महम्मदपुर गाँव से शराब तस्करी के आरोप में दर्ज कांड संख्या 99/25 के नामजद अभियुक्त राजकुमार चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। वह कृष्णा चौधरी का पुत्र है।

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी सुरेंद्र दुबे ने थाने में आवेदन देकर बताया कि वे और उनके छोटे भाई की पत्नी अनीता देवी सुबह पांच बजे घर से इसुआपुर बाजार जा रहे थे, तभी इसुआपुर-देहुड़ी मुख्य सड़क पर एक अज्ञात वाहन ने अनीता देवी को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद उन्हें सीएचसी इसुआपुर ले जाया गया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल छपरा और फिर पीएमसीएच पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अनीता देवी उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा में रसोइया के पद पर कार्यरत थीं और उनके पति की मृत्यु दस वर्ष पूर्व ट्रेन दुर्घटना में हो चुकी थी। उनका एक पुत्र अभिराज आदित्य है।

### मैरेज हॉल के सामने से बाइक चोरी

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूरब टोला गांव स्थित एक मैरेज हॉल के सामने खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित रामजी प्रसाद, निवासी स्टेशन रोड, मशरक ने बताया कि वे 7 मार्च को एक जनेव कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। भोज के बाद जब लौटे तो उनकी बाइक हीरो स्प्लेंडर (बीआर-04 एटी-6586) चोरी हो चुकी थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चला। पुलिस को आवेदन दिया गया है और जांच की जा रही है।

### पीएम आवास योजना में 17 हजार से अधिक लाभुकों के नाम जुड़े

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मशरक प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे सर्वे के दौरान अब तक 17331 लाभुकों का नाम जुड़ चुका है। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि नाम जोड़ने की प्रक्रिया दो तरीके से हो रही है—एक तरफ लाभुक स्वयं आवास प्लस ऐप से नाम जुड़वा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सर्वेयर गांव-गांव जाकर योग्य लाभुकों का चयन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नाम जुड़वाने में किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता, और यदि कोई पैसे की मांग करता है, तो उसकी सूचना गुप्त रूप से कार्यालय को दी जाए।

### परिवहन विभाग ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय मुख्य द्वार पर एसएच-90 पर अपर जिला परिवहन पदाधिकारी सुलेमान आलम के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बीडीओ पंकज कुमार, एमभीआई कृष्णा कुमार, राकेश कुमार और पुलिस बल मौजूद रहे। जांच में दो पहिया, चार पहिया वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा की गहन जांच की गई, जिसमें कुल 2 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। हेलमेट न पहनने वाले बाइक चालकों के खिलाफ विशेष रूप से कार्रवाई की गई।

# हर घर एक पौधा लगाने के शिव शिष्य परिवार के जन अभियान में शामिल हों : अमन सिंह

- पर्यावरण संरक्षण के जन अभियान में अपनी भागीदारी करें सुनिश्चित : भाई धनंजय
- भगवान शिव व प्रकृति के बिना जीवन की नहीं की जा सकती है कल्पना : अनिल साहू
- सोचों साथ लेकर क्या जाओगे, एक पौधा लगाओगे जीवन भर तर जाओगे : रवि शर्मा



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लंबे समय से शिव गुरु से जुड़ने व जोड़ने का अनवरत सिलसिला चल रहा है। इसी आध्यात्मिक यात्रा के क्रम में पर्यावरण असंतुलित होने की अनुभूति को स्वअनुभूत किया गया। फिर शिव शिष्य परिवार ईकाई ने पर्यावरण को संरक्षित करने को ले विचार- विमर्श किया। निर्णय लिया गया कि हर घर एक पौधा लगाने के जन अभियान को शुरू किया जाय। उक्त बातें शिव शिष्य परिवार इकाई के राष्ट्रीय संरक्षक अमन सिंह ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय रमाडा होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी लगभग दस हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे। शिव शिष्य परिवार ईकाई ने पुनः आने वाले बरसात के समय लगभग एक लाख पौधे पलामू, गढ़वा, लातेहार व चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगाने का निर्णय लिया है। इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। कहा कि पिछले वर्ष शिव शिष्य परिवार इकाई द्वारा लगाए गए 95 प्रतिशत पौधे बचे हुए हैं। इससे उनके हौसले बुलंद हैं। मौके पर शिव शिष्य परिवार इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई धनंजय ने कहा कि शिव व प्रकृति में अनोनाश्रय संबंध है। शिव के बिना प्रकृति अधूरा है। प्रकृति के बिना शिव अधूरे हैं। जो महेश्वर शिव से आत्मिक प्रेम करते हैं, वे निश्चित तौर पर प्रकृति से प्रेम करते होंगे। प्रत्येक मानव मन से आग्रह है कि एक पौधा स्वहित में जरूर लगाएं। साथ ही एक पौधा परहित में लगाएं। आप जिस भी धर्म को मानते व जिस भी जाति में जीते हैं, ऑक्सीजन सभी के लिए जरूरी है। यह ऑक्सीजन कहां से आएगा। प्रकृति से तो हम बहुत कुछ ले रहे हैं। लेकिन प्रश्न उठता है कि आखिर प्रकृति को हम क्या दे रहे हैं। सभी को पर्यावरण संरक्षण की चाहत रखनी चाहिए। वर्तमान काल खंड में पर्यावरण को संरक्षित करने से बड़ा कोई भी धर्म नहीं है। हम सभी जाति, धर्म, वर्ण व वर्ग से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण के जन अभियान में अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित करें। मौके पर शिव शिव परिवार इकाई के प्रदेश संरक्षक अनिल साहू ने कहा कि भगवान शिव व प्रकृति यह दोनों के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। अगर जीना है तो ऑक्सीजन हर हाल में चाहिए। ऑक्सीजन पेड़- पौधों से ही मिलता है। जंगल का घनत्व धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। पेड़ पौधे कम होंगे तो मनुष्य को ऑक्सीजन भी कम मात्रा में मिलेंगे। इससे जीवन पर संकट मंडराने लगेगा। एक न एक दिन सभी को धरती छोड़कर जाना है। सोचना व विचार करना होगा कि हम अपने नौनिहालों के लिए क्या छोड़ कर जाएंगे। इसके लिए आत्ममंथन करना जरूरी है। सभी कोई पर्यावरण के संरक्षण के लिए आगे आएं। साथ ही पौधे लगाने के शिव शिष्य परिवार इकाई की कड़ी में हिस्सेदार बनें। मौके पर शिव शिव परिवार इकाई के राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षक रवि शर्मा ने कहा कि सोचों साथ लेकर क्या जाओगे, एक पौधा लगाओगे जीवन भर तर जाओगे। पर्यावरण का क्षरण से धरती पर भूकंप, बाढ़ सहित कई विपदाओं व विभिषिकाओं से गुजरना होगा। कोरोना के समय एक-एक ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए लोग परेशान थे। हजारों- लाखों रुपए राशि खर्च करने के लिए तैयार थे। लेकिन भगवान शिव ने प्रकृति के रूप में निशुल्क ऑक्सीजन उपलब्ध कराया है। ऐसे में धरती पर रहने वाले लोगों का फर्ज बनता है कि कम से कम अपने जीवन के हर खुशी वाले क्षणों में पौधे लगाएं व उसे संरक्षित करने का संकल्प लें। शिव शिष्य परिवार ईकाई संपूर्ण मानव जाति से आह्वान करती है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हर घर पौधा अभियान में सम्मिलित हों। इस अवसर पर शिव शिष्य परिवार के राकेश कुमार सिंह ने शिव की कृपा से इकाई द्वारा दिए गए निर्णय को धरती पर उतरना जरूरी है। इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। मौके पर बबलू गुप्ता, धनंजय सिंह, बृजेश शुक्ला, लाला प्रसाद यादव ने संबोधित करते हुए इकाई के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने की सहमती दी।

# झारखंड आंदोलनकारियों को स्वाभिमान के साथ जीने एवं मरने के अधिकार देने की मांग

**उत्तराखंड की तर्ज पर सम्मान पेंशन देने पर होगा विचार : राधा कृष्ण किशोर**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार की देर शाम वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके अशोकनगर स्थित आवास पर मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री किशोर को मांग पत्र सौंपते हुए उत्तराखंड की तर्ज पर सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से सम्मान पेंशन व अन्य सुविधाएं देने की मांग की। साथ ही झारखंड आंदोलनकारियों को स्वाभिमान के साथ जीने व मरने के अधिकारों की रक्षा की मांग की गई। केन्द्रीय संयोजक झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सतीश कुमार ने वित्त, योजना व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर से कहा कि अब झारखण्ड 25 वर्ष का युवा हो गया है। राज्य के निर्माण में आपकी भी महती भूमिका रही है। अब आप पहल कर आन्दोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आन्दोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानी के जैसी सभी सुविधाएं दिलाकर झारखण्ड आन्दोलनकारियों के दिल में झारखण्ड राज्य में अपनी नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करा लेंगे।

मंत्री किशोर ने मांग पत्र को पढ़कर कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को उत्तराखंड की तर्ज पर सम्मान पेंशन देने पर सरकार की ओर से जो जवाब आए हैं उसके आलोक में निश्चित ही आंदोलनकारियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बिना किसी देरी किए विधानसभा के एक अधिकारी से बात कर विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 26 मार्च को सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो के उठाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सरकार के जवाब को जल्द भेजने का आदेश दिया। अधिकारियों ने विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा लाये गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सरकार के जवाब की प्रति उपलब्ध करा देने की बातें कही। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी भाइयों के प्रति सरकार संवेदनशील है। मुख्यमंत्री के भी संज्ञान में ये सभी बाते हैं। निश्चित ही आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन देने की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। जरूरत पड़ने पर विधानसभा से अधिकारियों को भेज कर उत्तराखंड से सच्ची प्रति भी मंगवाई जा सकती है। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, केंद्रीय उपाध्यक्ष इजहार राही, महानगर संयोजिका पुष्पा बरदेवा, कांग्रेस के प्रदेश सचिव जगदीश साहू सहित अन्य शामिल थे।

# संविधान की रक्षा कर सकती है केवल केवल कांग्रेस पार्टी : बिट्टू पाठक

**देश चलेगा संविधान से : कांग्रेस**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संविधान रक्षक अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हैदर खान ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक शामिल हुए। सर्वप्रथम कांग्रेसजनों ने संविधान के निमार्ता बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पण करके अभियान की शुरूआत की। अभियान में भाजपा व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला गया। कार्यक्रम में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि संविधान ताक पर रखकर भाजपा बाबा साहब व बापू का अपमान कर रही है। भाजपा व आरएसएस ने बापू व बाबा साहेब अंबेडकर के साथ संविधान को अपमानित किया है। इससे हम कांग्रेसी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। एक तरफ इंदिरा गांधी ने देश में बैंकों व कोलियरियों का राष्ट्रीयकरण किया था। दूसरी ओर आज केंद्र की सरकार देश की संपत्तियों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों के हाथ बेचा जा रहा है। कहा कि इस तरह का अभियान चलाने का उद्देश्य जनता को जागरूक करना है। उन्हें बताना है कि किस तरह संविधान को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। मौके पर ईश्वरी प्रसाद सिंह, तारकेश्वर पासवान, सत्येंद्र सिंह, कमल कौशल पासवान, तुलसी पासवान, कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी, रिंकू सिंह, सन्नू खान, मिट्ठू खान, अजय साहू, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडे, एमडी फैयाज, छोटू चंद्रवंशी, हैदर खान, शाहनवाज अहमद , मोहम्मद फैयाज, शाद अहमद , आरिफ अंसारी, अनिकेत पांडेय, जरार खान, मनीष कुमार, राजन हजाम, सिद्धार्थ कुमार, काजी कुरैसी, अनम राइन, बंटी राइन व मोहम्मद नासिर सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत जल छाजन यात्रा का समापन समारोह

**जल छाजन योजनाओं की विशेषता बताते हुए उपायुक्त द्वारा किसानों को 'वाटर शेड योद्धा' के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित**



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रनिया प्रखंड के गोईलकेरा गांव में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत आयोजित जल छाजन यात्रा का भव्य समापन आज किया गया। यह यात्रा दिनांक 5 फरवरी से झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में चल रही थी, जिसका उद्देश्य लोगों को जल छाजन योजनाओं के बारे में जागरूक करना एवं जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के महत्व को समझाना था। इस समापन समारोह में उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त द्वारा दो व्यक्तियों को जल छाजन मार्गदर्शक के रूप में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष श्री मसिह गुड़िया, उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम, रनियां प्रखंड प्रमुख एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वहीं समापन समारोह में उपायुक्त द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि जल संरक्षण आज की आवश्यकता है। जल छाजन योजनाएं न सिर्फ किसानों को सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध कराती हैं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी सहायक होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लें और जल संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल प्रबंधन के हर स्तर पर किसानों के साथ है। इसके अतिरिक्त, कई किसानों को "वाटर शेड योद्धा" के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही एक नए तालाब के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जो क्षेत्र में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष श्री मसिह गुड़िया, उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम, राज्य स्तरीय पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (आत्मा), उब्लअ वाटरशेड, जल संरक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारी व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दुगोला चैता मुकाबले में बही भक्ति व प्रेम की रसधारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र की चनचौरा पंचायत अंतर्गत कठैया बाबा कुटी प्रांगण में रामनवमी की रात्रि आयोजित चैता दुगोला मुकाबले में भक्ति, प्रेम और देशभक्ति की त्रिवेणी बह उठी। बनपुरा व माधोपुर गांवों के बीच हुए इस पारंपरिक लोकगायन मुकाबले में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और चैता की सस्वर धुनों का रसास्वादन किया। मेजबान बनपुरा गांव की ओर से लोकगायक और पूर्व रक्षा निदेशक प्रो सत्यदेव राय ने "ए रामा सुरसती मातवा, जोड़ी ले दुनूं हाथवा... जैसे पारंपरिक चैता से गायन की शुरूआत की। इसके बाद चइत महीनवा, राम जी जनमनी ए रामा... और पटेल जी कइले स्वाधीनवा ए रामा... जैसे गीतों के माध्यम से उन्होंने रामजन्म की भक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। वहीं, माधोपुर गांव से लोकगायक रामेश्वर गोप ने "राम का गुण गान करिये, मचिया बइठल रानी कौशल्या... और कहवां में रामजी के जन्म भइल..." जैसे भावपूर्ण सोहर और बधाई गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झुमाया।

# कजरूकला में आयोजित सांस्कृतिक दो गोला कार्यक्रम में झूमे लोग

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी के अवसर पर कजरू कला रामजानकी मंदिर प्रांगण में महावीरी झंडों के मिलन के बाद रात्रि में दो गोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनवमी पूजा महासमिति अध्यक्ष धर्मदेव सिंह यादव व संचालन सत्य नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने फीता काटकर किया। आयोजक समिति ने विधायक नरेश प्रसाद सिंह व अन्य अतिथियों को फूल माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक नरेश सिंह ने धार्मिक कार्यक्रम की सराहना की। कहा कि किसी भी धर्म के लोग अपने त्योहार को आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए मनाएं। इस बात का भी ख्याल रखना चाहिए कि उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रम से किसी दूसरे धर्म के लोग आहत ना हो। सांस्कृतिक दो गोला कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के बलिया जिला से आए गायक स्वामीनाथ व बिहार के प्रसिद्ध गायक ब्यास शिव शंकर यादव के बीच शानदार



मुकाबला हुआ।इसमें दोनों गायकों ने एक से बढ़कर एक गायकी प्रस्तुति कर पूरी रात श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर राजद नेता धीरेन्द्र कुमार सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि भाई गोविंद सिंह, प्रमुख प्रतिधि प्रदुम्न कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह, जवाहर पासवान, भाजपा नेता सुनील पासवान, शंभू शरण सिंह, बजरंग दल के पंकज लाल, अजय बैठा, अंकित सिंह, गोपाल राम, बालमुकुंद पासवान, सुनील पाल, आयोजक समिति के सतीश पासवान, डॉ नंदू प्रसाद यादव, जवाहर पासवान, रामाशीष राम, ज्ञानचंद राम, जग नारायण विश्वकर्मा, विनय ठाकुर सहित कई शामिल थे।

## पूर्व मुखिया ने लगाया राजनीतिक साजिश का आरोप

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मटियार पंचायत की पूर्व मुखिया सुशीला देवी ने कहा कि उनके पति जयप्रकाश महतो को स्थानीय राजनीति के तहत झूठे केस में फंसाया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त उनके पति गांव में नहीं थे। वहीं मुखिया पति सुशील कुमार सुमन ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर उन्हें व उनके बेटे को गंभीर रूप से घायल कर दिया।


# 17 अप्रैल से जिला में प्रारंभ होगी महिला संवाद यात्रा, तय करेगी नयी राह

**सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समस्याओं और आकांक्षाओं को खुलकर साझा करने के लिए प्रशासन जीविका के ग्राम संगठन स्तर पर महिलाओं से सीधा संवाद करेंगी। इसमें जीविका का विशेष सहयोग होगा। 17 अप्रैल से आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का लक्ष्य एक मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से महिलाएं सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों पर भी अपना महत्वपूर्ण दृष्टिकोण व्यक्त कर सकेंगी। इस प माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलाव पर विस्तृत चर्चा करना है।राज्य सरकार का यह प्रयास है कि महिलाओं की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से समझा जा सके और उन्हें सरकार की योजनाओं और नीतियों के निर्माण में शामिल किया जा सके।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की सभी महिलाओं के सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता वाहन के माध्यम से फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, महिलाओं को जानकारी प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित लिपलेट भी वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में योजनाओं से लाभान्वित महिलाए अपने अनुभव साझा करेंगी।

# रेलवे की जमीन पर अटकी परियोजनाओं हेतु एनओसी शीघ्र जारी करने का निर्णय

**सारण/सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल की सांसदों की बैठक वाराणसी स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लहरतारा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सारण लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी ने की।

बैठक में उत्तर प्रदेश और बिहार के कुल 26 सांसदों एवं सांसदों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बांसगांव से श्री कमलेश पासवान, फूलपुर से श्री प्रवीण पटेल, भदोही से डॉ. विनोद कुमार बिन्द, गाजीपुर से श्री अफजाल अंसारी, बलिया से श्री सनातन पांडेय, जौनपुर से श्री बाबू सिंह कुशवाहा, सलेमपुर से श्री रमाशंकर राजभर, देवरिया से श्री शशांक मणि, कुशीनगर से श्री विजय कुमार दूबे सहित राज्यसभा सांसदों श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्रीमती संगीता बलवंत, श्री नीरज शेखर, श्रीमती दर्शना सिंह, और श्रीमती साधना सिंह उपस्थित रहे। अन्य क्षेत्रों से मिर्जापुर, चंदौली, घोसी, आजमगढ़, मछलीशहर, लालगंज, गोरखपुर और महाराजगंज के सांसदों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बिहार से वाराणसी मंडल के अंतर्गत आने वाले गोपालगंज, सिवान और महाराजगंज क्षेत्रों से क्रमशः सांसद श्री आलोक कुमार सुमन, श्रीमती वीणा देवी और श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की उपस्थिति रही। बैठक में पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती सौम्या माथुर और मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। सारण सांसद श्री रूडी के नेतृत्व में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में अनेक विषयों पर विस्तृत विमर्श हुआ। कोविड काल में बंद हुई ट्रेनों के पुनः संचालन और पूर्व ठहराव स्थलों पर पुनः ठहराव की मांग प्रमुखता से उठी। एनएचएआई और रेलवे के संयुक्त आरयूबी (रेल अंडर ब्रिज) परियोजनाओं की प्रगति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और कार्यों में समन्वय के निर्देश दिए गए। सांसदों द्वारा स्थानीय ट्रेनों की सफाई, रखरखाव और स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की स्थिति पर भी सवाल उठाए गए, जिन पर रेलवे अधिकारियों ने समाधान हेतु कार्यवाही का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सांसदगण अपने क्षेत्रीय स्टेशनों की समस्याओं के समाधान हेतु स्थानीय रेलवे अधिकारियों से समन्वय करें और जन भागीदारी को बढ़ाया जाए। रेलवे की भूमि पर रुकी परियोजनाओं के विषय में निर्णय लिया गया कि या तो रेलवे स्वयं




उस कार्य को पूरा करे या शीघ्र अनापत्ति प्रमाणपत्र (ठडउ) जारी कर उसे प्रारंभ कराए। बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की स्मृति को जनमानस में सजीव बनाए रखने हेतु रेलवे स्टेशनों पर उनके नाम की स्मृति में स्मरण पट्टिका, भित्तिचित्र अथवा प्रेरणादायी विवरण स्थापित किए जाएं। यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से जोड़ने का कार्य करेगा।

सांसदों ने मंडल में हुई रेल दुर्घटनाओं, मृतकों की संख्या तथा उन्हें दिए गए मुआवजे की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही रेलवे कॉलोनियों की बदहाल स्थिति और नगर निगम के साथ समन्वय की कमी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस संबंध में त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने और स्थानीय निकायों के साथ तालमेल बढ़ाने की आवश्यकता जताई गई। सांसद श्री रूडी ने प्रस्ताव दिया कि भारत सरकार की सभी संचालित योजनाओं की प्रगति की द्विमासिक समीक्षा की जाए तथा सांसदों के साथ बैठक कर उसका प्रतिवेदन डिवीजन स्तर पर साझा किया जाए। नव निर्वाचित सांसदों को (जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति) और स्टेशन एडवाइजरी कमिटी से जोड़ने का सुझाव दिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि जब किसी स्टेशन का निरीक्षण किया जाए तो स्थानीय सांसद अथवा उनके प्रतिनिधि से समन्वय अनिवार्य होगा ताकि जमीनी स्तर की वस्तुस्थिति की सटीक जानकारी मिल सके। यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक सांसद के लिए एक नोडल रेलवे अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो समय-समय पर क्षेत्र की रेल परियोजनाओं और अन्य मुद्दों पर सांसद से संवाद बनाए रखेगा।

## 1 साल में 184 प्रतिशत का रिटर्न, अब बोनस शेयर देने की तैयारी में कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते एक साल में कुछ कंपनियों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। उसमें से वीटीएम लिमिटेड एक है। कंपनी ने अपने निवेशकों को बीते एक साल में 184 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। अब कंपनी बोनस शेयर देने की तैयारी में है। इसकी जानकारी 7 अप्रैल यानी सोमवार को एक्सचेंज के साथ कंपनी ने साझा की है।

**16 अप्रैल को कंपनी की बोर्ड मीटिंग-** एक्सचेंज को दी जानकारी में वीटीएम लिमिटेड ने कहा है



कि 16 अप्रैल को बोर्ड की मीटिंग है। इसी मीटिंग में बोनस शेयर देने पर फैसला किया जाएगा। अगर बोनस शेयर देने पर कंपनी के बोर्ड में सहमति होती है तो यह पहली बार होगा जब स्टॉक एक्स-बोनस के तौर पर ट्रेड करेगा।

**200 रुपये से कम का है शेयर-** सोमवार को कंपनी के शेयरों का भाव 199.30 रुपये के लेवल पर बीएसई में था। आज कंपनी की ट्रेडिंग ठप्प है। रिटर्न की बात करें तो यह स्टॉक पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा है। बीते एक साल में वीटीएम के शेयरों का भाव 184 प्रतिशत बढ़ा है। बीते एक महीने में वीटीएम लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 232.35 रुपये और 52 वीक लो लेवल 63.11 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 800 करोड़ रुपये से अधिक का है।

**लगातार डिविडेंड दे रही है कंपनी-** कंपनी इसी साल जनवरी के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। जिसके बाद योग्य निवेशकों को हर एक शेयर पर 0.25 रुपये का डिविडेंड मिला था। कंपनी 2008 से निवेशकों को डिविडेंड देती आ रही है। बता दें, 2021 में वीटीएम लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा हुआ था। तब कंपनी के शेयरों का बंटवारा 10 हिस्सों में किया गया था। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो गई थी।

## 87 प्रतिशत टूटकर 147 रुपये पर आया जेनसोल इंजीनियरिंग का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी मल्टीबैगर कहे जाने वाले जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयर लगातार लुढ़क रहे हैं। सोलर पावर बिजनेस से जुड़ी कंपनी के शेयर मंगलवार को 5 पर्सेंट और टूटकर 147.55 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में सोमवार को भी 5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। एक महीने में जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों में 51 पर्सेंट से अधिक की



गिरावट आई है। वहीं, अपने 52 हफ्ते के हाई लेवल से कंपनी के शेयर 87 पर्सेंट टूट गए हैं। जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयर 24 जून 2024 को 1125.75 रुपये पर थे, जो कि 8 अप्रैल 2025 को 147.55 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

**छह महीने में शेयरों में 81 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट-** जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों में छह महीने में 81.65 पर्सेंट की गिरावट आई है। कंपनी के शेयर 8 अक्टूबर 2024 को 804.20 रुपये पर थे। सोलर पावर बिजनेस से जुड़ी कंपनी के शेयर 8 अप्रैल 2025 को 147.55 रुपये पर जा पहुंचे हैं। इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में 81 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है।

# एफएलएलएस ने 9000 करोड़ रुपये की बड़ी बिकवाली की

● रुपया डॉलर के मुकाबले गिरकर 85.83 पर पहुंचा ● वैश्विक अनिश्चितताओं से भारतीय बाजार में डर का माहौल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों ने सोमवार को भारतीय शेयर बाजार से 9000 करोड़ रुपये निकाल लिए। डॉलर में यह रकम 1.04 बिलियन है। इस साल भारतीय शेयरों की यह दूसरी सबसे बड़ी बिकवाली है। इससे पहले, फरवरी के आखिर में एफएलएलएस ने 12,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के शेयर बेचे थे। साल 2025 में यह सबसे ज्यादा था। इस भारी बिकवाली की वजह से भारत के मुख्य शेयर बाजार सोमवार को 10 महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गए थे।

सोमवार को शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट आई थी। निफ्टी 5 प्रतिशत नीचे खुला था। यह एक अप्रत्याशित गिरावट थी। पूरे दिन बाजार पर दबाव बना रहा। टैरिफ की वजह से एशियाई और अमेरिकी बाजारों में भी बिकवाली हुई। निवेशकों को डर है कि दुनिया में मंदी आ सकती है। इसलिए वे जोखिम भरे निवेश से बच रहे हैं। चीन ने अमेरिका के टैरिफ का जवाब दिया है। व्हाइट हाउस के भी पीछे हटने के कोई संकेत नहीं हैं। इससे भी निवेशकों का भरोसा कम हुआ है।

मार्च में एफएलएलएस ने खरीदारी की थी। लेकिन अप्रैल में वे फिर से बेचने लगे हैं। उन्होंने अप्रैल में अब तक भारत से 14,000 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए हैं। मार्च से पहले, उन्होंने लगातार छह महीने तक शेयर बेचे थे।

अमेरिका में ट्रेजरी बॉन्ड पर ब्याज दरें बढ़ रही हैं। इसलिए बॉन्ड अब शेयरों से ज्यादा आकर्षक हो गए हैं। एफएलएलएस अपना पैसा निकालकर अमेरिका के सुरक्षित बाजारों में लगा रहे हैं। इसके अलावा, डॉलर के मजबूत होने से भारत जैसे उभरते बाजारों का आकर्षण कम हुआ है।

**आखिर क्यों बेच रहे शेयर?-** भारतीय रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले गिर रही है। सोमवार को रुपया 85.83 पर आ गया। यह लगभग तीन महीनों में सबसे बड़ी गिरावट है। इससे एफएलएलएस को नुकसान हो रहा है। जब वे अपने रुपये को डॉलर में बदलते हैं, तो उन्हें कम पैसे मिलते हैं। इसलिए वे भारतीय बाजारों से निकल रहे हैं। 13 जनवरी के बाद यह सबसे बड़ी गिरावट थी।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट?-** विश्लेषकों का कहना है कि बाजार में गिरावट की वजह से इस साल के लिए अभूतपूर्व निचले स्तर देखे गए हैं।

इसलिए निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। वे इन मुश्किल समय में सोच-समझकर काम कर रहे हैं। यह गिरावट वैश्विक बाजारों में कमजोरी की वजह से हुई है। इसका असर निवेशकों के मन पर पड़ा है। एंजल वन के टेक्निकल एनालिस्ट राजेश भोसले ने कहा, हालांकि, वैश्विक स्तर पर स्थिरता या सुधार के कोई भी संकेत भारतीय बाजारों में एक शक्तिशाली सुधार ला सकते हैं। इससे निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और बाजार में नई उम्मीद जगेगी।

### आगे कैसी रहेगी स्थिति?

पीएल कैपिटल - प्रभुदास लीलाधर के हेड - एडवाइजरी विक्रम कसाट ने कहा कि फिलहाल बाजार में अनिश्चितता बनी रह सकती है क्योंकि वैश्विक अनिश्चितताएं जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। इसका मतलब है कि जब तक दुनिया भर में हालात ठीक नहीं हो जाते, तब तक बाजार में डर का माहौल बना रहेगा। लोग निवेश करने से डरेंगे।

### कितना गिरा रुपया?

सोमवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे गिर गया था। यह गिरावट पिछले पांच हफ्तों में सबसे ज्यादा रही। रुपया 85.82 पर बंद हुआ। यह गिरावट दुनिया भर में चल रहे ट्रेड वॉर और आर्थिक मंदी की आशंका के कारण हुई है। कच्चे तेल की कीमतें कम होने और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के बावजूद, रुपये की गिरावट नहीं रुकी।

## 41 प्रतिशत टूटने के बाद टाटा के शेयर पर ब्रोकरेज अलर्ट, पोर्टफोलियो से शेयर घटाने की दी सलाह




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में तेजी के बीच टाटा मोटर्स के शेयर आज मंगलवार के शुरुआती कारोबार में फोकस में रहे। कंपनी के शेयर की कीमत 5 प्रतिशत तक बढ़कर 606.40 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इससे पहले सोमवार को टाटा मोटर्स के शेयर में लगभग 13 प्रतिशत की गिरावट थी। इसका पिछला बंद प्राइस 579.85 रुपये है। इस साल अब तक टाटा मोटर्स के शेयर में 25 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। सालभर में यह शेयर करीबन 41 प्रतिशत टूट गया है।

**टाटा मोटर्स पर कोटक का डाउनग्रेड रेटिंग-** ब्रोकरेज फर्म कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने स्टॉक को डाउनग्रेड कर दिया और जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) के नए अमेरिकी टैरिफ के जोखिम को लेकर बढ़ती चिंताओं का हवाला देते हुए इसके टारगेट प्राइस में भारी कटौती की। स्टॉक पहले से ही तेज गिरावट से जूझ रहा है और कोटक ने भविष्य के मुनाफे और वॉल्यूम वृद्धि को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। एक नोट में कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने टाटा मोटर्स को अपने पहले के 'ऐड' की सिफारिश से रिड्यूस करने के लिए डाउनग्रेड किया और स्टॉक के टारगेट प्राइस को 750 से घटाकर 600 कर दिया है।

**क्या है डिटेल-** बता दें कि टाटा मोटर्स ने सोमवार को बताया कि उसकी यू.के. स्थित सहायक कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जे.एल.आर.) ने वित्त वर्ष 2025 के लिए थोक और खुदरा बिक्री में स्थिरता दर्ज की है, जिसका मुख्य कारण इसके मुख्य बाजार चीन में कमजोर प्रदर्शन है।

## ग्रीन एनर्जी कंपनी ने मिला हुआ ऑर्डर किया कैंसिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केपीआई ग्रीन एनर्जी ने ऑर्डर मिलने के बाद प्रोजेक्ट की तकनीकी विशिष्टताओं में बदलाव के बाद कैप्टिव पावर प्रोड्यूसर सेगमेंट में 66.20 मेगावाट हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट के लिए साई बंधन इंफिनियम से ऑर्डर रद्द कर दिया है। इसके बावजूद इसके शेयर सोमवर के बंद भाव 385.15 रुपये की तुलना में आज बढ़त के साथ 406.85 रुपये पर खुले। क्योंकि, ऑर्डर के कैसिलेशन से कंपनी पर कोई महत्वपूर्ण वित्तीय प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है।

केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर आज 8 अप्रैल मंगलवार को सुबह 406.85 रुपये पर खुले। कुछ मिनट के कारोबार के दौरान 407 रुपये के डे हाई पर भी पहुंचे, लेकिन सुबह पौने दस बजे के आसपास 1.82 पर्सेंट की उछाल के साथ 392.15 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।

**केपीआई ग्रीन एनर्जी शेयर प्राइस हिस्ट्री-** केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर पिछले 5 दिनों में केवल 3 फीसद ही टूटे, वह भी तब जब सेंसेक्स-निफ्टी तबाह थे। जबकि, पिछले एक महीने में यह एनर्जी स्टॉक 1.42 पर्सेंट चढ़ा है। पिछले छह महीने में यह 27 प्रतिशत से अधिक का निगेटिव रिटर्न देकर अपने निवेशकों को नुकसान पहुंचाया है।


साल 2025 की बात करें तो अबतक इसमें करीब 30 पर्सेंट और पिछले एक साल में 32 पर्सेंट से अधिक की गिरावट आई है। हालांकि, पिछले 3 साल में यह स्टॉक 564.74 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न देने में कामयाब रहा है।

3 साल पहले इसके एक शेयर का मूल्य केवल 58 रुपये के आसपास था। इसका 52 हफ्ते का हाई 745.33 रुपये और लो 313.40 रुपये है।

# सप्ताह में 70/90 घंटे काम करना है तो बच्चे ना करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप यदि कहीं प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं तो आपको वर्क लाइफ बैलेंस की बात बेहतर तरीके से समझ में आएगी। शार्क टैंक इंडिया की जज और एमक्योर फार्मास्युटिकल्स की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नमिता थापर ने काम और जीवन के बीच संतुलन या वर्क लाइफ बैलेंस को लेकर एक ज़रूरी बात कही है। उन्होंने नेटफ्लिक्स की ब्रिटिश मिनीसीरीज एडोलेसेंस देखने के बाद अपने विचार साझा किए। नमिता ने लिंक्डइन पर पेरेंटिंग पर मेरी राय नाम से एक पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने बताया कि कैसे इस सीरीज ने उन्हें अंदर तक झकझोर दिया, खासकर माता-पिता और बच्चों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों को देखकर।

नमिता थापर ने लिखा, टीनएज बच्चों (मेरे बेटे 19 और 14 साल के हैं) की मां होने के नाते, इस शो ने मुझे अंदर तक हिला दिया। उन्होंने आगे लिखा, बच्चे बहुत नाजुक होते हैं। वे अपने माता-पिता को अपना आदर्श मानते हैं। अगर उन्हें लगता है कि वे अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं और उनके माता-पिता को उन पर शर्म आ रही है, तो उनके अंदर बहुत नकारात्मकता भर जाती है। यह, साथियों द्वारा की जाने वाली बदमाशी के साथ मिलकर, या तो 1) बच्चे को खुद पर गुस्सा निकालने के लिए मजबूर कर सकती है... या 2) बच्चे को दूसरों पर गुस्सा निकालने के लिए मजबूर कर सकती है। डोलेसेंस से उदाहरण देते हुए, उन्होंने जेमी मिलर के अपने पिता के साथ रिश्ते का जिक्र किया। जेमी के पिता



उसे फुटबॉल और बॉक्सिंग जैसे खेलों में इसलिए धकेलते थे ताकि वह मजबूत बन सके। जेमी उन उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाया और उसे लगने लगा कि उसके पिता को उस पर शर्म आती है। नमिता ने कहा, उसके पिता ने कभी भी उससे बात नहीं की और यह स्पष्ट नहीं किया कि ऐसा नहीं है।

### अपने बचपन का किस्सा सुनाया

नमिता ने अपने बचपन के बारे में भी कुछ बातें बताईं। उन्होंने कहा, मेरी आवाज मोटी थी, चेहरे पर बाल थे, मैं बहुत टॉमबॉय जैसी थी, और मुझे रस्मों-रिवाजों या नेल पेंट, मेहंदी जैसी किसी भी चीज से नफरत थी। मेरी मां चिंतित हो गईं... उन्होंने मुझे सिंगिंग क्लास, कथक क्लास में भेजा, और मुझसे सिर पर किताब रखकर चलने को कहा ताकि मैं और फेमिनिन दिखूं... उनका इरादा अच्छा था, लेकिन इससे मेरे मन पर निशान पड़ गए। उन्होंने आगे कहा कि उनके पिता ने उन्हें एक बेहतर स्कूल में भेजने की कोशिश की, जिससे उन्हें लगा कि उन्हें शर्म आ रही है। नमिता ने कहा, कुल मिलाकर, माता-पिता अच्छे थे, इरादे भी अच्छे थे, लेकिन उनके कार्यों के कारण सालों तक मेरा आत्मविश्वास कम रहा और मैं इमोशनल ईटिंग करती रही। उन्होंने आगे कहा, मैं ठीक हो गई और मजबूत हो गई। लेकिन हर कोई ऐसा नहीं कर पाता।

### अलग हो जाइए...

द सेल्फ-ड्रिवन चाइल्ड नामक किताब का हवाला देते हुए, नमिता ने कहा, अलग हो जाइए। उन चीजों को ठीक करने की कोशिश करना बंद कर दीजिए जो आपको लगता है कि उनमें कमी है या वे बेहतर कर सकते हैं... लेकिन खूब बातें कीजिए... खूब बातें कीजिए... उन्हें बताइए कि आपको उन पर कितना गर्व है और आप हमेशा उनके साथ हैं... मुझे तुम पर गर्व है वाला हिस्सा सबसे महत्वपूर्ण है। नमिता ने आत्मविश्वास में कमी के शुरुआती संकेतों को पहचानने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आत्मविश्वास सबसे अच्छा उपहार है जो आप अपने बच्चे को दे सकते हैं। जैसे ही आपको आत्मविश्वास में कमी के संकेत दिखें, तुरंत सही कदम उठाएं और पेशेवर मदद लें।

**बच्चे को दुनिया में लाते हैं उन्हें समय दें-** नमिता ने जेमी मिलर का उदाहरण देते हुए कहा कि वह अपने कमरे में बंद रहता था और उसके पिता 70/90 घंटे काम करने लगे थे, जिसके कारण इन संकेतों पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, अगर हम इस दुनिया में एक बच्चे को लाने का फैसला करते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम उन्हें समय दें... कि हमारे पास काम और जीवन के बीच संतुलन हो ताकि हम इन संकेतों को जल्दी पकड़ सकें और सही कदम उठा सकें।

## एलपीजी के दाम और पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ने के बाद उछलने लगे शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने घरेलू एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) सिलेंडर की कीमत मंगलवार से 50 प्रति सिलेंडर बढ़ाने का फैसला किया है। इसके अलावा, पेट्रोल और डीजल पर विशेष अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी 2 प्रति लीटर बढ़ाई जाएगी। इन दो फैसलों की वजह से भारत की सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयरों में आज उछाल नजर आ रहा है। मंगलवार को एचपीसीएल, बीपीसीएल और इंडियन ऑयल के शेयरों में 3 पर्सेंट तक तेजी आई।

एक्साइज ड्यूटी में बढ़ोतरी क्यों हुई

पेट्रोल और डीजल पर ड्यूटी बढ़ने से सरकार को एक साल में 32,000 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। यह धनराशि केंद्र सरकार को जाएगी और इसका उपयोग वित्त वर्ष 2025 के लिए एलपीजी सब्सिडी देयता को पूरा करने के लिए किया जाएगा, जिसका अनुमान 41,338 करोड़ है।

### क्यों बढ़े एलपीजी के दाम

एलपीजी कीमत में वृद्धि से ओएमसी को होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी। वर्तमान में, ये कंपनियां प्रति सिलेंडर 250 तक का नुकसान उठा रही हैं, और कीमत बढ़ने से यह बोझ घटकर लगभग 200 प्रति सिलेंडर रह जाएगा।

### आप पर क्या पड़ेगा प्रभाव

इन बदलावों के बावजूद, पंप पर रिटेल ईंधन की कीमतों में वृद्धि नहीं होने की उम्मीद है, क्योंकि एक्साइज ड्यूटी बढ़ने का असर ओएमसी खुद वहन करेंगी। हालांकि, इससे उनके मार्केटिंग मार्जिन में कमी आएगी, लेकिन फिर भी यह मार्जिन ऐतिहासिक मानकों की तुलना में अपेक्षाकृत उच्च स्तर पर बना रहेगा। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए के अनुसार, पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में वृद्धि, जो लगभग 4 प्रति बैरल के बराबर है, पिछले



तीन ट्रेडिंग सत्रों में कच्चे तेल की कीमतों में 12 प्रति बैरल की गिरावट का केवल एक तिहाई है। ब्रोकरेज का अनुमान है कि इससे सरकार के टैक्स कलेक्शन में लगभग 4 बिलियन की वृद्धि होगी।

### आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को राहत

सीएलएसए ने कहा कि एक्साइज ड्यूटी में यह वृद्धि होने के बाद भी डीजल और पेट्रोल पर मार्केटिंग मार्जिन हाल के किसी भी तिमाही औसत से अधिक रहेगा और यही कारण है कि रिटेल ईंधन की कीमतों में वृद्धि नहीं की गई है। ब्रोकरेज ने यह भी कहा कि घरेलू एलपीजी कीमतों में वृद्धि से आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को राहत मिलेगी। अगर अगले कुछ हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतें निचले स्तर पर बनी रहती हैं, तो डीजल और पेट्रोल की कीमतों में कटौती की संभावना बढ़ जाती है। एक अन्य ब्रोकरेज एचएसबीसी ने बीपीसीएल, एचपीसीएल और आईओसीएल पर अपनी खरीद रेटिंग बनाए रखी है, लेकिन जोखिम धारणा बढ़ने के कारण इसने अपने वैल्यूएशन मल्टीपल्स को कम कर दिया है। ब्रोकरेज ने अपने टार्गेट प्राइसों को इस प्रकार संशोधित किया है। आईओसीएल का टार्गेट प्राइस 170 से घटाकर 150 कर दिया गया है, जबकि बीपीसीएल का लक्ष्य 440 से घटाकर 400 कर दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि एचपीसीएल का टार्गेट प्राइस पहले के 450 से बढ़ाकर 480 कर दिया गया है। एचएसबीसी ने अपने नोट में लिखा कि भारत सरकार ने वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के महज दो दिनों के भीतर पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने का त्वरित कदम उठाया – एक ऐसा कदम जिस पर ओएमसी ने कोई आपत्ति नहीं जताई। हालांकि, तेल की कीमतों, एक्साइज ड्यूटी और रिटेल पंप कीमतों का वर्तमान संयोजन ऐतिहासिक मानकों से ऊपर मार्जिन को समर्थन देता है, लेकिन एचएसबीसी ने चेतावनी दी कि इस तरह के हस्तक्षेप से सेक्टर के लिए समग्र जोखिम धारणा बढ़ जाती है।

# रांची नगर निगम को हाई कोर्ट से लगा झटका

## रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश रद्द




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में शहर के दो रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट को बंद करने को लेकर रांची नगर निगम के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने रांची नगर निगम के आदेश को निरस्त कर दिया।

अदालत ने कहा कि नगर निगम वैसे मामले में ही कार्रवाई कर सकती है, जिसकी संरचना से दुर्घटना की संभावना है। इस संबंध में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। नगर निगम ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफटॉप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस भवन में चल रहे हैं, उसका नक्शा रांची नगर निगम से स्वीकृत है। रूफटॉप पर केवल बार एवं रेस्टोरेंट संचालित है। जहां कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई संरचना बनाई गई है। इसका किचन और स्टोर स्वीकृत नक्शा के अंदर संचालित है। दोनों रेस्टोरेंट अग्निशमन सुरक्षा के मापदंड को पूरा कर रहे हैं। विभाग से भी इन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है। फूड सेफ्टी लाइसेंस, बार लाइसेंस आदि भी सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त है।

रांची नगर निगम के पास रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को लेकर कोई नियमावली नहीं है। 24 फरवरी को रांची नगर निगम रूफ टॉप बार रेस्टोरेंट को लेकर एक ड्राफ्ट नियमावली बनाई है। इसपर लोगों से आपत्ति मांगी गई है।

दोनों रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट ने म्यूनिसिपल एक्ट 2011 और बिल्डिंग बायलाज 2016 का उल्लंघन नहीं किया है, इसलिए रांची नगर निगम द्वारा इनको बंद करने का आदेश अनुचित है। जिसे निरस्त किया जाना चाहिए। इसके बाद अदालत ने रांची नगर निगम के उक्त आदेश को निरस्त कर दिया।

## पारसनाथ भी रूकेगी कोलकाता-कानपुर स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** कोलकाता से कानपुर के लिए चलने वाली स्पेशल ट्रेन का ठहराव अब पारसनाथ स्टेशन पर भी होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने ठहराव को स्वीकृति दी है। 04153 कानपुर-कोलकाता स्पेशल 10 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार व सोमवार को चलेगी।

कानपुर से दोपहर दो बजे रवाना होकर देर रात 12:35- 12:37 तक पारसनाथ, 12:45-12:47 तक गोमो व रात 1:40-1:45 तक धनबाद में ठहराव होगा। अगले दिन सुबह 7:50 पर कोलकाता पहुंचेगी।

04154 कोलकाता-कानपुर स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार व मंगलवार को 11 अप्रैल से एक जुलाई तक चलेगी। कोलकाता से दिन 10:45 पर प्रस्थान पर दोपहर 3:30-3:35 तक धनबाद, शाम 3:58-4:00 बजे तक गोमो, शाम 4:18-4:20 तक पारसनाथ तथा अगले दिन अलसुबह 4:30 पर कानपुर पहुंचेगी।

गर्मी की छुट्टियों के दौरान दक्षिण जाने की राह मुश्किल होगी।

# पदमा ओपी को थाना का दर्जा देने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की बैठक में हजारीबाग के पदमा ओपी को थाना का दर्जा देने का फैसला लिया गया।

इसके साथ ही देवघर हवाई अड्डा के पास नया पुलिस आउट पोस्ट (ओपी) खोलने पर मुहर लगाई गई। ज्ञात हो कि पदमा में पुलिस ओपी वर्षों से कार्यरत है।

बैठक में बताया गया कि पदमा ओपी का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा है। इसका सृजन बरही थाना से दूर स्थित एनएच- 30 के इलाके में विधि-व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए किया गया था।

अब यह इलाका विस्तृत आबादी वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। इस इलाके में सड़क हादसों में बढ़ोतरी के साथ-साथ आपराधिक गतिविधियां भी उसी अनुपात में बढ़ी हैं।

### देवघर हवाई अड्डा के पास खुलेगा नया ओपी

बढ़ते उद्योग और उग्रवादियों की सक्रियता तथा सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने की कोशिशों के मद्देनजर पदमा ओपी को पूर्ण थाना में उत्क्रमित करने का निर्णय लिया गया। पदमा ओपी को थाना में उत्क्रमित करने में अनुमानित दो करोड़ 70 लाख रुपये खर्च होंगे।

दूसरी ओर देवघर जिला के कुंडा थाना अंतर्गत देवघर हवाई अड्डा के कारण विमानपत्तन ओपी के सृजन का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव में गृह विभाग द्वारा बताया गया कि कुंडा थाना से देवघर हवाई अड्डा की दूरी सात किलोमीटर एवं मुख्यालय से 12 किलोमीटर होने के कारण थाना का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा हो जाता है। हवाई अड्डा का इलाका दुर्गम होने के कारण कुंडा थाना से विधि-व्यवस्था के संधारण में कठिनाई होती है। वहीं पिछले कुछ दिनों में आपराधिक घटनाएं भी बढ़ी हैं।

इसके मद्देनजर आम लोगों की सुरक्षा के लिए उच्चस्तरीय समिति की बैठक में पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगाई गई। इस ओपी के सृजन में लगभग चार करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो, ग्रामीण विकास सचिव के.श्रीनिवासन, राजस्व सचिव चंद्रशेखर और मुख्यालय आइजी मनोज कौशिक मौजूद थे।

# खुद से ऑपरेशन कर हुआ लहुलूहान, भर्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गंसाडीह का रहने वाला 50 वर्षीय गणेश राय के पेट में पथरी थी, ऑपरेशन नहीं हो पा रहा था। इसके बाद गणेश से खुद से ऑपरेशन कर लहुलूहान कर लिया। इसके बाद इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। फिलहाल घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है।

बताया जाता है कि सोमवार को दोपहर साढ़े ग्यारह बजे भूली-तेतुलमारी मार्ग पर मोहलीडीह के समीप सड़क के किनारे गणेश घायला वस्था में खून से लथपथ पड़ा मिला। जिसके पेट में गंभीर जख्म था, जिस वजह से दर्द से कराह रहा था। लोगों से पानी पिलाने को कह रहा था।

उसने अपना नाम गणेश राय तथा केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गंसाडीह का रहने वाला बताया। वहीं, उसने बताया कि उसके पेट में तीन पथरी हो गया है। खाने में सादा भोजन मिलता था। काफी परेशान था। टेंशन में आकर स्वयं पेट काट लिया है। इधर सूचना मिलने पर ईस्ट बसुरिया ओपी की पुलिस, जिप सदस्य मो. इसराफिल व मुखिया प्रतिनिधि मो. आजाद समेत ने एंबुलेंस से उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा।

इधर, अस्पताल आने के बाद गणेश ने अपना बयान बदल दिया। उसने बताया कि पत्नी से विवाद हो गया था। इस कारण उसने ऐसा कदम उठाया है।

इधर, स्वजनों का कहना है कि किसी हादसे में उनके पेट में गंभीर चोट लगी है। घर में किसी के साथ लड़ाई या झगड़ा नहीं हुआ है।

स्वजनों के अनुसार, घटना की कोई जानकारी उन लोगों को नहीं है। इधर, अस्पताल के चिकित्सक इलाज कर रहे हैं। चिकित्सकों ने बताया कि मरीज की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

## गौ पालन से किसान हो रहे मालामाल

**लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड में दूध की नदियां बह रही है। यहां के सैकड़ों गौ-पालक दूध की बिक्री कर खुद के साथ अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं।

श्वेत क्रांति से लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। गौ-पालन में क्षेत्र के लोगों की दिलचस्पी भी बढ़ी है। कैरो प्रखंड के गांव-गांव से प्रतिदिन 10 से 15 हजार लीटर दूध बाहर के बाजार में बिक्री के लिए भेजा जाता है।


दूध बिक्री कर गौ-पालक 10 से 15 हजार रुपये प्रति माह की आमदनी कर रहे हैं। इसके अलावे गोबर की भी अच्छी-खासी कीमत मिल जाती है।

कैरो प्रखंड क्षेत्र के लोगों के जीवन में श्वेत क्रांति बदलाव ला रही है। क्षेत्र के लोग दूध बिक्री कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रहे हैं। कैरो प्रखंड से प्रतिदिन रांची, लोहरदगा सहित अन्य जिलों में दूध भेजने का काम किया जा रहा है।

दूध के कारोबार से जुडे गौ-पालकों को इससे काफी अच्छी आमदनी हो रही है। प्रति लीटर दूध का दाम 40 से 50 रुपये लीटर तक मिलता है। कैरो प्रखंड के सैकड़ों गौ-पालकों का श्वेत क्रांति से तकदीर बदल रही है।

# नए अंतरराष्ट्रीय बस टर्मिनल से वाहनों के रूट तय

## अत्याधुनिक सुविधा से लैस होगा बस टर्मिनल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** नया बस टर्मिनल शहर का आकार बढ़ाएगा। सूरत बदलेगा और रोजगार का सृजन करेगा। टर्मिनल के अंदर दुकानें हैं। वह भी पूरी तरह व्यवस्थित है। देखकर कुछ समय के लिए तो चौंक जाएंगे। इतना अच्छा पड़ाव। बड़े शहर में भी अभी ऐसा टर्मिनल नहीं बना है। बस पड़ाव बाघमारा में है। उस ओर रहने वाले छोटे छोटे दुकानदार के चेहरे पर चमक आने लगी है। लोगों की आमद बढेगी।

देवघर-बांका मुख्य सड़क मार्ग पर बाघमारा में दस अप्रैल यानी गुरुवार से इंटर स्टेट बस टर्मिनल शुरू होने वाला है। सभी बसें यहीं से चलेंगी। यह शहर से चार किलोमीटर पर है। इससे पहले, बुधवार से प्राइवेट बस पड़ाव से वाहनों की शिफ्टिंग शुरू हो जाएगी। अब ऑटो और टोटो का दायरा बढ़ेगा। बस टर्मिनल पर उतरकर मंदिर और देवघर बाजार आने जाने का राफ्ता बढ़ेगा। इससे ऑटो और टोटो चालकों की आमदनी बढ़ेगी।

अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से वाहनों का परिचालन शुरू होने से पहले बसों के आवागमन का मार्ग भी तय कर दिया गया है। गिरिडीह, रांची व हजारीबाग की ओर से जाने वाली रांगा मोड़, बैजनाथपुर, शहीद आश्रम रोड, कुंडा, कोरियासा मोड़ से भिरखीबाद होते हुए जाएगी।

रांची, हजारीबाग व गिरिडीह से आने वाली बसें रोहिणी, आरोग्य भवन, जसीडीह बस स्टैंड, कालीपुर चौक, देवपुरा होते हुए आइएसबीटी पहुंचेगी।

वहीं, सारवां व सारठ से आवागमन होने वाली बसें रांगा मोड़, बैद्यनाथपुर मोड़, शहीद आश्रम रोड, कुंडा होते हुए चलेगी। भागलपुर, गोड्डा, बासुकीनाथ व दुमका से बसों का आवागमन रांगा मोड़, बैद्यनाथपुर, चौपामोड़ से होगा।बस टर्मिनल में सारी सुविधा है। जुडको (झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी) ने इसका निर्माण कराया। बस पड़ाव में आधुनिक सुविधाएं है। देवघर एक तीर्थ स्थल है।

द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक महत्वपूर्ण स्थल होने के नाते यहां सालों भर यात्री आते हैं। पड़ोसी राज्य बिहार, बंगाल के अलावा विभिन्न प्रांतों से वाहन का आना लगा होता है। बस और वाहन से शहर खचाखच रहता है। शहर में पड़ाव का अभाव और भविष्य को देखते हुए सरकार ने अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण कराया। अब तक केवल सावन और भादो में इसका उपयोग अस्थायी तौर पर किया जा रहा था। अब सरकार इसे स्थायी तौर पर चालू कर रही है।

आईएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) का उद्घाटन 15 नवंबर 2022 को हुआ था। 23 मई 2018 में इसकी नींव रखी गई थी। निर्माण में 41.85 करोड़ खर्च हुआ। टर्मिनल में दो सौ बस का पड़ाव होगा। आईएसबीटी परिसर में 200 बस, 80 कार व 120 दो पहिया वाहनों के पड़ाव की सुविधा है। 18 बसों के यात्रियों के चढ़ने व उतरे की व्यवस्था है।

यात्रियों की सुविधा से लेकर बस स्टाफ सहित अन्य कर्मियों के लिए तमाम तरह की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर में पड़ाव का निर्माण किया गया।

ग्राउंड फ्लोर में 65 दुकानें, महिला व पुरुषों के लिए दो-दो बाथरूम, दिव्यांग यात्रियों के लिए चार बाथरूम, वातानुकूलित दो वेटिंग हाल है।

फर्स्ट फ्लोर में चालकों के लिए एक रेस्ट रूम, दो डोरमेटरी, दो वातानुकूलित वेटिंग हॉल, एक फूड कोर्ट, महिला व पुरुषों के लिए दो-दो बाथरूम, दिव्यांग यात्रियों के लिए चार बाथरूम की सुविधा उपलब्ध है।

बस पड़ाव में 80 कार व 120 दो पहिया वाहन का पार्किंग होगा। एक साथ 18 बस खुलेगी और लगेगी। ग्राउंड फ्लोर में 65 दुकानें हैं। चालकों के लिए एक रेस्ट रूम बनाया गया है। दो डोरमेटरी की व्यवस्था है। दो वातानुकूलित वेटिंग हॉल के साथ यात्रियों के लिए परिसर में एक फूड कोर्ट भी है।

# झामुमो का दो दिवसीय 13वां महाधिवेशन 14 से

## राजनीतिक प्रस्तावों के जरिये दल की दिशा होगी तय




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का 13वां महाधिवेशन 14-15 अप्रैल को रांची के खेलगांव में होगा। दो दिवसीय इस केंद्रीय महाधिवेशन में राजनीतिक प्रस्तावों के जरिये दल की दिशा तय होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष संपन्न विधानसभा चुनाव के बाद शानदार तरीके से सत्ता में दोबारा वापसी के बाद पहला केंद्रीय महाधिवेशन का आयोजन हो रहा है।

इसमें झारखंड समेत उन राज्यों से लगभग चार हजार प्रतिनिधि शामिल होंगे, जहां संगठन की इकाइयां हैं। महाधिवेशन की तैयारियों के निमित्त लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। राजनीतिक प्रस्ताव तैयार करने को हुई बैठक में तय किया गया कि नीतिगत मसलों पर पार्टी मजबूती से अपना पक्ष रखेगी।

केंद्र सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए वक्फ संशोधन कानून के विरुद्ध पार्टी निर्णय करेगी। झामुमो ने झारखंड में विस्तारित होते प्रभाव को देखते हुए पड़ोसी राज्यों के आदिवासी बहुल इलाकों को मिलाकर वृहद झारखंड की परिकल्पना को एक बार फिर लोगों के जेहन में उभारने की तैयारी की है। खासकर झारखंड से सटे बंगाल और ओडिशा के जिलों में आदिवासी समुदाय की बहुलता है। इन इलाकों में पार्टी फोकस करेगी। बंगाल में विधानसभा चुनाव भी होने वाला है। ऐसे में पार्टी वहां अपनी भूमिका का निर्धारण करेगी। हालांकि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के साथ झामुमो के बेहतर राजनीतिक संबंध को देखते हुए चुनाव में तालमेल का प्रयास हो सकता है। पिछले विधानसभा चुनाव में इन क्षेत्रों में झामुमो ने तृणमूल कांग्रेस का समर्थन किया था। केंद्रीय महाधिवेशन में एक ओर फिर से सत्ता में वापसी को लेकर जश्न का माहौल होगा तो दूसरी तरफ पार्टी की अग्रिम व दूसरी कतार के नेताओं की जिम्मेदारी भी बढ़ेगी। इनपर राज्य सरकार की उपलब्धियों और कार्यक्रमों को निचले स्तर पर पहुंचाने की जवाबदेही होगी। विधानसभा चुनाव परिणाम के तत्काल बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विस्तारित केंद्रीय समिति की बैठक में इस आशय के निर्देश भी दिए थे।

राज्य में जल्द ही नगर निकाय चुनाव भी होंगे। हाई कोर्ट ने इसमें हस्तक्षेप करते हुए निर्देश जारी किया है। सरकार सुनिश्चित करना चाहती है कि पिछड़ों को आरक्षण के साथ निकाय चुनाव संपन्न हो। इसका लाभ झामुमो को मिल सकता है। महाधिवेशन में इस निमित्त भी रणनीति तैयार होगी।

# 8900 पदों के सरेंडर पर लगी कैबिनेट की मुहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े बदलावों का निर्णय लिया है। प्रदेश के विद्यालयों में कार्यरत माध्यमिक शिक्षकों के 8900 पदों को प्रत्यर्पित करने का निर्णय लिया गया है तो दूसरी ओर, राज्य में 1373 माध्यमिक आचार्य नियुक्त होंगे। कैबिनेट ने इसके साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत ग्रासरूट इंटर्नशिप योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कॉलेज में पढ़नेवाले 17,380 छात्र-छात्राओं को गांव में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। राज्य के 4360 पंचायत में ग्रासरूट इनोवेशन के लिए इंटर्नशिप कराने की तैयारी की गई है। इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को दो किस्तों में दस हजार की छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई।इसके तहत मुख्यमंत्री के स्पेन और स्वीडन यात्रा को लेकर भी कैबिनेट की मुहर लग गई है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री इन दो देशों में अपनी टीम के साथ जाएंगे। महत्वपूर्ण फैसलों में हाई स्कूलों के 8900 माध्यमिक शिक्षकों के पदों के सरेंडर पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी।इसके साथ ही 1373 माध्यमिक आचार्य पदों के पदसृजन को लेकर भी कैबिनेट ने सहमति दी है। कैबिनेट ने हाई स्कूलों के खाली पड़े 9470 में 8650 पद और प्लस टू स्कूल के 797 में 250 पदों को खत्म करने की स्वीकृति दी गई। साथ ही, सरकारी 510 प्लस टू विद्यालयों में माध्यमिक सहायक आचार्य के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। सरकार ने राजनीति शास्त्र के 221, समाजशास्त्र के 159, मनोविज्ञान के 53, मानव शास्त्र के 21, दर्शनशास्त्र के 19, गृह विज्ञान के 96, भूगर्भ शास्त्र के 32, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कोडिंग के 54, साइबर सिक्योरिटी एवं डाटा साइंस के 54, कंप्यूटर साइंस के 131, अप्लाइड इंग्लिश के 54, उर्दू के 92, संथाली के 83, बांग्ला के 25 मुंडारी के 16, कुड़ुख के 24, कुरमाली के 10, नागपुरी के 21, पंचपरगनिया के 10, खोरठा के 18, उड़िया के चार और विशेष आचार्य के 150 पद सृजित किये गये हैं।

# शिक्षक नियुक्ति मामले में नया मोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की पीठ में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने सरकार और जेएसएससी से जवाब मांगा है। अदालत ने जेएसएससी से नियुक्त किए गए शिक्षकों की टैबुलर चार्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि कई सफल अभ्यर्थी, जिनका अंक प्रार्थियों से कम है, उनकी भी नियुक्ति की गई है। जेएसएससी के अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने कोर्ट को बताया कि प्रार्थियों का यह कथन गलत है कि प्राप्तांक राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में अंतिम चयनित अभ्यर्थी से कम है।

प्रार्थी अपनी दलील सही ठहराने के लिए वैसे लोगों का उदाहरण दे रहे हैं, जिनकी नियुक्ति जिला स्तरीय मेरिट लिस्ट के आधार पर हुई थी और जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत संरक्षित थे।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा सत्यजीत कुमार के मामले में दिए गए आदेश के आलोक में जेएसएससी ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट के तहत नियुक्ति की अनुशंसा की है। नियुक्ति की अनुशंसा में किसी तरह की खामी नहीं है। प्रार्थियों ने कोई स्पष्ट तथ्य नहीं लाया, जिससे साबित हो कि उनकी नियुक्ति की अनुशंसा नहीं किया जाना गलत है।

इस संबंध में मीना कुमारी एवं अन्य ने याचिका दाखिल कर स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के स्टेट मेरिट लिस्ट पर आपत्ति जताई है।

प्रार्थियों का दावा है कि उनसे कम अंक पाने वाले को नियुक्ति प्रदान की गई है। वर्ष 2016 में जो हाई स्कूल शिक्षक की नियुक्ति का विज्ञापन निकला था, उसके आलोक में उनकी भी नियुक्ति होनी चाहिए।

# मौसम विभाग ने जतायी तेज बारिश की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बनें नमी के कारण 8 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक राज्यभर में भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी किया है। वहीं 8 से लेकर 9 अप्रैल तक राज्यभर के पूर्वी-मध्य भागों में बारिश का असर दिखेगा।

इस दौरान वज्रपात और हवाओं की गति 30 से 50 किलोमीटर की होगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शुक्रवार और शनिवार को ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मंगलवार से लेकर गुरुवार तक कहीं-कहीं मध्यम दर्जे की बारिश भी हो सकती है, जबकि शुक्रवार और शनिवार को पूरे राज्यभर में भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है।

इस हवाओं की गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगा और अधिकतम में तापमान 5-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है, जबकि न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री की कमी आने की संभावना है। रांची, बोकारो, गुमला, देवघर, धनबाद समेत कई जिलों में दिखेगा असर

राज्यभर में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। 8 अप्रैल से लेकर 9 अप्रैल तक मूसलाधार बारिश होने की संभावना है, 10 व 11 अप्रैल को पूरे राज्यभर में भारी बारिश की संभावना है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार 8 अप्रैल से लेकर 9 अप्रैल तक रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह गोड्डा, जामतारा, पाकुड समेत आसपास के क्षेत्रों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है, वहीं इस दौरान हवा की गति भी 30-40 किलोमीटर रफ्तार से चलेगी। वहीं 10 व 11 अप्रैल को पूरे राज्यभर में भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान वज्रपात और ओलावृष्टि की भी संभावना है।

# दफ्तरों के सामने बिक रहा गुटखा पान मसाला

## नहीं दिख रहा प्रतिबंध का असर

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

*रांची। झारखंड में गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में निर्देश भी जारी किया है।*

*बावजूद लोहरदगा में खुलेआम गुटखा और पान मसाला के बिक्री हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात है लोहरदगा डीसी कार्यालय के सामने भी दुकानों में खुलेआम पान मसाला और गुटका की बिक्री की जा रही है।*

*यही नहीं शहर के लगभग सभी पान दुकान के अलावा किराना स्टोर, जनरल स्टोर, चाय की दुकान में भी गुटखा और पान मसाला की बिक्री हो रही है।*

*अभी भी गुटखा और पान मसाला के व्यापारी न सिर्फ थोक में गुटखा और पान मसाला मंगा रहे हैं, बल्कि छोटे व्यापारियों को बिक्री भी कर रहे हैं। दुकानों में स्टॉक की कोई कमी नहीं है।*

*स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसे लेकर छापामारी अभियान शुरू नहीं किया गया है। जिसके कारण प्रतिबंध के बावजूद गुटखा और पान मसाला की बिक्री पर कोई रोक नजर नहीं आ रही है।*

*सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जैसे ही सरकार की ओर से प्रतिबंध की घोषणा की गई, उसके बाद गुटखा और पान मसाला का दाम भी बढ़ चुका है। चोरी-चुपके ही सही, परंतु गुटखा और पान मसाला महंगे दाम पर खुलेआम बिक रहा है। यही नहीं छोटे किशोर और बच्चों को भी यह बड़े आराम से मिल रहा है।*

*हालांकि, मामले में स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाने की बात कही जा रही है।*

*लोहरदगा के सिविल सर्जन डॉक्टर का कहना है कि उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के साथ जल्द ही बैठक होने वाली है। इसके बाद टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।*

*इसमें फूड सेफ्टी के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य लोग शामिल रहेंगे। इसके बाद छापामारी अभियान तेजी के साथ चलाया जाएगा।*

*जहां कहीं भी गुटखा और पान मसाला की बिक्री करते हुए पाया जाएगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हाल में गुटखा और पान मसाला की बिक्री नहीं करनी है।*

*स्वास्थ्य विभाग इस लेकर छापेमारी अभियान शुरू करने जा रहा है। सरकार के निदेशों का पालन करने को लेकर विभाग प्रतिबद्ध है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

*उधर, चतरा में भी प्रतिबंध के बावजूद गुटखा की बिक्री खुलेआम हो रही है। सरकार एवं गैर सरकारी दफ्तरों के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों के समीप पान-खैनी के दुकान से लेकर किराना दुकानों में गुटखा आसानी से मिल रहा है।*

*आश्चर्य तो इस बात कि है-जिला कार्यालय अर्थात डीसी-एसपी व विकास भवन के समीप के दुकानों में भी गुटखा की बिक्री खुलेआम हो रही है।*

*यहां स्पष्ट कर दें कि राज्य सरकार ने गुटखा की बिक्री पर पिछले कुछ सालों से प्रतिबंध लगा रखा है। सरकार ने उस प्रतिबंध को एक साल और विस्तार दिया है।*

*इसका आदेश मंगलवार को जारी कर दिया गया। सरकार के आदेशानुसार गुटखा की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है।*

*मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों की स्थिति दुकानों पर स्टिंग चलाया। दुकानों पर खुलेआम गुटखा की बिक्री होते पाया है।*

*दुकानदार बेछिचक होकर उसकी बिक्री कर रहे हैं। डीसी आफिस हो या विकास भवन, अथवा मेन रोड तथा विभिन्न चौक चौराहों पर इसकी बिक्री धड़ल्ले से हो रही है।*

*स्थानीय मेन रोड निवासी कुमार संतोष कहते हैं कि सरकार का निर्णय उचित है। गुटखा पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा देना चाहिए। गुटखा की वजह से कैंसर जैसी बीमारी तेजी से फैल रहा है।*

*संतोष कहते हैं कि सरकार ने आदेश जारी कर दिया। आदेश का पालन कराना अधिकारियों का काम है। पिछले एक साल में दो या तीन बार गुटखा को लेकर शहर में अभियान चलाया गया है। परिणामस्वरूप अभियान का बहुत असर नहीं देखने को मिला।*

*अव्वल मोहल्ला निवासी संजीव कुमार कहते हैं कि कागज पर आदेश जारी करने से कुछ नहीं होने वाला है। गुटखा की बिक्री पर कोई असर नहीं पड़ा है। खुल्लम-खुल्ला बिक्री हो रही है।*

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एमसी–54–सीएलजी–बीटी–पीएफएस–एचडब्ल्यूएच–25, दिनांक 04.04.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरिज एवं वैगन), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: **एमसी–54–सीएलजी–बीटी–पीएफएस–एचडब्ल्यूएच–25** के प्रतिपक्ष खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 03 वर्ष की अवधि के लिए पैसेंजर कोचों में फिट किए हुए आईआर–डीआरडीई बायो–टॉयलेट का वार्षिक रखरखाव एवं परिचालन अनुबंध (एएमओसी)। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 30,05,94,034.77, **बयाना राशि :** रु. 16,53,000/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 10,000/–, **बोली प्रणाली :** दो पैकेट प्रणाली। **अनुबंध की अवधि:** कार्य शुरू करने की तिथि से 36 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 04.04.2025 को 14.08 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 14.04.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 28.04.2024 को 14.00 बजे। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण: www.ireps. gov.in**

HWH-09/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# हैरी ब्रूक बने इंग्लैंड के नए सफेद-बॉल कप्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को इंग्लैंड की पुरुष सफेद-बॉल टीमों का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। ब्रूक ने जोस बटलर की जगह ली है, जिन्होंने पाकिस्तान में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से इंग्लैंड के जल्दी बाहर होने के बाद इस भूमिका से इस्तीफा दे दिया था। पिछले साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के दौरान ब्रूक चोटिल बटलर की जगह इंग्लैंड के कप्तान बने थे। ब्रूक ने न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी की थी। ब्रूक ने कप्तानी मिलने पर कहा, इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में नामित होना वास्तव में सम्मान की बात है। जब से मैं व्हार्फडेल में बर्ले में क्रिकेट खेलता था, तब से मैं यॉर्कशायर का प्रतिनिधित्व करने, इंग्लैंड के लिए खेलने और शायद एक दिन टीम का नेतृत्व करने का सपना देखता था।अब मुझे वह मौका मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने परिवार और कोचों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मुझ पर उनके विश्वास ने बहुत कुछ बदल दिया है और मैं उनके बिना इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाता। ब्रूक ने सोमवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा, इस देश में बहुत प्रतिभा है और मैं शुरुआत करने, हमें आगे बढ़ाने और सीरीज, विश्व कप और प्रमुख आयोजन जीतने की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं आगे बढ़ने और अपना सबकुछ देने के लिए उत्साहित हूं। 26 वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण करने के बाद से इंग्लैंड की सफेद-बॉल टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और वर्तमान में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। अब तक ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए 26 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34 की औसत से 816 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 110 रहा है। उन्होंने 44 टी20 मैच भी खेले हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 81 रहा है और वह बटलर के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया में 2022 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने ब्रूक के शीर्ष भूमिका निभाने पर खुशी जताई। मुझे खुशी है कि हैरी ब्रूक ने दोनों प्रारूपों में इंग्लैंड के सफेद-बॉल कप्तान के रूप में भूमिका स्वीकार कर ली है। वह पिछले कुछ समय से हमारे उत्तराधिकार नियोजन का हिस्सा रहे हैं, हालांकि यह अवसर उम्मीद से थोड़ा पहले आया है। उन्होंने कहा, हैरी न केवल एक बेहतरीन क्रिकेटर हैं, बल्कि उनके पास एक बेहतरीन क्रिकेटिंग दिमाग और दोनों टीमों के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण भी है, जो हमें और अधिक श्रृंखला, विश्व कप और प्रमुख वैश्विक टूर्नामेंट जीतने में मदद करेगा। इंग्लैंड के कप्तान के रूप में ब्रूक का पहला काम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और इतने ही टी20 मैच खेलना है, जिसकी शुरुआत 29 मई को एजबस्टन में होगी। यह भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 पुरुष टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले 2027 वनडे विश्व कप के लिए इंग्लैंड की तैयारी की शुरुआत भी है।

आईपीएल 2025

# विराट कोहली ने रचा इतिहास

**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार (7 अप्रैल) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे किए। 36 वर्षीय कोहली ने अपनी पारी के दौरान 17 रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की। कोहली 13,000 टी20 रन बनाने वाले पहले भारतीय हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के केवल पांचवें बल्लेबाज हैं।

### 13,000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज

कोहली ने अपनी 386वीं टी20 पारी में यह उपलब्धि हासिल की। इससे वह वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के बाद दूसरे सबसे कम मैच में यब उपलब्धि हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए। गेल ने केवल 381 पारियों में 13,000 रन बनाए थे। कोहली ने इंग्लिश बल्लेबाज एलेक्स हेल्स को लगभग 90 पारियों से पीछे छोड़ते हुए सूची में दूसरा स्थान हासिल किया।

### रोहित शर्मा के 11,851 रन

आईपीएल 2024 के दौरान कोहली ने सिर्फ 360 पारियों में गेल के बाद दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज के तौर पर 12,000 टी20 रन पूरे किए। भारतीय खिलाड़ियों में रोहित शर्मा 438 पारियों में 11,851 रन के साथ टी20 रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। कोहली ने 3 अप्रैल, 2007 को दिल्ली के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ इंटर-स्टेट टी-20 टूर्नामेंट में अपना टी20 डेब्यू किया। इसे बाद में सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी का नाम दिया गया। इस मैच उन्होंने 35 रन बनाए।

### कोहली के 9 शतक

कोहली शतक के मामले में भी भारतीय बल्लेबाजों में सबसे आगे हैं। उन्होंने अपने करियर में 9 शतक लगाए हैं। इनमें से आठ आईपीएल में आए हैं। कोहली ने इससे पहले 2021 आईपीएल के दौरान 10,000 टी20 रन के मील के पत्थर को पार किया था। बाबर आजम और गेल के बाद तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज थे। उन्होंने 299 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी।



एटीपी मास्टर्स

# बोपन्ना की बड़ी उपलब्धि, एटीपी मास्टर्स का मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया।

### नेस्टोर के नाम था रिकॉर्ड

बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6-3, 6-2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।

### कुछ समय से खराब फॉर्म में गुजर रहे हैं बोपन्ना

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्ग्स के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।



आईपीएल 2025: हार्दिक से फाइट पर बोले क्रुणाल

# आखिरकार एक पांड्या बाजी मार गया



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की टीम जब 99 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी तो क्रीज पर आए हार्दिक पांड्या ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए। इस दौरान आरसीबी की ओर से खेल रहे उनके बड़े भाई क्रुणाल ने भी उन्हें गेंदें फेंकी जिसपर हार्दिक बड़े शॉट लगाने में सफल रहे। उस ओवर के दौरान दोनों में तीखी बातचीत भी होते देखी गई। सोशल मीडिया पर जब इसकी तस्वीरें वायरल हुईं तो मैच खत्म होने के बाद क्रुणाल पांड्या ने इस पर बात की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारे (हार्दिक और मेरे) बीच जो रिश्ता है, हम जानते थे कि केवल एक पंड्या ही जीतने वाला है, एक-दूसरे के लिए हमारा प्यार और स्नेह बहुत स्वाभाविक है। क्रुणाल ने कहा कि उसने (हार्दिक) वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की और मुझे उसके लिए दुख है, लेकिन हम (हमारी टीम) जीते और यह सबसे महत्वपूर्ण है। जब मैं गेंदबाजी करने आया, तो सेंटनर बल्लेबाजी कर रहे थे और लेग साइड छोटी थी और पिछले 10 वर्षों में मैंने जितने भी मैच खेले हैं, किसी न किसी समय अनुभव की जरूरत थी। एक गेंदबाज के रूप में, कभी-कभी आप प्रतिबद्ध होना चाहते हैं और 100 प्रतिशत प्रतिबद्ध होना महत्वपूर्ण है और इससे निष्पादन में मदद मिलती है।

एंडी (फ्लावर) और मैं एलएसजी में 2 साल तक रहे और एंडी को व्यक्तिगत रूप से जानना अच्छा था और जिस तरह से हम एक टीम के रूप में आगे बढ़ रहे हैं, हम बहुत अच्छे मानसिक स्थिति में हैं। रजत ने जिस तरह से शुरुआत की है, वह शानदार रहा है और वह आपको आत्मविश्वास देता है और आपकी गेम प्लान का भी समर्थन करता है। वह बहुत शांत है और चीजों को जटिल नहीं बनाता है। जितेश शानदार रहे हैं, उन्होंने अपने खेल में सुधार किया है और बल्लेबाजी करते समय उनकी खेल के प्रति जागरूकता शीर्ष स्तर की है। दस्ताने के साथ वह हमेशा असाधारण रहे हैं। मैं बस अपना सिर नीचे रखना चाहता हूं और जीतना जारी रखना चाहता हूं।

### अंक तालिका में आरसीबी तीसरे स्थान पर

जीत के साथ बेंगलुरु की टीम 4 मैचों में तीन जीत के साथ तीसरे स्थान पर आ गई है। आरसीबी ने सीजन में सिर्फ गुजरात टाइटंस से 8 विकेट से मुकाबला गंवाया था। वह कोलकाता, चेन्नई और अब मुंबई को हरा चुकी है। पांच मैचों में 4 हार के साथ अंक तालिका में मुंबई इंडियंस आठवें स्थान पर आ गई है। उनके बाद 9वें पर चेन्नई सुपर किंग्स तो 10वें पर सनराइजर्स हैदराबाद बनी हुई है।

# भुवनेश्वर कुमार के नाम जुड़ा सबसे बड़ा रिकॉर्ड, इस मामले में बन गए नंबर वन

**मुंबई, एजेंसी**। इंडियन प्रीमियर लीग में तेज गेंदबाजों ने अपनी धारदार गेंदबाजी से बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया है और इस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पेसरों की सूची में भुवनेश्वर कुमार ने बाजी मार ली है। 179 मैचों में 184 विकेट के साथ भुवनेश्वर आईपीएल के सबसे सफल तेज गेंदबाज बन गए हैं। यह आंकड़ा उनकी निरंतरता और स्विंग गेंदबाजी की कला का सबूत है।

भुवनेश्वर ने वेस्टइंडीज के दिग्गज ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 161 मैचों में 183 विकेट हैं। ब्रावो, जो अपनी धीमी



गेंदों और यॉर्कर के लिए मशहूर थे, अब इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे नंबर पर श्रीलंका के लसिथ मलिंगा हैं, जिन्होंने 122 मैचों में 170 विकेट लिए और मुंबई इंडियंस को कई खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई।

चौथे स्थान पर भारत के मौजूदा स्टार जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्होंने 134 मैचों में 165 विकेट हासिल किए हैं। बुमराह की डेथ ओवर्स में सटीक यॉर्कर और गति ने उन्हें इस सूची में तेजी से ऊपर पहुंचाया है। वहीं, पांचवें नंबर पर उमेश यादव हैं, जिन्होंने 148 मैचों में 144 विकेट लिए और अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को परेशान किया।

# ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने लिया संन्यास, सिर पर लगी चोट बनी वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के 27 साल के बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. उन्होंने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है. विल पुकोवस्की का इंटरनेशनल करियर सिर्फ एक मैच का रहा, जो कि उन्होंने टीम इंडिया के खिलाफ डेब्यू करते हुए खेला था. ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का फ्यूचर कहे जाने वाले विल पुकोवस्की के संन्यास की वजह कहीं ना कहीं उन्हें लगातार हुई कन्कशन को माना जा रहा है. विल पुकोवस्की ने साल 2021 में भारत के खिलाफ खेले सिडनी टेस्ट में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था. दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने उस



1 मैच के साथ खत्म हुआ करियर

मैच में 72 रन बनाए थे, जिसमें पहली पारी में खेली 62 रन की दमदार इनिंग भी शामिल रही थी. हालांकि, उस मैच के बाद फिर कभी विल पुकोवस्की ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं आ पाए, जिसमें उन्हें हुए लगातार कन्कशन की अहम भूमिका रही.

### 12 बार हुए कन्कशन का शिकार

अपने क्रिकेट करियर के दौरान पुकोवस्की लगातार कन्कशन का शिकार होते रहे हैं. वो कई बार सिर पर गेंद खा चुके हैं, जो कि उनके संन्यास की बड़ी वजह बताई जा रही है. एक आंकड़े के मुताबिक पुकोवस्की के करियर में कुल 12 बार गेंद उनके सिर पर लगी है, जिसमें से 9 बार तो उनके साथ ऐसा हादसा इंटरनेशनल डेब्यू करने से पहले ही हो चुका था.

### कभी मेंटल हेल्थ तो कभी चोट- पुकोवस्की रहे टीम से बाहर

2018-19 में पुकोवस्की ने मेंटल ब्रेक लिया था. इस दौरान उन्होंने कहा था कि वो मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं और इसलिए वह सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे. 2021 में भारत के खिलाफ डेब्यू टेस्ट खेलने के बाद वो कंधे में चोट के कारण बाहर हो गए थे. अक्टूबर 2022 से उन्होंने क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था और 3 महीने बाद वापसी की थी.

### विल पुकोवस्की का करियर

विल पुकोवस्की का फर्स्ट क्लास करियर 7 साल का रहा है. इस दौरान उन्होंने 36 मैच खेले, जिसकी 57 पारियों में 45 से ज्यादा की औसत से 2350 रन बनाए हैं. फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 255 रन का रहा है. फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके 7 शतक और 9 अर्धशतक है. विल पुकोवस्की ने 14 लिस्ट ए मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27 से ज्यादा की औसत से 333 रन बनाए हैं. लिस्ट ए में विल पुकोवस्की ने 1 शतक और 2 अर्धशतक जमाए हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की हवा खराब करने के लिए एमसीडी ने लगा दी कूड़े में आग! सिरसा ने शेयर किया वीडियो



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिरसा ने एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो तिलक नगर में कूड़े के ढेर का है,जिसमें आग लगी हुई है। सिरसा ने वीडियो शेयर कर दावा किया कि यह आग एमसीडी के अधिकारियों ने लगाई है। मनजिंदर सिरसा ने एक्स अकाउंट से लिखा कि दिल्ली की हवा सुधरना शुरू हुई थी कि तभी जानबूझकर एमसीडी ने इस कूड़े के ढेर में आग लगा दी। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से लिखा कि एक और चौंकाने वाली घटना, दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में सुधार शुरू होते ही एमसीडी के अधिकारियों द्वारा तिलक नगर विधानसभा में जानबूझकर कचरे में आग लगा दी। क्क के नेतृत्व वाली एमसीडी के तहत इस तरह की लापरवाह हरकतें सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सीधा खतरा हैं। मैं एक बार फिर आतिशी जी से आग्रह करता हूं कि वे राजनीति से ऊपर उठें और इस पर्यावरण विरोधी व्यवहार को तुरंत रोकें। हम सभी को दिल्ली के पर्यावरण की रक्षा के लिए एक साथ आना होगा। सिरसा ने जो वीडियो जारी किया है वह किसी ने रिकॉर्ड कर अपने एक्स हैंडल पर डाला था। 29 सेकेंड के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि दूर तक कूड़े का ढेर है,जिसमें एक तरफ आग लगी हुई है। पीछे से एक शख्स अपनी आवाज में पूरी घटना बता रहा है। पास के रोड से लोग भी जा रहे हैं,हालांकि आगा इतनी भयानक नहीं है। इसे तिलक नगर का बताकर और एमसीडी अधिकारियों की ओर से लगाई आग बताया गया है। इसपर अभी आम आदमी पार्टी और एमसीडी की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

### नितिन गडकरी ने एनसीआर को दी गुड न्यूज, अगले महीने खुलेगी द्वारका एक्सप्रेसवे पर बन रही सुरंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को बताया कि गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे पर बन रही सुरंग को मई महीने के अंत तक यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इसके खुलने से दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर सिरहौल बॉर्डर के पास ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिले। इस दौरान नितिन गडकरी ने निर्माणाधीन सुरंग को खोले जाने समेत कई जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि एनएचएआई के अधिकारियों से कहा गया है कि सुरंग को खोलने से पहले सारे काम पूरा करें।

एक बार सुरंग खुलने के बाद इसे बंद नहीं किया जाना चाहिए। राव इंद्रजीत सिंह ने गडकरी के समक्ष दिल्ली-गुरुग्राम के बीच रोजाना लग रहे जाम का मामला उठाया। इस पर उन्होंने कहा कि दिल्ली और गुरुग्राम को आपस में जोड़ रही मुख्य सड़कों को चौड़ा करने की योजना बनाई जा रही। दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे को जाम मुक्त करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए दिल्ली के धौलाकुआं से मानेसर तक एलिवेटेड रोड के निर्माण की डीपीआर अगले तीन महीने में बन जाएगी। मौजूदा फ्लाईओवर को इस एलिवेटेड रोड से किस तरह और कहां पर जोड़ा जा सकता है, इसकी जानकारी भी डीपीआर में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। नितिन गडकरी और राव इंद्रजीत सिंह की मुलाकात के दौरान इस पर सहमति बनी।

# दिल्ली एलजी वीके सक्सेना के मानहानि मामले में मेधा पाटकर को अदालत से डबल राहत



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मानहानि मामले में साकेत कोर्ट ने आज सोशल एक्टिविस्ट मेधा पाटकर को डबल राहत दी है। कोर्ट ने मेधा पाटकर पर लगाए गए जुर्माने की राशि 10 लाख रुपये से घटाकर 1 लाख रुपये कर दी। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि मेधा पाटकर की उम्र को देखते हुए उन्हें एक साल के लिए प्रोबेशन पर रखा जाएगा। इससे पहले सेशन कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा था।

साकेत कोर्ट के एडिशनल सेशन जज विशाल सिंह की अदालत ने 70 वर्षीय मेधा पाटकर को एक साल के अच्छे आचरण की शर्त के साथ प्रोबेशन पर रिहा करने का आदेश दिया। इसके लिए उन्हें अच्छे आचरण का बॉन्ड भरकर देना होगा। कोर्ट ने उनकी उम्र, पहले कोई दोष सिद्ध न होने और उनके द्वारा किए गए अपराध को देखते हुए उन्हें यह राहत दी है। साथ ही कोर्ट ने उन पर लगाए गए 10 लाख रुपये के जुर्माने को भी घटाकर 1 लाख रुपये कर दिया है, जिसे उन्हें जमा करना होगा। साल 2000 में दर्ज कराए गए इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें दोषी करार देते हुए पांच महीने कैद की सजा सुनाई थी। मेधा पाटकर ने सजा और दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। मेधा पाटकर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुईं।

बता दें कि, प्रोबेशन अपराधियों के साथ गैर-संस्थागत व्यवहार का एक तरीका है। यह सजा का एक सशर्त निलंबन है, जिसमें दोषी ठहराए जाने के बाद अपराधी को जेल भेजने के बजाय अच्छे आचरण के बॉन्ड पर रिहा कर दिया जाता है। पिछले सप्ताह कोर्ट ने मानहानि के अपराध के लिए उन्हें दोषी ठहराने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। वीके सक्सेना ने 24 नवंबर, 2000 को पाटकर के खिलाफ मानहानिकारक प्रेस रिलीज जारी करने के लिए नेशनल काउंसिल ऑफ सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष के रूप में मामला दायर किया था।

पिछले साल 24 मई को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कहा था कि पाटकर के बयानों में सक्सेना को कायर कहा गया था और उन पर हवाला लेन-देन में शामिल होने का आरोप लगाए गए था, जो न सिर्फ अपमानजनक था, बल्कि उनके बारे में नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए भी गढ़े गए थे। साथ ही, यह भी आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता गुजरात के लोगों और उनके संसाधनों को विदेशी हितों के लिए 'गिरवी' रख रहे हैं, जो उनकी ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा पर सीधा हमला है।

सजा पर बहस 30 मई को पूरी हो गई थी, जिसके बाद सजा पर फैसला 7 जून को सुरक्षित रखा गया था। 1 जुलाई को अदालत ने उन्हें पांच महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी, जिसे उन्होंने सेशंस कोर्ट में चुनौती दी थी।

# दिल्ली में कार के अंदर अचानक लगी आग, जिंदा जल गया बिजनेसमैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में बिजवासन रोड फ्लाईओवर पर एक जली हुई कार मिली है। दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि सोमवार रात एक कार में आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जली हुई कार की जांच करने पर उसके अंदर से एक जला हुआ शव बरामद हुआ। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि शव ड्राइवर का है जो हादसे के दौरान बाहर नहीं निकल पाया।

घटना को लेकर पुलिस ने बताया, सोमवार रात को करीब 10~25 बजे, पुलिस थाना कापसहेड़ा को एक पीसीआर कॉल मिली कि गाड़ी में आग लगी है और गाड़ी में परिवार बिजवासन फ्लाईओवर के पास फंसा हुआ है। कॉल मिलने पर, आईओ स्थानीय पुलिस कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और पाया कि एक कार टोयोटा ग्लैंजा रजिस्टर्ड नंबर डीएल 8 सीबीए 7610 में आग लग गई है।

मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और आग पर काबू पाया गया। निरीक्षण करने पर पता चला कि कार की ड्राइवर सीट पर एक अधजला शव पड़ा था। लोकल राहगीरों से पूछताछ करने पर पता चला कि कार बिजवासन फ्लाईओवर से द्वारका-एक्सप्रेसवे की ओर जा रही थी। चलती कार में अचानक आग लग गई और ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। रजिस्ट्रेशन डिटेल्स से, परिवार के सदस्यों को मौके पर बुलाया गया और बाद में मृतक की पहचान संदीप पुत्र मामन सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी एच नंबर 55 गली नंबर 3, निहाल कॉलोनी, पालम विहार, गुड़गांव के रूप में हुई, जो आरके पुरम में टैक्सी ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करता था। वह अपने ऑफिस से घर लौट रहा था। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया और शव को मोर्चरी में ट्रांसफर कर दिया गया। मामले में आगे की जांच चल रही है।

## दिल्ली में फीस बढ़ोतरी पर पैरेंट्स नाराज, डीपीएस द्वारका के खिलाफ प्रदर्शन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्कूलों में बढ़ी हुई फीस का मामला गरमाता जा रहा है। मंगलवार को, कई पैरेंट्स ने फीस वृद्धि को लेकर द्वारका स्थित डीपीएस के सामने विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने फीस बढ़ाने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि हम निजी स्कूलों का ऑडिट कराएंगे। जहां भी मानदंडों का उल्लंघन मिलेगा उसपर ऐक्शन लिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा, हमें दिल्ली के स्कूलों की फीस बढ़ाने के लिए दोषी ठहराया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 2004 के मॉडर्न स्कूल मामले में एक आदेश पारित किया था कि दिल्ली के स्कूलों को अपनी फीस बढ़ाने से पहले शिक्षा निदेशालय से अनुमति लेनी होगी। लेकिन उन्होंने (आप) 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट से इस आदेश को खारिज करवा लिया। रेखा गुप्ता ऐसे मामलों में भ्रष्टाचार की जांच करेंगी जहां अंडर-द-टेबल पैसे लिए गए। सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में एक समिति बनाई जाएगी और सभी स्कूलों का ऑडिट किया जाएगा और अगर कोई स्कूल किसी भी मानदंड पर खरा नहीं उतरता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी के मुद्दे पर पत्र लिखा और तत्काल प्रभाव से आदेश जारी करने का आग्रह किया ताकि कोई भी स्कूल किसी भी पैरेंट्स/गार्जियन से बढ़ी हुई फीस तब तक न वसूले, जब तक स्कूलों के खातों का ऑडिट न हो जाए। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि फीस बढ़ाने की मांग करने वाले स्कूलों के सभी खातों का समयबद्ध तरीके से कैग के पैनल में शामिल ऑडिटरों द्वारा ऑडिट किया जाए। 1-2 प्रतिशत की भी फीस वृद्धि की कोई भी मंजूरी केवल उन्हीं स्कूलों को दी जानी चाहिए, जिनके वैध खर्च बिना ऐसी वृद्धि के पूरे नहीं हो सकते।

## दिल्ली में शादी का प्रपोजल ठुकराने पर भड़का था सनकी आशिक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के किरबी प्लेस बस स्टॉप इलाके में एक व्यक्ति ने 17 साल की लड़की पर सरेआम चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लड़की पर रविवार देर शाम को हमला किया गया, क्योंकि उसने दिन में उसके शादी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। उन्होंने बताया कि इस बात से गुस्साए 20 साल के व्यक्ति ने रसोई के चाकू से सुनियोजित तरीके से उस पर कई बार चाकू से वार किया। जब गंभीर रूप से घायल लड़की ने मदद के लिए शोर मचाया तो आरोपी ने उसी चाकू से खुद को भी घायल कर लिया। पीड़िता की मां ने बताया कि मंगलवार को उनकी बेटी 18 साल की हो जाएगी। पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब 9.30 बजे एक राहगीर ने पुलिस को मामले की सूचना दी, जिसने लड़की को अस्पताल भेजने की भी कोशिश की। डिप्टी पुलिस कमिश्नर (दक्षिण-पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने एक बयान में कहा, लड़की के गर्दन और पेट के बाएं हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल से एक चाकू बरामद किया गया है। दोनों को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया



गया है और उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत गंभीर है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी अमित के खिलाफ दिल्ली कैंट थाने में बीएनएस की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। डीसीपी ने आगे बताया कि पूछताछ में पता चला कि अमित और लड़की पिछले साल से दोस्त थे और किसी बात को लेकर उनके बीच अनबन हो गई थी। जांचकर्ताओं ने सीसीटीवी फुटेज हासिल करने और घटना के दौरान मौजूद लोगों के बयान दर्ज करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया और अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड किया। एक सूत्र ने बताया कि आरोपी ने घटना की योजना बनाई थी। सूत्र ने बताया, हमें पता चला कि आरोपी उसका पीछा कर रहा था और उसने शादी का प्रस्ताव भी रखा था, जिसे पीड़िता ने ठुकरा दिया था। आरोपी ने उसका हाथ पकड़ने की भी कोशिश की, जिसका उसने विरोध किया और उससे दूर चली गई। बाद में आरोपी ने घर से चाकू लाकर उसे मारने की योजना बनाई। इस बीच, कथित तौर पर घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। 45 सेकंड की क्लिप में एक पुरुष और एक महिला खून से लथपथ फुटपाथ पर एक साथ लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि राहगीर मदद के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। इस बीच, पीड़िता की मां ने कहा कि मंगलवार को उनकी बेटी 18 साल की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी वेंटिलेटर पर है, जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। सिंगल मदर ने कहा, हम बहुत खुश थे कि वह कल (मंगलवार को) 18 साल की हो जाएगी।

# डोनाल्ड ट्रंप ने दी चीन पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।**
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है, जिससे कुल टैरिफ उत्पादों के मूल्य से भी अधिक हो जाएंगे। साथ ही, वे दुनिया भर के देशों पर बराबरी का टैक्स लगाने की अपनी नीति को और मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर चीन ने 8 अप्रैल 2025 तक अपने 34 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि को वापस नहीं लिया, तो अमेरिका 9 अप्रैल से चीन पर 50त्न अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह बीजिंग के साथ शुल्कों पर किसी भी बातचीत को खत्म कर देंगे। अन्य शुल्कों के साथ मिलकर, कुल टैरिफ 104 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। अगर अमेरिका-चीन टैरिफ विवाद में कोई भी पक्ष पीछे नहीं हटा, तो आयातित उत्पादों की कीमत से अधिक शुल्क का अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बुरा असर पड़ सकता है, जो रोजमर्रा की कई चीजों के लिए चीन पर निर्भर हैं। ट्रंप का यह बयान चीन के उस ऐलान के जवाब में था, जिसमें उसने अमेरिकी आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। पारस्परिक शुल्कों में किसी भी रुकावट से इनकार करते हुए ट्रंप ने पत्रकारों



से कहा, हम इस पर विचार नहीं कर रहे हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक के बाद बोलते हुए उन्होंने कहा, मुझे इससे गुजरने में कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि मुझे अंत में एक खूबसूरत तस्वीर दिखाई देती है। ट्रंप की धमकियों के बीच अमेरिकी शेयर बाजारों ने पिछले हफ्ते अपनी तेज गिरावट को रोका, जिसमें नैस्डैक ने सोमवार को 0.1 प्रतिशत की मामूली बढ़त हासिल की, जबकि व्यापक एसएंडपी इंडेक्स में केवल 0.23 प्रतिशत की गिरावट आई। कुछ समय के लिए एक सकारात्मक संकेत दिखा, जब यह अफवाह थी कि पारस्परिक टैरिफों पर 90 दिन की रोक लगेगी, तब एसएंडपी 3.4 प्रतिशत ऊपर था, लेकिन व्हाइट हाउस द्वारा इसे खारिज किए जाने से पहले एसएंडपी में गिरावट आई। फायदा उठाया है, वे अब कह रहे हैं, कृपया बातचीत करें। जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि टोक्यो बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। विदेश विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत में भारत पर पारस्परिक टैरिफ और निष्पक्ष और संतुलित व्यापार संबंधों की दिशा में प्रगति कैसे करें।

## अमेरिका छोड़कर चले जाओ... भारतीय स्टूडेंट्स से कह रहे हैं अमेरिकी ऑफिसर्स?

**अमेरिका एजेंसी।**
अमेरिका में पढ़ाई कर रहे हजारों भारतीय छात्रों के लिए यह समय कठिनाई भरा बन गया है। हाल ही में कई छात्रों को अचानक ईमेल प्राप्त हुए हैं, जिसमें उन्हें सूचित किया गया है कि उनका वीज़ा रद्द कर दिया गया है और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़ना होगा। यह कदम तब उठाया गया है जब इन छात्रों पर मामूली अपराध जैसे ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर गाड़ी चलाना और चोरी के मामूली मामलों में आरोप लगाए गए थे।

अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों को हाल ही में अपने डिज़िग्नेटेड स्कूल ऑफ़िसर से ईमेल मिले हैं, जिसमें कहा गया है कि उनका सेवीस रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया है। इसके कारण उनका स्न-1 वीज़ा अब वैध नहीं है और उन्हें सेवीस रूप से अमेरिका में रहने की अनुमति नहीं है। न्यूयॉर्क में पढ़ाई कर रहे एक छात्र को दो साल पहले स्पीडिंग के लिए टिकट मिला था। जुर्माना भरने के बाद मामला खत्म हो गया, लेकिन अब उसी मामले के आधार पर उनका वीज़ा रद्द कर दिया गया है।

मिसौरी में ढ्ढञ्ज में मास्टर्स कर रहे एक छात्र को शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मामला कानूनी रूप से निपट चुका था, फिर भी उन्हें वीज़ा रद्द करने का नोटिस मिला है।

टेक्सास के एक छात्र ने गलती से वॉलमार्ट में 144 डॉलर की वस्तु को स्कैन करना भूल गया था। हालांकि मामला खारिज कर दिया गया था, लेकिन अब उन्हें वीज़ा रद्द किए जाने की सूचना मिली है। अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों का कहना है कि मामूली अपराधों के बावजूद सेवीस रिकॉर्ड को समाप्त करने का यह निर्णय असामान्य है। लेकिन हाल ही में नीति में बदलाव देखा गया है। टेक्सास के इमिग्रेशन वकील चंद परावथनेनी ने कहा कि यह एक दुर्लभ स्थिति है। वह लगातार छात्रों से संपर्क में हैं और यह जांच कर रहे हैं कि क्या छात्र अन्य गंभीर मामलों में भी शामिल रहे हैं।

# युद्धकालीन कानून के तहत निर्वासन पर रोक लगाने वाला आदेश हटाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को निचली अदालत के उस आदेश को हटा दिया, जिसमें युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करके वेनेजुएला प्रवासियों के निर्वासन पर रोक लगाई गई थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि 1978 के विदेशी शत्रु अधिनियम के तहत निर्वासन के अधीन प्रवासियों को अपने निष्कासन को कानून रूप से चुनौती देने का मौका दिया जाना चाहिए।



एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने राष्ट्रपति ट्रंप के निर्वासन वाले फैसले पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद वह अब फिर से निर्वासन शुरू कर सकते हैं। शीर्ष कोर्ट का 5-4 का फैसला उन्हें ऐसा करने के लिए फिर से अनुमति देता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस कानून का उपयोग कथित वेनेजुएला गिरोह को सदस्यों को पकड़ने और उन्हें अल साल्वाडोर की जेल में भेजने के लिए किया था। अमेरिका से निर्वासित किए गए वेनेजुएलावासियों के वकीलों ने कहा कि उनके क्लाइंट वेनेजुएला के गिरोह ट्रेन डी अरागुआ के सदस्य नहीं थे, उन्होंने कोई अपराध नहीं किया। लेकिन उन्हें मुख्य रूप से उनके टैटू के आधार पर निशाना बनाया गया।

इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला अमेरिका में कानून के शासन को बनाए रखने में मदद करेगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, सुप्रीम कोर्ट ने देश में कानून के शासन को बरकरार रखा है। इससे सीमाओं को सुरक्षित रखने और देश की रक्षा करने में मदद मिलेगी। यह अमेरिका में न्याय के लिए एक महान दिन है। बता दें कि अमेरिकी जिला न्यायाधीश जेम्स बोसबर्ग ने 15 मार्च को युद्धकालीन कानून के तहत वेनेजुएला के प्रवासियों को अल साल्वाडोर भेजे जाने के बाद निर्वासित लोगों की अगली उड़ानों पर अस्थायी रोक लगा दी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस रोक को हटा दिया।

**इस मामले की सुनवाई टेक्सास में होनी चाहिएः** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई टेक्सास में होनी चाहिए, न कि वाशिंगटन में। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा इसलिए कहा, क्योंकि जिन वेनेजुएला के प्रवासियों को निर्वासित किया गया है, वह टेक्सास में हैं और उन्होंने अपने निष्कासन का मुकदमा वाशिंगटन में दायर किया था।

## कब्र में दफन महिलाओं की बॉडी से करता था रेप

**कराची एजेंसी।**
पाकिस्तान के कराची में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें 40 वर्षीय मोहम्मद सलीम नामक व्यक्ति को कब्रों से शव निकालकर उनके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले ने समाज को हिला कर रख दिया है और मानसिक स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, और नैतिकता पर सवाल उठाए हैं। पुलिस के अनुसार मोहम्मद सलीम ने कब्रिस्तान से महिलाओं के शव निकालकर उनके साथ बलात्कार किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा, जब एक रात कब्रिस्तान में पहरा दे रहे एक व्यक्ति ने संदिग्ध गतिविधियों को देखकर पुलिस को सूचित किया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्होंने आरोपी को शव के साथ रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी ने खुद अपने अपराध को स्वीकार कर लिया और बताया कि वह कब्र की हालत और ताजे फूलों के आधार पर तय करता था कि कब्र नई है या पुरानी। फिर वह शव निकालकर पहचान करता था कि वह महिला है या पुरुष, और उसके बाद अपराध करता था। कराची पुलिस की ओर से जारी किए गए एक वीडियो में आरोपी मोहम्मद सलीम अपने अपराध को स्वीकार करता है। उसने बताया कि वह कब्र के आसपास के ताजे फूलों और मिट्टी की स्थिति के आधार पर अनुमान लगाता था कि कब्र नई है या पुरानी। वह पैरों की ओर से कब्र खोदता था ताकि ऊपर से कोई न देख सके।

शव को निकालकर वह उसकी पहचान करता और अगर वह महिला होती तो अपराध करता। आरोपी ने यह भी बताया कि उसने ऐसा तीन बार किया है और पिछली बार जब वह ऐसा करने गया तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। नेक्रोफिलिया एक दुर्लभ मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति शवों के प्रति यौन आकर्षण महसूस करता है। इसे गंभीर मानसिक विकार माना जाता है और यह अधिकांश देशों में अपराध के रूप में दर्ज किया जाता है। पाकिस्तान में नेक्रोफिलिया के मामलों के लिए विशेष कानून नहीं है। हालांकि, कराची पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीर वायु संगीतकार हेतु रोजगार के अवसर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीर वायु (संगीतकार) भर्ती रैली (नई दिल्ली और बेंगलुरु में) योग्य अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है, जिनका जन्म 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियों सहित) के बीच हुआ हो। केवल पंजीकृत उम्मीदवार जिन्हें अस्थायी प्रवेश पत्र जारी किया गया है, उन्हें भर्ती रैली में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। तिथि, समय और स्थान अस्थायी प्रवेश पत्र में उल्लिखित होंगे। ऑनलाइन पंजीकरण 21 अप्रैल 2025 से 11 मई 2025 तक कर सकते हैं।

### इंडियन ऑयल ने किया मॉक ड्रिल का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट, बोकारो में अर्धवार्षिक मॉक ड्रिल मंगलवार को सफलता पूर्वक आयोजित की गई। यह ड्रिल टैंकर अनलोडिंग शेड में की गई, जिसमें एक आपातकालीन स्थिति



का अभ्यास किया गया। ड्रिल के दौरान, एक अनलोडिंग आर्म से एलपीजी रिसाव हुआ, जिससे स्थैतिक चार्ज के कारण आग लग गई। अग्निशमन दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले अग्निशामक यंत्रों का उपयोग कर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसके बाद स्प्रिंकलर प्रणाली और फायर मॉनिटर का उपयोग कर आग को पूरी तरह से नियंत्रण में लाया गया और बुझा दिया गया। इस मॉक ड्रिल में बीपीसीएल बॉटलिंग प्लांट, बीपीसीएल टर्मिनल और एचपीसीएल टर्मिनल के म्यूचुअल एड सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। इसके अलावा डालमिया सीमेंट और जिला अग्निशमन विभाग की फायर टेंडर टीमों ने भी हिस्सा लिया। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्री भगवान ओझा और मुख्य संयंत्र प्रबंधक श्री धीरज कुमार ने संपूर्ण अभ्यास की समीक्षा की और अग्निशमन दलों की तत्परता व समन्वित प्रयासों की सराहना की।

### हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित करेगा भव्य कार्यक्रम

श्री राममंदिर में होगा संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ




धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत विकास परिषद, धनबाद मुख्य शाखा ने 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम मंदिर, जोड़ा फाटक रोड, धनबाद में एक भव्य आयोजन, संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ के कार्यक्रमों के संदर्भ में गोल बिल्डिंग के समीप एक रेस्तरां में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष किशन गोयल ने बताया की इस कार्यक्रम के लिए धनबाद के प्रमुख सभी अखाड़ों, सभी प्रमुख सामाजिक संस्थाओं और चैंबर को निमंत्रित किया गया है और अभूतपूर्व हनुमान जन्मोत्सव मनाने का विचार है।संजय जैन ने बताया गया कि हनुमान जी के आशीष की आवश्यकता हम सब सनातनियों को है क्योंकि वह आज भी विद्यमान है। जिस प्रकार हनुमान जी ने श्रीराम की सभी कठिनाइयों का निवारण किया आज भी जब सनातन धर्म एक नए उत्साह के साथ विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है तो यह महत्वपूर्ण कार्य हनुमान जी की कृपा से ही संभव होगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख रूप से किशन गोयल अध्यक्ष, सुदीप चक्रवर्ती सचिव,पवित्र तुलस्यान कोषाध्यक्ष, योगेंद्र तुलस्यान ट्रस्टी, संजय जैन ट्रस्टी, रमेश रिटोलिया वरिष्ठ सदस्य,पंकज सिंह कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ पूर्वी पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे।

### किशोरी पियर्स लीडर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन

**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के टांगटोना पंचायत भवन में पियर्स लीडर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के संस्थापक प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि संस्था द्वारा प्रखंड के टांगटोना, खैराचातर



बगदा तथा दुर्गापुर में किशोरियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा उनके साथ होने वाली हिंसा को समाप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज टांगटोना पंचायत में संचालित सभी किशोरी क्लब की पियर्स लीडर्स को नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा आपसी शेयरिंग के माध्यम से सरकारी योजना तक पहुंच बनाने की जानकारी दी गई।

साथ हैं किशोरी तथा युवा महिलाओं के बीच होने वाली विभिन्न प्रकार की हिंसाओं को रोकने के लिए समन्वय बना कर कार्य करने पर बोल दिया गया सहयोगिनी की एनिमेटर रेखा देवी ने कहा की किशोरियों के बीच में लगातार बैठक का आयोजन किया जा रहा है। तथा उनके बीच होने वाली समस्या तथा दिक्कतों का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बाल विवाह घरेलू हिंसा छेड़छाड़ जैसी समस्याओं का समाधान के लिए संस्था लगातार प्रयासरत है जिसमें स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, धर्मगुरु, सामाजिक नेता,आंगनबाड़ी सेविका आदि की मदद ली जा रही है।

# 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम आयोजित






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 45 कार्मिकों को सेवानिवृत्ति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृत्ति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से 08 अप्रैल को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन - अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगुंतकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ श्री कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया. उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सुश्री दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से श्री जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उत्कर्ष बैंक के क्लस्टर हेड श्री चन्दन कुमार अरोड़ा के टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटिजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. सुश्री फिज़ा परवीन,ओ.सी.टी.(मानव संसाधन- अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया. कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया.

# सूचना तंत्र को मजबूत करें ताकि मादक पदार्थ बेचने वालों की मिले जानकारी : एडीएम

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन (एनकोर्ड) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एडीएम ने सभी विभागों को सूचना तंत्र मजबूत कर पान गुमटी के आसपास गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले की सूचना पुलिस को देने, कोटपा 2003 अभियान में पुलिस फोर्स को लेकर अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर लोगों को नशा से दूर रहने के लिए जागरूक करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान ग्रामीण



एसपी श्री कपिल चौधरी ने कहा कि जिले में कहीं भी अफीम की खेती होने की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को जानकारी दे। जानकारी होने के बाद भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा सूचना नहीं देना गुनाह है। एनकोर्ड में इसमें 6 महीने की सजा का प्रावधान है। बैठक में एडीएम ने नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों व युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नशीली वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया।

# बोकारो रेलवे स्टेशन पर अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल अंतर्गत बोकारो रेलवे स्टेशन पर एक अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य रेलवे के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को आग लगने की आपात स्थिति में सुरक्षित, त्वरित और प्रभावी कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोकारो स्टेशन पर कार्यरत विभिन्न विभागों जैसे कि सीटीआई कार्यालय, बुकिंग कार्यालय, पूछताछ कार्यालय, सीसीआई, सीसीटीएस एवं स्टेशन मास्टर कार्यालय से अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को अग्निशमन यंत्रों के प्रकार, उनके उचित उपयोग, आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक उपाय, नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत आवश्यक कदम एवं सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण कार्यक्रम सुरक्षा संगठन की देखरेख में आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षित सिविल डिफेन्स कर्मियों द्वारा व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दोनों प्रकार का मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने विभिन्न प्रकार की आग और उससे निपटने की तकनीकों का प्रदर्शन कर कर्मचारियों को व्यवहारिक अनुभव प्रदान किया। इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल कर्मचारियों की आपात स्थिति में प्रतिक्रिया देने की क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि रेलवे परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। इस प्रकार के कार्यक्रम मंडल के विभिन्न स्टेशनों पार आगे भी जारी रहेगी।

# संपर्क पथ को लेकर ग्रामीणों एवं दूसरे पक्ष में हुआ विवाद

**डीसी-एसपी की सूझबूझ से टला टकराव, स्थिति नियंत्रण में**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नावाडीह थाना अंतर्गत खुंटा मौजा में ग्रामीणों एवं दूसरे पक्ष के 02 डेसिमल एप्रोच पथ को लेकर हुए विवाद की जानकारी प्राप्त होते ही सोमवार देर रात स्वयं डीसी विजया जाधव एवं एसपी मनोज स्वर्गियारी ने घटनास्थल पहुंच मामले की जानकारी ली। इससे पूर्व, एसडीओ- एसडीपीओ/बीडीओ - सीओ/थाना प्रभारी ने पंचायत समिति के सदस्यों, मुखिया आदि ने सुझ-बुझ से मामले को शांत कराया। मामले में एक पक्ष के व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है एवं उनके परिवार के सदस्यों को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। द्वय पदाधिकारियों ने दोनों पक्षों से मामले की विस्तृत जानकारी ली। विवादित भूमि से संबंधित दस्तावेज की जांच की और संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। देर रात से ही मौके पर एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ एवं एसडीपीओ बेरमो वी एन सिंह समेत बीडीओ - सीओ एवं आसपास के थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस बल मौजूद हैं। वर्तमान समय में पूरे क्षेत्र की स्थिति सामान्य है। मौके पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। जानकारी हो कि विवादित भूमि स्थल से किसी तरह से कोई झंडा उखाड़ा नहीं गया है और ना ही यह मामला रामनवमी पर्व से संबंधित है। पूरी स्थिति पर डीसी-एसपी स्वयं निगरानी बनाएं हुए हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से शांति बनाएं रखने एवं विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग करने का अपील किया है।

## तनाव के मद्देनजर संबंधित क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मौजा खुंटा, थाना नं0-47, थाना-नावाडीह, जिला-बोकारो के खाता सं0-04, प्लॉट सं0-387 रकवा 04 डी. पर भूमि विवाद रहने के कारण लोगों में आपसी तनाव एवं विधि व्यवस्था तथा शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है। इसके मद्देनजर अनुमण्डल पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) मुकेश मछुआ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नावाडीह थानान्तर्गत मौजा खुंटा, थाना नं0-47, थाना-नावाडीह, जिला-बोकारों के खाता सं.-04, प्लॉट सं.-387 रकवा 04 डी., मंदिर का चाहरदीवारी एवं सामुदायिक भवन के बीच में तथा फारूक अंसारी के दोनों घर के बीच वाला जमीन तथा मुख्य मार्ग से मंदिर के चाहरदीवारी के बगल से सामुदायिक भवन तक में निम्नांकित कार्यों एवं गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु निषेधाज्ञा (धारा 163) लागू किया है।

(1) पाँच अथवा पाँच से अधिक की संख्या में व्यक्तियों के एक साथ उक्त क्षेत्र में एकत्रित होना, भ्रमण करना तथा भीड लगाना वर्जित होगा।

(2) किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई अग्नेयास्त्र अथवा परम्परागत हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, फरसा, बरछा, तलवार, तीर-धनुष इत्यादि कोई भी हथियार लेकर चलना, भ्रमण करना, प्रदर्शन अथवा उसका व्यवहार किया जाना पूर्णतः वर्जित होगा।

(3) निषेध क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के साथ अथवा बिना किसी अस्त्र-शस्त्र के भी किसी प्रकार का कोई जुलुस, रैली, सभा, धरना एवं प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन किया जाना वर्जित होगा।

(4) प्रतिबंधित क्षेत्र के अन्तर्गत संबंधित व्यक्तियों/ कर्मचारियों/ पदाधिकारियों/दण्डाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों / पुलिस बलों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों अवांछित रूप से भ्रमण करने पर पूर्णतः रोक रहेगी।

(5) किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर उक्त घटना को लेकर ऐसा कोई आपत्ति जनक, भड़काऊ तथा सामप्रदायिक उन्माद उत्पन्न करने वाला संवाद या लेख पोस्ट नहीं किया जाएगा। उक्त आदेश दिनांक 08 अप्रैल को रात्रि 12:00 बजे से स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेगा।

# गोविंदपुर अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक को शोकोज

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी। जनता दरबार में झरिया की एक महिला ने बताया कि विगत कुछ वर्षों से कालीमेला स्थित पीडीएस डीलर द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है। पूछने पर डीलर ने बताया कि उनका राशन कार्ड बंद कर दिया गया है। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि उनके राशन कार्ड में डीलर ने किसी अन्य व्यक्ति का आधार सीडिंग कर दिया है। जिससे महिला के राशन कार्ड पर हर महीने कोई गलत व्यक्ति द्वारा राशन उठाया जा रहा है।



एडीएम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गोविंदपुर से आए एक व्यक्ति ने एडीएम को बताया कि वह कोलकाता में नौकरी करता है। जयनगर मौजा में उनकी जमीन का अधीग्रहण किया गया है। जिसका मुआवजा वर्षों से लंबित है। एडीएम ने तुरंत अंचल अधिकारी गोविंदपुर को फोन किया। अंचल अधिकारी ने बताया कि 4 दिन पहले ही सारी प्रक्रिया पूरी कर कागजातों को भू-अर्जन कार्यालय भेज दिया है। जबकि भू-अर्जन कार्यालय ने बताया कि अब तक कागजात प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके बाद एडीएम ने पुनः अंचल अधिकारी को फोन किया, तब पता चला कि अंचल के प्रधान लिपिक ने फाइल को रोक रखा है। इस पर एडीएम ने प्रधान लिपिक को शोकोज करने और शीघ्र पीड़ित व्यक्ति को भुगतान कराने का निर्देश दिया। ऐसा ही एक दूसरा मामला कतरास से आया। कतरास से आए व्यक्ति ने बताया कि राजगंज से लोहापट्टी एनएच 32 निर्माण में उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। परंतु अब-तक मुआवजा नहीं मिला है। एडीएम ने बाघमारा के अंचल अधिकारी से फोन पर बात कर शीघ्र मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया।

वहीं गोविंदपुर के नगरकियारी स्थित भंडारडीह से आई महिला ने बताया कि अबुआ आवास लिस्ट में उनका नाम 11 वें नंबर पर है। परंतु ग्राम सभा में पंचायत सचिव ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया। एडीएम ने गोविंदपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को अयोग्य घोषित करने का आधार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में मैथन पावर लिमिटेड में वर्षों से काम करने के बाद काम से हटा देने, 9 महीने से सर्टिफाइड कॉपी उपलब्ध नहीं कराने, महावीर नगर में नाली निर्माण कराने, बीसीसीएल द्वारा ब्लास्टिंग करने से मकान क्षतिग्रस्त होने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे ।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण प्रदर्शनी एवं पोषण शपथ दिलायी गयी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश के सुनहरे भविष्य के लिए बच्चे, युवा एवं महिलाओं का स्वास्थ्य अच्छा होना अति आवश्यक है ताकि भविष्य में वही बच्चे, युवा बेहतर मानव संसाधन के रूप में परिणत हो सके और देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यतानुसार सेवा दे सकें। इसी क्रम में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आज से प्रारंभ पोषण पखवारा 22 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण प्रदर्शनी एवं पोषण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं लाभार्थियों को पोषण के बारे में विस्तार से बताया गया एवं विभिन्न केंद्रों पर प्रदर्शनी भी किया गया। ज्ञातव्य हो कि पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित किये जाएंगे। इसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, सूचना जनसंपर्क विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जेएसएलपीएस शामिल हैं, सभी समन्वय के साथ गतिविधि/कार्यक्रम आयोजित करेंगें। कार्यक्रम को एक जन आंदोलन का रूप देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिसमें पोषण रथ रवाना किया जाना, साइकिल रैली, पोषण प्रदर्शनी आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम अन्नप्रासन कार्यक्रम, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु देखभाल और पोषण सुनिश्चित करने के कार्यक्रम विभिन्न स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। पोषण पखवाड़ा के तहत जिला स्तर से लेकर प्रखंड, पंचायत एवं गांव स्तर पर विभिन्न गतिविधि/कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य थीम जीवन के पहले हजार दिवस का महत्व, लाभार्थी माड्यूल को लोकप्रिय बनाना, सामुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन राज्य भर में राल आउट एवं बच्चों में मोटापे को नियंत्रण करने हेतु स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाना है।

# सीपीआई (एमएल) ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मजदूर किसान बेरोजगारों की मांग को लेकर आज पूरे देश भर में सीपीआई (एमएल) की तरफ से केंद्र सरकार के खिलाफ प्रोटेक्ट डे का आयोजन किया गया। इस प्रोटेस्ट के द्वारा से डीसी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौपा गया। इस इस प्रोटेस्ट में महिला पुरुष सहित मजदूर और किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नई श्रम कानून को वापस लेने पूर्व के पान अधिकार कानून को लागू करने किसानों को एमएसपी देने और बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग गई। मीडिया से बात करते हुए यूनियन लीडर डीसी गोहाई ने बताया कि हम लोग आज ऑल इंडिया प्रोटेस्ट दे को लेकर डीसी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंप रहे है।हमारी मांगों पर जल्द अगर कोई पहल नहीं होती है तो देश में इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा।




# ईएसएल ने विकासोन्नमुखी, समावेशी और बेहतरीन प्रदर्शन किया : रवीश शर्मा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईएसएल ने वित्त वर्ष 25 के समापन समारोह में प्रगति और लोगों को प्राथमिकता देने वाली पहलों के विकासोन्मुखी वर्ष का जश्न मनाया। जिसमें आकर्षक गतिविधियों और व्यवसाय, सामाजिक और कर्मचारी जुड़ाव क्षेत्रों में उपलब्धियों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्टूडियो घिबली की दुनिया से प्रेरित एक रचनात्मक रूप से गतिविधि ह्यअपने नेता को जानेंह्न थी, जिसने मुस्कान, हँसी और कर्मचारियों और नेतृत्व के बीच एक गहरा संबंध स्थापित किया। एक प्रेरक ए वी प्रस्तुति भी पेश की गई, जिसमें वित्त वर्ष 25 के मील के पत्थर और महत्वपूर्ण क्षणों को दशार्या गया।

**समुदायों में परिवर्तनकारी बदलाव लाना**

वित्त वर्ष 25 में ईएसएल के सीएसआर प्रयासों ने सकारात्मक बदलाव किए हैं। सशक्तिकरण, कौशल निर्माण और आजीविका सृजन पर केंद्रित कई पहलों के माध्यम से 85,437 से अधिक व्यक्तियों को प्रभावित किया है। ईएसएल ने अपनी प्रभावशाली सामाजिक पहलों के माध्यम से सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 2,784 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया गया, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता और सामुदायिक नेतृत्व मिला। इसके साथ ही, 1,941 युवाओं को उद्योग-संबंधित कौशल में प्रशिक्षित किया गया, जिससे



74.56% की प्रभावशाली नौकरी प्लेसमेंट दर प्राप्त हुई। कंपनी ने उद्यम प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 500 किसानों का भी समर्थन किया, जिसके परिणामस्वरूप 100% जुड़ाव दर हुई और कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, 50 युवा एथलीटों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार किया जा रहा है, जो समग्र और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ईएसएल के पुरस्कार और प्रशंसा ईएसएल को वित्त वर्ष 2025 में गुणवत्ता, स्थिरता और समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से मान्यता मिली। कुछ प्रमुख मान्यताओं में ईएसएल को हैप्पीनेस एंड वेल-बीइंग अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाना शामिल है, जिसे खुशहाल जगहों में से एक नामित किया गया है। इसके प्रभावशाली सामुदायिक प्रयासों ने सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल पहल (कॉर्पोरेट) के लिए भारतीय सीएसआर पुरस्कार 2024 अर्जित किया, जबकि विविधता और समावेशन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को सीआईआई एक्सीलेंस इन वूमेन इन एसटीईएम 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, ईएसएल ने 65 उद्योगों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए सीआईआई एनकॉन अवाड्र्स में दूसरा रनर-अप का स्थान हासिल किया। कंपनी की एचआर प्रथाओं को एचआर उत्कृष्टता के लिए मजबूत प्रतिबद्धता के लिए सीआईआई एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वित्त वर्ष 25 की उपलब्धियों पर बोलते हुए, ई एस एल के डिप्टी सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक, रवीश शर्मा ने कहा, "वित्त वर्ष 25 उद्देश्य, लोगों और दृढ़ता की शक्ति का प्रमाण था। प्रभावशाली सामाजिक पहलों को आगे बढ़ाने से लेकर एक संपन्न कार्यस्थल संस्कृति बनाने तक, हमें एक जिम्मेदार और समावेशी संगठन के रूप में हमने जो प्रगति की है, उस पर हमें गर्व है। जैसे-जैसे हम अपनी यात्रा जारी रखते हैं, हम मजबूत समुदायों के निर्माण, व्यक्तियों को सशक्त बनाने और एक ऐसे कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ उत्कृष्टता और सहानुभूति साथ-साथ चलती है।" ई एस एल जीवन को बदलने, समुदायों को ऊपर उठाने और परिचालन उत्कृष्टता और समावेशी विकास में उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करने के अपने मिशन में प्रतिबद्ध है।

## बाइक सवार युवकों ने महिला से छिने एक लाख रुपए

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिंदरी में बैंक ऑफ इंडिया से पैसे निकाल कर घर लौट रही महिला से एक लाख रुपए की छिनतई हो गयी। इस दौरान बाइक सवार युवकों ने महिला को धक्का दे दिया। इससे वह गिर गयी। इसके बाद रुपए से भरा थैला लेकर बाइक सवार फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है, बेटे की शादी के लिए महिला पैसे निकालने बैंक गयी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला : सिंदरी थाना के एसआई सतीश कुमार महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बैंक का सीसीटीवी फुटेज खंगाला। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार लुटेरे दिखे हैं। छानबीन के बाद लुटेरों का शीघ्र पता चल जाएगा। पीड़िता ने बताया कि बेटे की शादी के लिए रुपए निकालने गयी थी । उसके पति नहीं हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK